




# दैनिक शुभ भास्कर

हर कदम आपके साथ...

झांसी उत्तर प्रदेश, उदयपुर, राजस्थान, मध्यप्रदेश, भोपाल, बिहार, दरभंगा, पटना, भागलपुर, सिलीगुड़ी, रांची, झारखंड से एक साथ प्रकाशित

• वर्ष : 1 • अंक : 140 • नई दिल्ली, शनिवार, 26 अगस्त 2023 • पृष्ठः 12 • मूल्य : 04 रुपये RNIUP HIN/2015/64737




3 कोसी नदी में जलस्तर बढ़ने से तटबन्ध के अंदर बसे....

# जातीय गणना पूरी, सभी जातियों की आर्थिक स्थिति जानना जरूरी : नीतीश

**जागृति संवाददाता। पटना**

बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने जातीय गणना को लेकर शुक्रवार को बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि जातीय गणना का काम पूरा हो चुका है। जातीय गणना के बाद राज्य सरकार हैसियत के अनुसार सहयोग भी करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये निजी कार्यक्रम नहीं था, सभी पार्टियों की बैठक में तय हुआ था। सभी दल इसके सपोर्ट में हैं। किसी भी जाति-धर्म के लोगों की आर्थिक स्थिति को जानना जरूरी है। सर्वे का काम पूरा हो चुका है। सर्वे का आंकड़ा तैयार किया जा रहा है। इसे जल्द जारी किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने भी रोका नहीं है। सिर्फ संख्या की घोषणा नहीं होगी। इसके अलावा सारी जानकारी होगी। सॉलिसिटर जनरल की ओर से सुप्रीम कोर्ट में अपना पक्ष रखे जाने का कोई मतलब नहीं है।

वहीं महागठबंधन में कई राज्यों को मिलाकर संयोजक बनाए जाने के लालू के बयान पर कहा कि अगली बैठक 1 सितंबर को होगी जहां हमलोग मिल बैठकर सब तय कर लेंगे। सीएम-डिप्टी सीएम पूर्व सीएम बीपी मंडल के जंयती पर श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे। जहां मीडिया से बात करते हुए ये बातें कही।

**राज्यपाल से कोई विवाद नहीं** - मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शिक्षक बहाली को लेकर कहा है कि शिक्षक बहाली बहुत अच्छे से हो रहा है। सभी के हित में काम हो रहा है। वहीं कुलपति की नियुक्ति को लेकर राज्यपाल से टकराव पर उन्होंने कहा कि राज्यपाल से भी हमारी बात हुई है। कहीं कोई विवाद नहीं है। विश्वविद्यालय में जो भी सीट खाली हुई है। उस पर बहाली होगी।



## केंद्र अड़ंगा लगा रही- विजय चौधरी

जातीय गणना को लेकर एक सवाल के जवाब में वित्त मंत्री विजय चौधरी ने कहा है कि जातीय गणना डेटा जारी किया जाएगा। आरक्षण के दायरे में बदलाव के लिए केंद्र सरकार पर दवाब बढ़ सकता है। अन्य राज्यों और देश स्तर पर जातिगत गणना की मांग उठी है। उन्होंने कहा है कि



जातीय गणना की सुनवाई में सॉलिसिटर जनरल का आना शंका पैदा कर रहा है। क्या बीजेपी ने साजिश के तहत जाति आधारित गणना पर सहमति दी थी। सॉलिसिटर जनरल के कारण सुनवाई एक हफ्ते टल गई। केंद्र किसी न किसी रूप में अड़ंगा डालना चाहती है।

## विपक्षी एकता पर क्या बोले सीएम

विपक्षी एकता का जिक्र करते हुए सीएम ने कहा कि महागठबंधन फूंक-फूंक कर चल रही। कोई भी जानकारी मीडिया में साझा करना नहीं चाहती। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बताया कि मुंबई की बैठक में हम लोग 31 तारीख को जाएंगे। एक सितम्बर को बैठक होगी। उन्होंने बैठक की बात बाहर कुछ कहने से इनकार किया। सीएम नीतीश ने कहा कि यह ठीक नहीं हैं। उन्होंने बताया कि पटना में भी बैठक हुई। हम चाहते हैं कि सब एकजुट हों। दूसरी बैठक बेंगलुरु में हुई। अब तीसरी की बारी है।

## ख़ास ख़बर

### तेलंगाना में भूकंप के झटके महसूस किए गए



**हैदराबाद** । तेलंगाना के वारंगल से 127 किमी पूर्व में शुक्रवार को भूकंप के मध्यम झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 3.6 तीव्रता मापी गयी। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) के अनुसार भूकंप आज सुबह लगभग 04:43 बजे राज्य के वारंगल से 127 किलोमीटर पूर्व में भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केन्द्र 18.04 अक्षांश और 80.80 देशांतर पर तथा सतह से में 30 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था।भूकंप से किसी तरह के जानमाल के नुकसान की कोई रिपोर्ट नहीं है।

### मणिपुर के मुख्यमंत्री दिल्ली में, शाह से मिले



**नई दिल्ली**। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने यहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और राज्य की स्थिति पर चर्चा की, जहां जातीय हिंसा हुई थीं। यह बैठक गुरुवार रात को हुई। सूत्रों ने बताया कि बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने गृह मंत्री को मौजूदा स्थिति से अवगत कराया और संघर्षग्रस्त राज्य से संबंधित कई मुद्दों पर भी चर्चा की। सूत्रों ने बताया कि सिंह ने शाह को विस्थापित लोगों के पुनर्वास के लिए सरकार द्वारा की गई विभिन्न पहलों से भी अवगत कराया। सिंह ने बैठक से पहले संवाददाताओं से कहा, "राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति में सुधार हो रहा है। मैं यहां गृह मंत्री से सलाह लेने आया हूं।" अधिकारियों ने बताया कि सिंह अपने कुछ कैबिनेट सहयोगियों और पार्टी विधायकों के साथ गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी पहुंचे। सूत्रों ने यह भी बताया कि शाह जल्द ही राज्य के नागरिक समाज संगठनों के साथ बैठक कर सकते हैं। मणिपुर में 3 मई को जातीय संघर्ष भड़क उठा और तब से अब तक सैकड़ों लोगों की जान जा चुकी है जबकि हजारों लोगों को राहत शिविरों में शरण लेने के लिए मजबूर होना पड़ा है। विपक्षी कांग्रेस मौजूदा स्थिति के लिए भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहरा रही है और बीरेन सिंह को बर्खास्त करने की मांग कर रही है।

### राहुल का भाजपा को हराने का दावा



**नई दिल्ली**। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने अगले वर्ष 2024 में होने वाले लोक सभा चुनाव में भाजपा को हराने का दावा किया है। राहुल गांधी के दावे पर पलटवार करते हुए भाजपा ने एक बार फिर से वंशवाद की याद दिलाते हुए गांधी परिवार और कांग्रेस को मजबूर करार दिया है। भाजपा ने अपने आधिकारिक एक्स (पहले ट्विटर ) अकाउंट पर शेयर किए गए एक पोस्टर में एक तरफ इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, सोनिया गांधी और राहुल गांधी की तस्वीर लगाकर उन्हें वंशवाद से प्रेरित और मजबूर बताया है तो वहीं इसी पोस्टर के दूसरी तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर लगाकर उन्हें राष्ट्रवाद से ओतप्रोत और मजबूत बताया है। भाजपा ने इस पोस्टर के जरिए गांधी परिवार पर निशाना साधते हुए यह भी कहा है कि, "मजबूर बनाम मजबूत।

### अफसरों की ट्रांसफर पोस्टिंग मामले में SC पहुंची दिल्ली सरकार, केंद्र से मांगा जवाब

**नई दिल्ली**। केंद्र सरकार के दिल्ली सेवा (विधेयक) कानून के खिलाफ आम आदमी पार्टी (AAP) की सरकार सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई है। दिल्ली सरकार की याचिका पर कोर्ट ने उस याचिका को संशोधित करने की अनुमति दे दी है, जिसमें उसने 19 मई के सेवा अध्यादेश की वैधता को चुनौती दी थी। सेवा अध्यादेश अब कानून बन चुका है। केंद्र के नए NCTD (संशोधन) कानून, 2023 संसद के दोनों सदनों से पास हो चुका है और राष्ट्रपति से भी इसकी मंजूरी मिल गई है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी की दलीलों पर ध्यान दिया कि पहले चुनौती अध्यादेश के खिलाफ थी, जो अब संसद से मंजूरी के बाद कानून बन गया है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने याचिका में संशोधन की अनुमति दे दी, क्योंकि केंद्र ने कहा कि उसे इस पर कोई आपत्ति नहीं है। पीठ ने संशोधित याचिका पर अपना जवाब दाखिल करने के लिए केंद्र को चार सप्ताह का समय दिया।

# प्रधानमंत्री मोदी को ग्रीस का दूसरा सबसे बड़ा सम्मान

**हम पुराने दोस्तों की तरह एक-दूसरे को समझते हैं; 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार दोगुना करेंगे : पीएम**

**एजेंसी। एथेंस**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक दिन के दौरे पर ग्रीस पर हैं। यहां दोनों देशों के बीच डेलिगेशन लेवल की बातचीत हुई। इसके बाद जॉइंट स्टेटमेंट में PM ने कहा- हम पुराने दोस्तों की तरह एक-दूसरे को समझते हैं। हम 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार दोगुना करेंगे। PM ने ग्रीस के जंगलों में लगी आग में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी। वहीं राष्ट्रपति कैटरीना सकेलारोपोउलो ने PM मोदी को सेरिमोनियल वेलकम दिया। उन्हें ग्रीस के दूसरे सर्वोच्च सम्मान 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ ऑनर' से सम्मानित किया गया। मोदी ने कहा- मैं इस सम्मान के लिए राष्ट्रपति, ग्रीस की सरकार और लोगों को धन्यवाद देता हूं। यह ग्रीस के लोगों का भारत के प्रति आदर भाव दर्शाता है।

**दोनों देशों का जॉइंट स्टेटमेंट**- ग्रीस के प्रधानमंत्री ने कहा- मोदी मेरे दोस्त हैं। कहा जाता है कि 1+1 = 11 भी होते हैं। यहां हम दोनों देशों के बीच दोस्ती की मिसाल कायम करना चाहते हैं। एक देश अगर दुनिया की सबसे बड़ी डेमोक्रेसी है तो दूसरा दुनिया का पहला लोकतंत्र। चंद्रयान-3 मिशन की कामयाबी के लिए भारत को बधाई। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- दोनों





देशों के बीच ऐतिहासिक रिश्ते हैं। आज वक्त की जरूरत के मुताबिक- हम डिफेंस, सिक्योरिटी, इन्फ्रास्ट्रक्चर, एजुकेशन और स्किल डेवलपमेंट जैसे अहम सेक्टर्स में साथ काम कर सकते हैं। दोनों देशों के बीच NSA लेवल की बातचीत भी शुरू होगी।

**भारतीय समुदाय ने मोदी का स्वागत किया** - एथेंस पहुंचे PM मोदी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। एयरपोर्ट के बाहर भारतीय मूल के लोगों ने उनका ढोल-नगाड़ों के साथ स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने 'टॉम्ब ऑफ अननोन सोल्जर' पर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। भारतीय समुदाय ने मोदी को ग्रीस का पारंपरिक मुकुट भी पहनाया, जिसे हेड्रेस कहा जाता है। इससे पहले PM मोदी शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे एक दिन के दौरे पर यूरोपीय देश ग्रीस की राजधानी एथेंस पहुंचे थे। यहां एयरपोर्ट पर विदेश मंत्री जॉर्ज जेरापेट्रिटिस ने उन्हें रिसीव किया था। ग्रीस काफी समय से भारत की ब्रह्मोस क्रूज मिसाइल को खरीदने में दिलचस्पी दिखाता रहा है। ऐसे में PM मोदी के दौरे पर ग्रीस को ब्रह्मोस मिसाइल मिलने पर डील हो सकती है।

**PM मोदी भारतीय मूल के लोगों को संबोधित करेंगे** - दोनों देशों के बीच ट्रेड, टेक्नोलॉजी से लेकर डिफेंस को-ऑपरेशन पर चर्चा की जाएगी। PM को सेरेमोनियल रेसेप्शन दिया जाएगा। वो ग्रीस के प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोताकिस से मुलाकात करेंगे। मोदी ग्रीस के PM की तरफ से रखे गए बिजनेस लंच में शामिल होंगे। वो ग्रीस की मशहूर हस्तियों से भी मुलाकात करेंगे। इसके बाद वो भारतीय मूल के लोगों को संबोधित करेंगे। ग्रीक सिटी टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक PM मोदी के साथ 12 भारतीय बिजनेसमैन भी एथेंस पहुंचे हैं। इनकी मुलाकात ग्रीस के बिजनेसमैन से कराई जाएगी।

# चांद के बाद अब मंगल पर यान उतारने की है हमारी योजना : एस.सोमनाथ

**एजेंसी। बेंगलुरु**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) प्रमुख एस.सोमनाथ ने चंद्रयान-3 की सफलता का श्रेय सभी वैज्ञानिकों को दिया है। उन्होंने मिशन पूरा होने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि हमने इस उपलब्धि को हासिल करने के लिए बेहद कष्ट और पीड़ा सही। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले वर्षों में इसरो का यान इसी तरह मंगल ग्रह पर भी उतरेगा। इसरो प्रमुख सोमनाथ ने कहा कि चंद्रयान-3 की सफलता इसरो नेतृत्व और वैज्ञानिकों की पीढ़ियों की मेहनत का नतीजा है और यह सफलता 'बहुत बड़ी और 'प्रोत्साहित करने वाली है। उन्होंने कहा कि चंद्रमा की यात्रा कठिन है और प्रौद्योगिकी क्षमता हासिल करने के बावजूद आज किसी भी देश के लिए किसी खगोलीय पिंड पर यान को सफलतापूर्वक उतारना मुश्किल कार्य है। इसरो प्रमुख ने कहा कि भारत ने यह सफलता केवल दो मिशन में हासिल कर ली है। चंद्रमा पर यान उतारने की पहली कोशिश मिशन चंद्रयान-2, अंतिम समय में असफल रहा था जबकि चंद्रयान-3 मिशन पूरी तरह से सफल हुआ। चंद्रयान-1 का उद्देश्य केवल मानव रहित अंतरिक्ष यान को चंद्रमा की कक्षा में स्थापित करना था। सोमनाथ ने कहा कि यह चंद्रयान-3 मिशन की सफलता हमारा न केवल चंद्र मिशन के लिए आत्मविश्वास बढ़ाएगी बल्कि यह मंगल तक जाएगी। एक समय मंगल ग्रह पर सॉफ्ट लैंडिंग होगी और हो सकता है कि भविष्य



में शुक्र ग्रह और अन्य ग्रहों पर भी, यह कोशिश हो। उन्होंने कहा कि चंद्रयान-3 कठिन मिशन है और हम इसके लिए बहुत ही पीड़ा और कष्ट से गुजरे। इसरो प्रमुख ने बताया कि चंद्रयान-2 के लिए काम करने वाले अहम वैज्ञानिक चंद्रयान-3 की टीम का भी हिस्सा थे। उन्होंने कहा ज्यादातर लोग जो चंद्रयान-2 के साथ थे, वे हमारे साथ हैं और चंद्रयान-3 में हमारी मदद कर रहे हैं। वे इसका हिस्सा हैं, वे इतनी पीड़ा से गुजरे हैं। इसरो प्रमुख सोमनाथ बताया कि यह वैश्विक स्तर के उपकरणों के साथ पूरी तरह से 'मेक इन इंडिया मिशन था। उन्होंने कहा कि चंद्रयान-3 में हमारे पास जो प्रौद्योगिकी है, वह चंद्रमा पर जाने वाली किसी भी अन्य प्रौद्योगिकी से कम जटिल या कमतर नहीं है। हमारे पास चंद्रयान-3 में दुनिया के सबसे अच्छे सेंसर, अपनी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ उपकरण हैं।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत,घर में पसरा मातम

**रवि प्रकाश, बिक्रमगंज (रोहतास)**। स्थानीय थाना क्षेत्र के शिवपुर पंचायत के मठिया गांव समीप सड़क दुर्घटना में एक युवक मौत हो गई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मृतक युवक बिक्रमगंज नगर परिषद क्षेत्र के आरा रोड़ स्थित निवासी भरत साह का 25 वर्षीय पुत्र पिंटू कुमार बताया जाता है। जो शुक्रवार को भोजपुर जिला के हसनबाजार से किसी कार्य के लिए अपनी हीरो बाइक से गया हुआ था। जिसे पूरा कर वह अपने घर बिक्रमगंज के लिए लौट रहा था। इसी क्रम में देर शाम करीब 7 बजे बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के शिवपुर पंचायत के मठिया गांव समीप मुख्य आरा-सासाराम मुख्य



सड़क पर विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार स्कार्पियो ने उसे सामने से जोरदार टक्कर मार दी। जिस घटना में बाइक सवार चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वही घटना को अंजाम देकर स्कार्पियो चालक फरार हो गया। वही घटना की खबर सुनते ही स्थानीय ग्रामीण लोगों की घटना स्थल पर भीड़ उमड़ पड़ी। जबकि मृतक के परिजनों को घटना की खबर मिलते ही घर में मातम मच गया। घटना के बाद माता-पिता सहित पत्नी सदमे में डूब गए है। बताया जाता है कि मृतक पिंटू की शादी करीब 3 साल पूर्व ही हुई थी। जिसके दो मासूम बच्चे भी है। दूसरी तरफ स्थानीय पुलिस को सूचना मिलते ही घटना स्थल पहुंच शव को कब्जे में लेते हुए कानूनी प्रक्रिया कर शव को पोस्टमार्टम हेतु जिला सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया था।

## जंगली बंदरों के आतंक से वाल्मीकि नगर में सहमें ग्रामीण, झुंड़ ने तीन लोगों को काटकर किया जख्मी

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बगहा**। पुलिस जिला के वाल्मीकि नगर थाना क्षेत्र के तीन अलग-अलग जगहों पर, तीन लोगों को जंगली बंदरों के झुंड ने हमला करके काट-काट कर बुरी तरह जख्मी कर दिया है। समाचार के मुताबिक पहली घटना वाल्मीकि नगर थाना क्षेत्र के तीन नंबर पहाड़ के ऊपरी शिविर निवासी माधुरी सिन्हा, उम्र लगभग 60 वर्ष, पति सतीश चंद्र सिन्हा की है। दुसरी घटना वाल्मीकि नगर थाना क्षेत्र के



टिना सेड निवासी खुशी कुमारी, उम्र लगभग 17 वर्ष, पिता नथु साह की है। वहीं तिसरी घटना वाल्मीकि नगर थाना क्षेत्र के भेडिहारी गांव निवासी रामनारायण महतो, पिता भोला महतो की है, जिन्हें जंगली बंदरो के झुंड ने हमला बोल काट-काट कर बुरी तरह से जख्मी कर दिया है। आनन-फानन में उक्त सभी के परिजनों द्वारा वाल्मीकि नगर स्थित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया, जहाँ चिकित्सक डा. विकास कुमार ने उक्त तीनों का उपचार किया है। उन्होंने बताया कि सभी घायलों की हालत खतरे से बाहर है। ग्रामीणों ने वन विभाग से बंदरों से निजात दिलाने की मांग की है।इस सन्दर्भ में घायलों के परिजनो ने बताया कि उन पर जंगली बंदर के झुंड ने हमला बोल काट-काट कर बुरी तरह से जख्मी कर दिया।

## झामुमो नेता दिनेश्वर किस्कु ने मधुपुर थाने में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के खिलाफ दर्ज कराया एफ आई आर

**दैनिक शुभ भास्कर, मो असलम, मधुपुर/ देवघर**। झामुमो के वरिष्ठ नेता दिनेश्वर किस्कु ने बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के खिलाफ मधुपुर थाने में एफआईआर दर्ज कराया है। थाने में लिखित आवेदन दिया है कि बाबूलाल मरांडी ने शिबू सोरेन और सीएम हेमंत सोरेन के खिलाफ आपत्तिजनक और घृणित शब्दों का प्रयोग किया है। एफ आई आर में आरोप लगाया गया है कि भाषण और सोशल मीडिया के माध्यम से विद्वेष फैलाने और राजनीतिक लाभ लेने के लिए सोरेन परिवार पर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने घृणित शब्दों का प्रयोग किया है। सोशल मीडिया पोस्ट का जिक्र करते हुए एफ आई आर के मुताबिक, कथित तौर पर 16 अगस्त को बाबूलाल मरांडी के द्वारा फॉलोअप झारखंड के एक फेसबुक हैंडल पर एक पोस्ट शेयर किया गया। इस पोस्ट में सोरेन परिवार को पैदाइशी गड़बड़ और लुटेरा कहा गया है। झामुमो नेता दिनेश्वर किस्कु ने बाबु लाल मरांडी के खिलाफ IPCकी धारा 500, 504, 505 एवं अन्य सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है।

**सफलता** रतनमाला उपद्रव मामले में डिप्टी सीएम तेजस्वी के ट्वीट पर गरमाई है राजनीति

# चंद्रयान-3 की सफलता व बगहा में महावीरी जुलूस में हुए झड़प को लेकर बीजेपी कार्यालय में प्रेस वार्ता

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बेतिया,**नगर परिषद बगहा के रतनमाला में नागपंचमी के दिन हुए उपद्रव मामले में डिप्टी सीएम तेजस्वी के ट्वीट पर राज्यसभा सांसद ने सफाई देते हुए उनपर ओछी मानसिकता का आरोप लगाया। गौरतलब हो कि तेजस्वी ने 22 अगस्त को ट्वीट करते हुए आरोप लगाया था की बगहा में एक पूर्व सांसद खुद को सेट कर रहा है और मोतिहारी में वर्तमान सांसद अपना माहौल बना रहा है। जिसके बाद राज्य सभा सांसद ने प्रेस कांफ्रेंस कर तेजस्वी यादव पर निशाना साधा है और कहा




है कि उनका ट्वीट के जरिए मेरे तरफ इशारा था। जबकि भाजपा तुष्टिकरण की राजनीति के बजाए सबका साथ , सबका विकास की राजनीति करती है।

इतना हीं नहीं राज्यसभा सांसद ने प्रशासन पर बड़ा सवाल खड़ा किया है। उन्होंने उपद्रव की घटना को प्रशासनिक चूक का नतीजा बताते हुए कहा है कि इस मामले में प्रशासन ने जो कार्रवाई की है वह भी संदेहास्पद है। क्यूंकि कई निर्दोष लोगों को जेल भेजा जा रहा है। राज्य सभा सांसद ने तेजस्वी यादव पर ओछी मानसिकता का आरोप लगाते हुए कहा है कि उन्होंने ईशारों ईशारों में मेरे उपर घटना की आरोप मढा है। जो कि बिल्कुल गलत है, इतना ही नहीं रतनमाला कांड में पुलिस प्रशासन द्वारा भारी चुक करने का आरोप लगाते हुए सरकार से निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। भाजपा कार्यालय मे सांसद सतीशचंद्र दुबे द्वारा चंद्रयान-3 की सफलता पर इसरो के सभी वैज्ञानिक को हृदय से आभार व बहुत-बहुत धन्यवाद दिया।चांद के साउथ पोल पर भारत देश का तिरंगा पूरी दुनिया को बता रहा है,कि भारत अब रुकने वाला नहीं है निश्चित रूप से भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बनने के कगार पर खड़ा है और इस खुशी के अवसर पर सभी मीडिया को संसद द्वारा शुभकामना दिया। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष गजेंद्रधर मिश्रा,जिला उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी हृदया दुबे,जिला उपाध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि रितु जयसवाल,जिला महामंत्री अचिन्त्य कुमार लल्ला,पूर्व जिला उपाध्यक्ष मनोज सिंह,दीपू तिवारी,बद्रीनाथ प्रसाद,अमित पांडेय,नागेंद्र साहनी,बिजय साहू,अमरेश श्रीवास्तव इत्यादि भाजपा के कार्यकर्ता प्रेस वार्ता में उपस्थित रहे।

## ख़ास ख़बर

### डुमरिया स्कूल में रस्साकसी और मधुबनी हाई स्कूल में "नीबू और चम्मच रेस" का हुआ आयोजन



**सिकटी।** भारत सरकार, गृह मंत्रालय के तत्वाधान व श्री महेंद्र प्रताप कमांडेंट, 52वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अररिया के निर्देशन में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 21 से 29 अगस्त 2023 तक विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन किया जा रहा है| जिसमें बलकर्मियों के साथ-साथ स्कूलीय बच्चे व स्थानीय लोग भी बढ़ चढ़ कर भाग ले रहे हैं| इसी क्रम में दिनांक 24/08/2023 को वाहिनी द्वारा उत्क्रमित मध्य विद्यालय डुमरिया में रस्साकसी और उच्च माध्यमिक विद्यालय मधुबनी में "नीबू और चम्मच रेस" जैसे खेलों का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों के बीच काफी उत्साह देखा गया था| खेल मनुष्य को शारीरिक तथा मानसिक रूप से स्वस्थ बनाते हैं। नियमित रूप से कोई खेल खेलने से चित्त प्रसन्न रहता है तथा शरीर स्वस्थ और फुर्तीला रहता है। खेलों में शारीरिक अंगों का ठीक तरह विकास होता है। मन में उल्लास और उत्साह रहने से मनुष्य को जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता प्राप्त होती है। अतः हमें खेलों को अपने जीवन का अहम हिस्सा बनाना चाहिए ।

### कॉमर्स कॉलेज साहुगढ़ मधेपुरा में कड़ी सुरक्षा के बीच अध्यापक प्रतियोगिता परीक्षा सम्पन्नः डा. अरविंद



**मधेपुरा।** कड़ी सुरक्षा के बीच बिहार लोक सेवा आयोग पटना द्वारा आयोजित प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय अध्यापक प्रतियोगिता परीक्षा 2023 की परीक्षा आयोजित की गई है। भूपेंद्र नारायण मंडल वाणिज्य महाविद्यालय साहुगढ़ मधेपुरा में पहले और दूसरे दिन प्रथम पाली में 648 परीक्षार्थी के विरुद्ध 616 हुए उपस्थित और 32 परीक्षार्थी एब्सेंट पाए गए । इस आशय की जानकारी बी एन एम वी कॉलेज साहुगढ़ मधेपुरा के प्रधानाचार्य सह केंद्राधीक्षक डा. अरविंद कुमार ने कही। उन्होंने कहा कि कदाचारमुक्त परीक्षा आयोजित करने को लेकर अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों का नियमित रूप से निरीक्षण किया। वहीं परीक्षा को लेकर जोनल दण्डाधिकारी-सह- गश्तीदल दण्डाधिकारी, उड़नदस्ता दल, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं परीक्षा से सम्बद्ध सभी पदाधिकारी भी नियमित रूप से सक्रिय दिखे।

### संजय कुमार रानीगंज थाना के नए थानाध्यक्ष, संभाला पदभार



**रानीगंज।** शुक्रवार को रानीगंज थाना के नए थानाध्यक्ष के रूप में संजय कुमार ने पदभार संभाल लिया। इस मौके पर रानीगंज के युवाओं के द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस पब्लिक के बीच समन्वय बनाकर काम किया जाएगा ।मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता मयंक पासवान, सौरव कुमार बिट्टू,आदित्य दत्ता आदि के द्वारा जोरदार स्वागत किया गया।

### एडीजे-06 सह पोक्सो जज अजय कुमार ने अभियुक्त को दी 20 साल सश्रम कारावास की सजा

**अररिया।** शुक्रवार को भरी अदालत में एडीजे-06 सह पोक्सो जज अजय कुमार-01 ने अभियुक्त राजमल ऋषिदेव उर्फ राज महल ऋषिदेव को 20 साल सश्रम कारावास की सज़ा सुनाई अभियुक्त के विरूद्ध कोर्ट में 04 वर्षीय नाबालिग के साथ दुष्कर्म की घटना प्रमाणित हुई है। बताया जाता है कि 25 वर्षीय अभियुक्त राजमल ऋषिदेव पिता जगदीश ऋषिदेव जिले के बौसी थाना क्षेत्र के देवस्थल नन्दनपुर का रहनेवाला है।सज़ा के बिन्दु पर पोक्सो के स्पेशल पीपी डॉ श्याम लाल यादव के सज़ा ए मौत देने की प्रार्थना की। जबकि बचाव पक्ष की ओर से डीएलएसए के पैनल अधिवक्ता विनीत प्रकाश ने कम से कम सज़ा करने की गुहार लगायी है।

# भरगामा में चिकित्सक की लापरवाही से मरीज की हुई मौत



**भरगामा।** प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भरगामा में कार्यरत चिकित्सक के मनमानी के कारण कथित रुप से भरगामा प्रखंड क्षेत्र के भरगामा पंचायत के वार्ड संख्या 05 निवासी शंभू विश्वास उम्र 45 वर्ष की मौत ईलाज के दौरान हो गया। शंभू विश्वास के मौत के बाद परिजन एवं ग्रामीणों ने घंटो प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भरगामा में बबाल काटा। जबकि अस्पताल में कार्यरत चिकित्सक सहित कर्मी अस्पताल से फरार हो गया। घटना 25 अगस्त शुक्रवार की है। परिजनों के मुताबिक भरगामा प्रखंड के भरगामा पंचायत के वार्ड संख्या 05 निवासी शंभू मंडल अहले सुबह गाय दुहने के लिए बैठा। इसी क्रम में उन्हें चक्कर आने लगा। और अनियंत्रित होकर गिर गया। परिजनों ने जब देखा तो उन्हें उठाकर बैठाया। परिजनों ने लगातार भरगामा अस्पताल में एम्बुलेंस मंगवाने को लेकर फोन किया। मगर फोन रिसीव करने वाला कोई नहीं था। परिजनों का आरोप है इसी क्रम में भरगामा स्वास्थ्य विभाग की चार चक्का वाहन गुजर रही थी। हमलोगों के द्वारा रोकने पर नहीं रोका गया। अस्पताल से ऐंबुलेंस नहीं पहुंचने पर आनन-फानन में ऑटो से मरीज को अस्पताल लाया गया। अस्पताल में एक भी चिकित्सक मौजूद नहीं था। अस्पताल के कर्मी को कहने के बाद कर्मी द्वारा शंभू विश्वास का जांच किया गया। परिजनों के मुताबिक जांचोपरांत पता चला की शंभू विश्वास जिंदा है। परिजनों का कहना है शंभू विश्वास को ऑक्सीजन की आवश्यकता थी। चिकित्सक नहीं रहने के कारण शंभू विश्वास को ऑक्सीजन नहीं लगाया जा सका। जिसके कारण शंभू विश्वास का मौके पर अस्पताल में ही मौत हो गया। परिजनों सहित वार्ड सदस्य मुरलीधर साह उर्फ मुन्ना साह,अच्छेलाल विश्वास,मनोज विश्वास कैलू,मंडल इन्द्र जीत उर्फ अजीत विश्वास आदि का कहना है भरगामा अस्पताल के कर्मचारियों एवं डॉक्टरों के मनमानी एवं लापरवाही के चलते शंभू विश्वास का मौत हुआ है। उपरोक्त लोगों ने डीएम से भरगामा अस्पताल में कार्यरत लापरवाही एवं मनमानी करने वाले डॉक्टर पर उचित कार्रवाई करने का गुहार लगाया है। वहीं डीएम इनायत खां ने बताया कि मामले में सिविल सर्जन से रिपोर्ट मांगा गया है रिपोर्ट आने के बाद दोषी डॉक्टर पर उचित कार्यवाही किया जायेगा।

## नीतीश कुमार ने हर तबके के लिए काम किया: फिरोज आलम



**शंकरपुर।** आज जो सड़क की अच्छी स्थिति है वह माननीय मुख्यमंत्री नितीश कुमार की देन है। जो चंद घंटों में कहीं भी आसानी से पहुंच जाते है। बिहार में चौतरफा विकास हुआ है। हमारी दुआ है कि नितीश कुमार देश की राजनीति करें। उक्त बात बिहार प्रदेश जद यू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश महासचिव जनाब फिरोज आलम ने शंकरपुर में कही। उन्होंने कहा कि आज स्कूल में बच्चों को जो सुविधा मिलती है। जैसे पोशाक, साइकिल, पढ़ाई करने के लिए 4 लाख रूपए, क्रेडिट कार्ड दिया जाता है। जो बहुत ही सराहनीय है। आज मदरसा को जो भी मिला है वह नितीश कुमार की देन है। जो भी बिहार में देख रहे है सब नीतीश कुमार जी की देन है। हम लोग गांव गांव जाकर लोगो से मिलकर नीतीश कुमार जी की योजनाओं से लोगों को अवगत करा रहे है। नीतीश कुमार ने सभी तबके लिए काम किए है। हम चाहते है कि वे देश की राजनीति करे। दूसरे राज्य में जाकर देखे और पूछे तो बताएगा की नीतीश कुमार के राज में कितना काम हुआ है।

## चंद्रयान-3 मिशन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले मिथिला के सपूतों को ढ़ाकी भैर बधाईः संजीव मिश्रा



**पूर्णियां।** भारत दुनिया का पहला देश है जो चंद्रयान 3 सफलता पूर्वक चंद्रमा पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है।ऐसे मौके पर इसरो के तमाम वैज्ञानिकों एवं इस काम में लगे तमाम लोगों को पैनोरमा ग्रुप के एमडी सह वरीय समाजसेवी संजीव मिश्रा ने बधाई दी। श्री मिश्रा ने कहा कि चंद्रयान-3 ने चंद्रमा के दक्षिण पोल पर परचम फहरा दिया है।चन्द्रयान का सफल लैंडिंग के साथ ही पूरी दुनिया भारत को सलाम कर रही है। इसके साथ ही भारत का नाम उन चुनिंदा देशों में शामिल हो गया, जिन्होंने चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग करने में सफलता हासिल की है।भारत के इस त्यौहार के मौके पर देशवासियों को भी बहुत-बहुत बधाई एवं ढेरों शुभकामनाएं। एक प्रश्न के उत्तर में श्री संजीव मिश्रा ने कहा कि चंद्रयान-3 मिशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले मिथिला के लाल को भी मिथिलांचल की ओर से ढ़ाकी भैर बधाई ।समस्तीपुर (पूसा) के अमिताभ कुमार चंद्रयान मिशन के ऑपरेशन डायरेक्टर का भूमिका निभाए वहीं सीतामढ़ी (पुपरी) के रवि कुमार को नेटवर्क सिक्योरिटी के जिम्मेदारी थी ।दरभंगा के प्रियांशु कैमरा तकनीक पर काम किए । मधुबनी (कोतवाली चौक) के मोइनुद्दीन हसन प्रक्षेपण यान उपग्रह लिक्विड कंट्रोल वाल्व में अपनी सेवा दी।सहरसा के कहरा गाँव के आयुष झा, सत्तर कटैया प्रखंड के नीतीश यादव ,पूर्णिया जिला के सुधांशु कुमार मिथिला क्षेत्र के काई वैज्ञानिक इस मिशन में दी गई जिम्मेदारी निभाया।

## फुटबाल लीग मैच में तीसरे दिन पूर्णिया और मधेपुरा की टीम ने जीते




**प्रवीण कुमार, कटिहार।** जिला फुटबाल संघ कटिहार के द्वारा 71 वॉ बिहार राज्य मोइनुल हक फुटबाल क्षेत्रिय लीग मैच बिहार राज्य मोइनुल हक फुटबाल लीग मैच में शुक्रवार पहली पारी में पूर्णिया और अररिया के टीम के बीच लीग फुटबाल मैच खेला गया। जिसमे पूर्णिया की टीम 2-1 से जीत हासिल करते हुए अररिया की टीम को पराजित किया। वही दूसरी पाली में मधेपुरा और किशनगंज की टीम के बीच खेला गया। जिसमे 8-1 मधेपुरा की टीम ने जीत हासिल किया। मीडिया प्रभारी यशस्वी कुमार अग्रवाल ने बताया की शनिवार को कटिहार पूर्णिया और अररिया किशनगंज के टीम के बीच फुटबॉल मैच खेला जाएगा। हालाकि लगातार बारिश के कारण शुक्रवार को प्रथम पाली का मैच 2 घंटे लेट 10 बजे दिन से शुरू हुआ। बावजूद इसके शुक्रवार को राजेंद्र स्टेडियम में आयोजित लीग मैच में खिलाड़ियों में शानदार प्रदर्शन किया । जिसका समापन आगामी 29 अगस्त को होगा। लीग मैच में कमेंट्री मन्नू मुर्मू ने किया। इस अवसर पर जिला फुटबाल संघ के संरक्षक सह एमएलसी अशोक कुमार अग्रवाल स्वयं दूसरे पाली के मैच में मौजूद रहे। मौके पर जिला फुटबाल संघ के अध्यक्ष शिव प्रकाश गरोडिया , सचिव दिलीप कुमार साह उर्फ भोला, संरक्षक रमेश केडिया,उदय साधु खान,जे पी शर्मा,हीरा लाल, बबन झा, नलीन सिन्हा, आनन्द यादव ,डा एस सुमन, आशिश बलीदानी, हरीन्द्र मोहन, मुकेश, लक्खि, राजा कुमार, विनोद कुमार, संजय कुमार,शुभाशीष शुभम , बिनोद चौधरी, गोविंद, सिकंदर, गोपाल, अमर, गौरव आदि मौजूद थे।

### पूर्व मुख्यमंत्री बिंदेश्वरी प्रसाद मंडल की 105वीं जयंती मनायी



**प्रवीण कुमार,कटिहार।** पिछड़ों व शोषितों को लोकतांत्रिक अधिकार दिलाने वाले लोकसमता के ध्वजवाहक बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री बिंदेश्वरी प्रसाद मंडल की 105वीं जयंती कटिहार कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र आश्रम में समारोह पूर्वक मनायी गई। इस अवसर पर कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व सांसद तारिक अनवर की उपस्थिति में कांग्रेसजनों ने दिवंगत बीपी मंडल के तैलीय चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें सादर श्रद्धांजलि दिया। कार्यक्रम पर अपने संबोधन में पूर्व सांसद तारिक अनवर ने कहा कि महामना बीपी मंडल शोषितों, वंचितों और पिछड़ों का मसीहा के रूप में सदैव स्मरणीय रहेंगे। सामाजिक न्याय के पक्षधर ई गिरजा प्रसाद सिंह ने कहा कि मंडल आयोग के अध्यक्ष के रूप में बिंदेश्वरी बाबू ने कुल 40 अनुशंसाएं की थी जिसमें से केवल दो अनुशंसाएं ही अपूर्ण रूप से लागू हो पाई जबकि कटिहार कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुनील यादव ने कहा कि आरक्षण वंचित, शोषित एवं पिछड़ों के समृद्धि का दस्तावेज है जो समाज से गैर बराबरी खत्म करने के लिए अतिआवश्यक है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय बीपी मंडल हम सबों के दिलों में राज करते हैं। कार्यक्रम में कटिहार कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुनील यादव, दिलीप विश्वास, सुनीता देवी गोपाल सोनी, संजय कुमार सिंह, ई गिरजा प्रसाद सिंह, ई मीनाक्षी श्वेता, आफताब आलम, कंचन दास, शाहनवाज खान, राजेश रंजन मिश्रा, अवधेश मंडल, अल्तमश दीवान, प्रमोद यादव, पंकज यादव, सिकंदर मंडल, सऊद आलम, आम्रपाली यादव, मोहम्मद इश्तियाक आलम, नितिन सिन्हा, मोहम्मद आलमगीर, नूतन सिंह, निकहत परवीन, संजय सिंह, सैयद कमर हसन, हीरा पांडे, मोहम्मद रियाज, आनंद सिंह, मोहम्मद शहाबुद्दीन, मोहम्मद गल्फराज आदि उपस्थित थे।

### आरपीएफ का दो दिवसीय सघन चेकिंग अभियान में सात मोबाइल चोर धाराएं




**प्रवीण कुमार, कटिहार।** रेल मंडल अंतर्गत आरपीएफ ईस्ट पोस्ट कमांडर राकेश कुमार के नेतृत्व में लगातार सघन चेकिंग अभियान जारी है। मिली जानकारी के अनुसार आरपीएफ द्वारा कटिहार स्टेशन से गुरुवार और शुक्रवार को चलाए गए दो दिवसीय अभियान में सात मोबाइल चोरो को यात्रियों के चोरी के मोबाइल फोन, पासबुक, एटीएम कार्ड आदि सामानों सहित गिरफ्तार किया गया। इन लोगो को आरपीएफ के द्वारा कटिहार स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 2 के दक्षिणी रेल फूट ओवर ब्रिज और कटिहार स्टेशन के विभिन्न प्लेटफार्म से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार 34 वर्षीय प्रीतम कुमार, 21 वर्षीय गुड्डु दास, 32 वर्षीय सैदुर रहमान और 20 वर्षीय कुणाल कुमार कटिहार जिला निवासी है जबकि 28 वर्षीय मो केशर आलम और 35 वर्षीय मो अवजात अंसारी अररिया जिला के निवासी है जबकि 20 वर्षीय मो गुड्डू मधेपुरा जिला का निवासी है। जिन्हे आरपीएएफ द्वारा अग्रिम कार्रवाई के लिए रेल पुलिस को सुपुर्द कर दिया। बाद में पकड़े गए लोगो के विरूद्ध रेल थाना में धारा 414 /34 आदि आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया गया। बाद में रेलवे मजिस्ट्रेट विकास कुमार सिंह द्वारा पकड़े गए सभी व्यक्तियो को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। रेल पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। मौके पर आरपीएफ के इंस्पेक्टर राकेश कुमार, सीपीडीएस टीम के प्रभारी सैयद अहसान अली के साथ जीआरपी कटिहार एसएचओ मो इमरान आलम, आरपीएफ एसआई आबेदानंद सिंह, अनुज कुमार, वी तिवारी, मनोज सिंह एवं अन्य बल के कई पुलिस अधिकारी व जवान मौजूद थे।

### अध्यापक प्रतियोगिता परीक्षा कदाचारमुक्त वातावरण और कड़ी सुरक्षा के बीच सम्पन्न



**अररिया।** अररिया में कदाचारमुक्त वातावरण और कड़ी सुरक्षा के बीच आज शुक्रवार को दूसरे दिन जिले के 30 सेंटरों पर बिहार लोक सेवा आयोग पटना द्वारा आयोजित प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय अध्यापक प्रतियोगिता परीक्षा 2023 शांतिपूर्ण संपन्न हुई। परीक्षा दो पालियों में निर्धारित समय से 10 बजे पूर्वाहन से 12 बजे मध्यान तक एवं द्वितीय पाली 03:30 बजे अपराह्न से 05:30 बजे अपराह्न तक आयोजित की गई। दूसरे दिन प्रथम पाली में 6477 परीक्षार्थी उपस्थित हुए, जबकि 5291 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गये। इसी प्रकार द्वितीय पाली में 1088 परीक्षार्थी उपस्थित हुए जबकि 84 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गये। परीक्षा के दौरान आज विभिन्न केन्द्रों का जिला पदाधिकारी श्रीमती इनायत खान के द्वारा निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा केंद्राधीक्षक एवं परीक्षा केन्द्रों पर तैनात अधिकारियों को कदाचारमुक्त परीक्षा संचालन को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। वहीं परीक्षा को लेकर जोनल दण्डाधिकारी-सह- गश्तीदल दण्डाधिकारी, उड़नदस्ता दल, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं परीक्षा से सम्बद्ध सभी पदाधिकारी भी नियमित रूप से सक्रिय दिखे।

आमदनी | इसके माध्यम से ग्राम संगठन या क्लस्टर लेवल फेडरेशन की आमदनी में इज़ाफा हो रहा है

# दीदियों की आय का एक बेहतर स्रोत कस्टम हायरिंग सेंटर



**अररिया/डा. रूद्र किंकर वर्मा।** कस्टम हायरिंग सेंटर यानि "सीएचसी" जीविका दीदियों के लिए आय का एक बेहतर स्रोत हो गया है। इसके माध्यम से ग्राम संगठन या क्लस्टर लेवल फेडरेशन की आमदनी में इजाफा हो रहा है। यह ग्राम संगठनों और सीएलएफ के सुदृढीकरण में एक अहम भूमिका निभा रहा है। अररिया जिले में कुल 12 सीएचसी हैं। जिनमें 4 सीएलएफ और 8 ग्राम संगठनों के माध्यम से संचालित हो रहे हैं। इसके अन्तर्गत टैक्टर और खेती से जुड़े दूसरे प्रकार के उपकरणों की खरीद की गई है। जिसे निर्धारित दर पर कृषि कार्यों के लिए उपयोग किया जाता है। इसका उपयोग जीविका दीदियों के अलावा दूसरे किसान भी कर सकते हैं। उपकरणों के उपयोग के बदले में उन्हें निर्धारित राशि भाड़े के रूप में चुकानी होगी। इस सुविधा के होने से जीविका दीदियों के परिवारों के अलावा आस-पास गांवों के दूसरे किसान भी लाभान्वित हो रहे हैं। उन्हें कृषि के लिए उचित मूल्य पर आसानी से उपकरण उपलब्ध हो रहे हैं। जिससे उन्हें खेती करने में आसानी होती है। साथ ही, इसका फायदा वैसी जीविका दीदियों को भी होती है जिनके पास अपना कृषि यंत्र नहीं होता है। अक्सर ऐसा होता है कि अपना कृषि यंत्र नहीं होने के कारण लोग समय पर खेती नहीं कर पाते हैं। संसाधन के अभाव में उन्हें काफी परेशानी होती है। लेकिन, कस्टम हायरिंग सेंटर होने से अब जीविका दीदियां भी इसका लाभ उठाकर ससमय कृषि कार्य को कर पाती हैं। इससे उन्हें काफी सहूलियत हो रही है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में जिले में 12 सीएचसी की आमदनी 11 लाख 4 हजार 397 रुपये की हुई। जिसमें 8 लाख 30 हजार 798 रुपये खर्च हुए। इसतरह, शुद्ध मुनाफा 2 लाख 73 हजार 799 रुपये हुए हैं। इसके तहत उपकरण खरीद के लिए 10 लाख रुपये की राशि परियोजना की ओर से दी जाती है। उपकरण खरीद कर संबंधित कागजात कृषि विभाग में जमा करने पर कृषि विभाग की ओर से 80 फीसदी सब्सिडी देने का प्रावधान है। इससे ग्राम संगठनों और सीएलएफ को काफी मदद मिल रही है। पिछले वित्तीय वर्ष में जिले के 11 सीएचसी को कृषि विभाग की ओर से 84 लाख 81 हजार 280 रुपये अनुदान के रूप में मिल चुके हैं। इस तरह, जीविका दीदियों के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण में सीएचसी भी काफी अहम भूमिका निभा रहा है।

पैतृक गांव में निजी जमीन हड़पे जाने पर ससुराल में रहने को विवश है मोहम्मद सज्जाद

# अनुमंडल पदाधिकारी सहित कई अन्य अधिकारियों को लगाई न्याय की गुहार



**पुरैनी।** पुरैनी थाना क्षेत्र के वंश गोपाल पंचायत अंतर्गत भतौनी गांव निवासी मोहम्मद जहांगीर के पुत्र मोहम्मद सज्जाद ने खुद की शुरुआत की अनुमंडल पदाधिकारी शेख जिया उल हसन को आवेदन देकर आरोप लगाया है कि उनकी जो निजी जमीन है जिस पर उनका और उनके भाइयों का लालन-पालन हुआ है जब उनका झोपड़ी नुमा घर टूट गया तो जमीन परती हो गया था, इसके बाद सभी भाइयों ने आपसी सलाह मशवरा कर जमीन को नए सिरे से नापीकर नया मकान बनाने का विचार किया इसी बीच जगह अमीन उक्त प्लाट पर पहुंचे तो गांव के ही मोहम्मद मुर्तजा अली एवं मोहम्मद रोशन अली जो भतौनी गांव के ही वार्ड नंबर 3 निवासी है उन्होंने दबंगतापूर्ण तरीके से मोहम्मद सज्जाद वह अन्य भाइयों को गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर उक्त जमीन पर से भगा दिए और कहा कि मोहम्मद जहांगीर के द्वारा उक्त जमीन हम लोगों को बेच दिया गया है। मालुम हो की अभी भी उक्त जमीन का रसीद भी मोहम्मद सज्जाद के पिता मोहम्मद जहांगीर के नाम से कट रहा है। विदित हो कि अंचल अधिकारी पुरैनी के द्वारा लगातार इस मामले में दोनों ही पक्षों को जनता दरबार में आने को लेकर नोटिस जारी किया जाता रहा है लेकिन मोहम्मद सज्जाद एवं उनके पक्ष के लोग जनता दरबार में पहुंचते हैं तो वही मोहम्मद मुर्तजा अली व उनके पक्ष के लोग जनता दरबार में नहीं जाते हैं। बहरहाल पीड़ित पक्ष ने सरकारी अमीन से नापी करवाने हेतु नियमानुसार अपनी फीस भी अंचल कार्यालय में जमा कराई हुई है इसको लेकर उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी से यह आग्रह किया है कि उनकी जो निज जमीन है मौजा पुरैनी वंशगोपाल, थाना नंबर 149 खाता संख्या 236 खेसरा 137 और रकवा तीन डिसिमल को उक्त अतिक्रमण कार्यों से मुक्त कराकर उसे पर दखल करवाया जाए। मालूम हो की जमीन संबंधी ऐसे विवादों में हेर फेर करने के मामले को लेकर मोहम्मद मुर्तजा अली एवं मोहम्मद रोशन अली पर पुरैनी थाना में पहले भी प्राथमिकी दर्ज की गई है जो थाना कांड संख्या 182/23 दर्ज है।

## ख़ास ख़बर

### पुलिस को एक बंद कर में ड्राइवर रोशन कुमार के हत्याकांड में मिली बड़ी सफलता



**मो0 नजीर/दैनिक शुभ भास्कर, सुपौल ।** जिले में सदर थाना इलाके में बीते 23 अगस्त को मिली एक कार में बंद ड्राइवर रोशन कुमार के हत्याकांड मामले को पुलिस ने सुलझा लिया है। पुलिस अधीक्षक शैशव यादव ने बताया कि वेगनार कार लूटने के उद्देश्य से कार चालक रोशन कुमार की निर्मम हत्या की गई थी। इस हत्याकांड में एक आरोपी को सदर थाना क्षेत्र के करिहो से पकड़ा गया है। एसपी ने बताया कि बीते 23 अगस्त को सदर थाना अंतर्गत करिहो जमुआ नहर के समीप एक उजला रंग के कार से अज्ञात व्यक्ति का शव मिला था। इस संदर्भ में सुपौल सदर थाना कांड संख्या 674/23 दर्ज किया गया। जिस लावारिश कार का प्रारंभिक जांच के क्रम में पता चला की कार मालिक नालंदा जिले के हरनौत थाना अंतर्गत सिरसी निवासी आजाद रोहित के नाम से रजिस्टर्ड है।जब पुलिस ने कार मालिक से बातचीत कि तो जानकारी मिली कि इनका कार उबर औला कम्पनी द्वारा संचालित है। कार चालक के रूप में नवादा जिले के वारसलीगंज थाना अंतर्गत कुट्टी निवासी सतीश कुमार का पुत्र रोशन कुमार है। वही उसके द्वारा यह बताया गया कि विगत 22 अगस्त को दिन के 2:00 में पटना से सुपौल के लिए कार को बुकिंग कर निकला था। एसपी ने बताया कि संदर्भ में सुपौल सदर एसडीपीओ कुमार इंद्रप्रकाश के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। वैज्ञानिक अनुसंधान के आधार पर सर्वप्रथम घटना में संलिप्त सुपौल सदर थाना अंतर्गत करिहो निवासी रमेश पासवान के बेटे दीप वंश कुमार को हिरासत में लिया गया। इसके निशान देही पर उनके घर से खून से लगा हुआ कपड़ा ,मोबाइल फोन बरामद किया गया।इनके मोबाइल फोन से अन्य अपराध कर्मियों से भी व्हाट्सएप चैट किए गए कंटेंट को सुरक्षित किया गया। वही हिरासत में लिए गए अपराध कर्मी द्वारा घटना में अपनी संलिप्त स्वीकार की गई। एसपी ने बताया कि अनुसंधान के क्रम में यह बात भी सामने आई है कि करिहो निवासी देवेंद्र पाठक का बेटा मुन्ना पाठक कार को बुक कर लाया था। विशेष टीम द्वारा मुन्ना पाठक की गिरफ्तारी हेतु जब छापेमारी की गई तो उनके घर से भी खून से लगा हुआ कपड़ा बरामद किया गया है। इन लोगों ने बताया कि वाहन लूट के उद्देश्य से वहां के चालक की निर्मम तरीके से हत्या की गई।जबकि जिले में सभी घटना में पुलिस अधीक्षक द्वारा त्वरित कार्रवाई कर उदभेदन कर लिया जाता है जो कि प्रसासन के लिए एक फक्र की बात है ।इसी तरह यदि प्रसासन द्वारा कार्य होता रहे तो जनता का बिस्वास पुलिस पर कायम रहेगा । इस छापेमारी की टीम में सुपौल सदर थाना अध्यक्ष प्रभाकर भारती, अवर निरीक्षक राजेश कुमार अवर निरीक्षक दरवेश कुमार यादव, अवर निरीक्षक कुमारी, शामिल थी।

### "राघोपुर थाना के नए भवन हेतु निरक्षण कार्य, सुपौल पुलिस अधीक्षक शैशव यादव राघोपुर थाना पहुँच लिए जायजा"




**संवाददाता /दैनिक शुभ भास्कर राघोपुर ,सुपौल ।** जिले के राघोपुर थाना क्षेत्र का अतीत काफी पुराना है और जिले में ये क्षेत्र काफी महत्वपूर्ण भी है। जाहिर सी बात है कि इस महत्वपूर्ण क्षेत्र का जिम्मा भी राघोपुर थाना टीम पर ही निर्भर करता है। लेकिन राघोपुर थाना का मकान व कार्यालय काफी पुराना है और राघोपुर थाना को भी अब इस हाई टेक युग मे अपना बढिया, बड़ा और सभी सुविधाओं से लेस भवन की आवश्यकता दिख रही हैं। इसी आवश्यकता के मद्देनजर सुपौल एसपी शैशव यादव ने गुरुवार को राघोपुर थाना पहुंचे और बताया कि राघोपुर थाना परिसर में नए भवन का निर्माण होने की बात चल रही है, जिस के लिए निरक्षण के लिए पहुंचे हैं। उन्होंने बताया कि थाना परिसर में कुछ पेड़ भी लगा हुआ है और बिजली खंभा भी है। निर्माण कार्य मे बाधा पड़ने पर जिसको विभागीय प्रक्रिया के अनुसार हटाकर कार्य करेंगे। हालांकि उन्होंने फिलहाल कोई भी आधिकारिक बयां नही दिया है और बताया कि इस सम्बंध में जल्द ही सभी महत्वपूर्ण जानकारी दे दी जाएगी।

# कोसी नदी में जलस्तर बढ़ने से तटबन्ध के अंदर बसे लोगो का हाल हुआ बेहाल






**सरोज कुमार/ दैनिक शुभ भास्कर, किसनपुर ,सुपौल ।** जिले के किसनपुर प्रखंड अंतर्गत कोशी तटबंध के भीतर शुक्रवार को कोसी नदी के जलस्तर में अचानक वृद्धि हो जाने से कोशी तटबंध के अंदर बसे लोगों का हाल बेहाल हो गया है। एक तरफ लोगों का घर भी नदी में विलीन हो रहा है तो वही दूसरी ओर कोशी के जलस्तर में वृद्धि होने से मौजहा दुबियाही के सभी रोड डूबा हुआ है लोगों को घर से निकलना मुहाल हो रहा है। वही मौजहा पंचायत के वार्ड नंबर 4 निवासी पप्पू कुमार यादव,संतोष कुमार यादव,रमेश यादव,सुधीर यादव,कैलाश कुमार ,धर्मवीर कुमार आदि लोगों ने बताया की अभी के समय में लोगों को घर से निकलना मुहाल हो गया है एक भी नाव नही है।जबकि कागज पर 35 नाव बहाल है। मौजहा के पुल पर शिविर चलाई जाती है। लेकिन शिविर तक पहुंचे केसे इसकी व्यवस्था नहीं है। सबसे ज्यादा दिक्कत मवेशी और छोटे बच्चे को होता है। जिसकी पहरेदारी के लिए भी परिवार के सदस्य लगे रहते है। वहीं सुखा राशन भी एक किलो करके दिया जाता है। जबकि दो किलो देना चाहिए। दुबियाही में भी घर - घर पानी है जिसकी व्यवस्था स्थानीय प्रतिनिधि या प्रशासन के तरफ से कोई व्यवस्था नहीं की जाती है। नौआबाखर पंचायत के मुखिया मनोज कुमार साह ने बताया की बाढ़ की स्थिति अभी बहुत ही खराब है। मेरे पंचायत में सिमराहा, परसाही, नौआबाखर छिट यानी वार्ड नंबर 1 से 14 तक पूर्ण रूप से बाढ़ के चपेट में है।सभी जगह पानी भरा हुआ है। अभी ऐसा समय हो गया है की नदी से परेशान लोगों के घर में चूल्हा नहीं जल रहा है। लोग परेशान है मेरे पास नाव की व्यवस्था नहीं है जो मैं कोशी से परेशाहन लोगों का मदद कर सकूं। इस बाबत प्रखंड विकास पदाधिकारी राजकुमार चौधरी ने बताया की पानी में वृद्धि अचानक हुई है। मौजहा में 20 से 25 नाव है जिसकी जांच प्रताल करने हेतु अभी जा रहे है कोशी वासी को जो भी परेशानी होगी उसका निवारण किया जाएगा। सभी जगह पानी में भी कपड़ा भींगा कर या नाव से जांच प्रताल कर रहे है और इसकी जानकारी वरीय अधिकारी को दे रहे है और वहां से जो आदेश मिलता है वह व्यवस्था किया जाता है।

## गरीब तबके के लोगों की थाली से दूर होती जा रही हरी सब्जियां



**एक संवाददाता/ दैनिक शुभ भास्कर राघोपुर सुपौल ।** जिले के राघोपुर प्रखंड अंतर्गत करजाई(बाजार) में दो दिन से लगातार मूसलाधार बारिश से आम जन जीवन बुरी तरह से अस्त व्यस्त हो गया है। झमाझम बारिश के चलते लोगों को अपने घर से निकलने में भी कठिनाईयां हो रही है। साथ ही साथ बाजार व ग्रामीण सड़कों पर पानी ही पानी नजर आने लगे हैं। खेत खलिहान तालाब व नाले सब बारिश के पानी से भर गए हैं। वहीं बारिश से कोशी के जल स्तर में भी काफी वृद्धि हुई है। जिससे बाढ का खतरा मंडराने लगा है। इधर अत्यधिक बारिश होने से सब्जी के भाव आसमान छूने लगे हैं। गरीब तबके के लोग सब्जी खरीदने में अपने आप को असमर्थ हो रहे हैं। भारी बारिश के चलते खेतों में लगे साग सब्जी की फसल गलने लगे हैं। जिससे बाजार में सब्जी के भाव एका एक बढ़ गए है। जो किबाजार में सब्जी 80 से 100 के दाम में बिक रहा है। जो आम लोगों के बजट के बाहर हैं। महंगाई की मार के चलते लोगों के पॉकेट पर इसका सीधा असर पड़ रहा है। सब्जी के साथ - साथ लोगों के थाली से दाल भी गायब होते नजर आ रही है। अड़हर की दाल बाजार में 150 रुपये मिलने लगे हैं जो हर किसी के पहुंच से बाहर की बात है। मेहनत मजदूरी करने वाले लोग दिन भर की कमाई शाम के राशन में ही खर्च कर देतें हैं। बचत नहीं होने के चलते इससे आगे कुछ सोच भी नहीं पाते हैं। लोगों ने बताया कि सरकार को आम लोगों की बिल्कुल परवाह नहीं है। चुनाव ज्यों ज्यों नजदीक आती जा रही है महंगाई भी परवान चढ़ने लगी है।

## निर्मली विधायक और सांसद का फूल माला पहनाकर किया जोरदार स्वागत




**संवाददाता/ दैनिक शुभ भास्कर राघोपुर, सुपौल ।** जिले के सरायगढ़ -भपटियाही प्रखंड अंतर्गत निर्मली विधानसभा क्षेत्र के विधायक अनिरुद्ध प्रसाद यादव गुरुवार को सरायगढ़ भपटियाही प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत शाहपुर पृथ्वी पट्टी पंचायत के रामनगर वार्ड नंबर-10 में दिलीप कुमार यादव के आवास पर पहुंचे। यहां कार्यकर्ताओं ने माननीय सांसद दिलेश्वर कामत, माननीय विधायक श्री अनुरुद्ध प्रसाद यादव को फुल माला से पहनाकर भव्य स्वागत किया। वहीं स्थानीय मुखिया सतीश पांडेय कार्यक्रम में मौजूद रहे। विधायक श्री यादव ने बताया कि निर्मली विधानसभा क्षेत्र में 8 रोज से विभिन्न पंचायतों में लोगों से मिल कर कार्यो का जानकारी ले रहे है। इसी दौरान लोगों से सड़क, पुल एवं डीलर से जुड़ी मामले में बातचीत हुई। लोगों को भरोसा दिलाया कि यहां होने वाली समस्याओं को ठीक किया जायेगा। इस दौरान विभिन्न पंचायतों में लोगों से मिलकर कार्यों की जानकारी लेंगे। 15 दिनों तक लगातार क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों का भ्रमण करेंगे। इस दौरान विधायक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा किए गए विकासात्मक कार्यों की जानकारी लोगों को देंगे।

## जिला शिक्षा परियोजना कार्यालय कैमूर में चल रहा है बड़ा खेल




**शुभ भास्कर /कैमूर ।** जिला शिक्षा परियोजना कार्यालय कैमूर भभुआ के पुरे जनपद के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों के कर्मचारी दहशत में जी रहे हैं। कि कब किसका ट्रांसफर कहां हो जायेगा कोई नहीं जानता है। इसी बात को लेकर जिले के सभी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में चर्चा का विषय बना हुआ है । फिर सन् 2019 के तर्ज पर 2023 में कस्तूरबा कर्मियों का प्रतिनियुक्ति सारे नियमों को ताक पर रख कर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ( एस एस ए ) द्वारा इधर से उधर धड़ाधड़ किया जा रहा है। ऐसा ही दौर बिगत वर्ष 2019 में तत्कालीन जिला कार्यक्रम पदाधिकारी यदुवंश राम द्वारा किया गया था। उन कर्मचारियों का प्रतिनियुक्ति चार साल होने के बाद भी नहीं रद्द किया गया है।उसी तर्ज पर वर्तमान जिला कार्यक्रम पदाधिकारी अक्षय कुमार पाण्डेय द्वारा भी विगत 11जुलाई को कस्तूरबा कर्मियों की प्रतिनियुक्ति कुमारी आशा सिंह को रामगढ़ से भगवानपुर कस्तूरबा विद्यालय में तथा कल्पना कुमारी का भगवानपुर से रामगढ़ विद्यालय में ट्रांसफर किया गया है। एवं गोविन्द प्रसाद रात्रि प्रहरी का प्रतिनियुक्ति चांद कस्तूरबा विद्यालय से भगवानपुर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में नियम विरुद्ध किया गया है। जबकि चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का ट्रांसफर कहीं नहीं होता है। जबकि राज्य शिक्षा परियोजना के नियमावली में कहीं भी प्रतिनियुक्ति करने का प्रावधान का नहीं उल्लेख किया गया है।मगर कैमूर जिला के जिला शिक्षा कार्यक्रम पदाधिकारी ( एस एस ए ) द्वारा हेरा -फेरी का कार्य किया जा रहा है। कैमूर शिक्षा परियोजना का इतिहास रहा है कि विगत वर्ष 2020 में दुर्गावती कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की शिक्षिका टिंकू कुमारी का मामला पुरे जनपद ही नहीं राज्य शिक्षा परियोजना पटना के भी संज्ञान में है।उस समय पुरा कैमूर शिक्षा विभाग ही शर्मसार हो गया था। जिसमें तत्कालीन जिला जेंडर कोआर्डिनेटर सतेन्द्र कुमार, एवं जिला लेखापाल विजय कुमार को दोषी पाए जाने पर तत्कालीन जिलाधिकारी महोदय के आदेश पर दोनों लोगों के खिलाफ निलम्बित कर दिया गया था। मगर फिर तीन वर्ष बाद कस्तूरबा कर्मियों को फिर एक बार इधर से उधर करने का शिलशिला शुरू है। जबकि विगत 2019 के प्रतिनियुक्त कर्मियों की प्रतिनियुक्ति रद्द कर के उनके मूल विद्यालयों पर नियुक्त करने का कार्य जिला कार्यक्रम पदाधिकारी अक्षय कुमार पाण्डेय द्वारा नहीं किया जा रहा है। जबकि कम मानदेय 6500 रूपए प्रतिमाह वेतन मिलने वाले चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को उनके मूल एवं निवास से 50 किलोमीटर दूर स्थित विद्यालयों में प्रतिनियुक्ति किया गया है ।

## त्याग ,तपस्या की प्रतिमूर्ति डॉक्टर दादी प्रकाशमणि जी की 16 वीं पुण्य स्मृति दिवस




**संजीब यादव,/ दैनिक शुभ भास्कर राघोपुर सुपौल ।** जिले के राघोपुर प्रखंड अंतर्गत प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सिमराही के तत्वधान में स्थानीय ओम शांति केंद्र पर ब्रह्माकुमारीज संस्थान की पूर्व मुख्य प्रशासिका डॉक्टर प्रकाशमणि दादी जी की स्मृति दिवस विश्व बंधुत्व दिवस के रूप में मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्थानीय सेवा केंद्र के राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी आस्था बहन, ब्रह्माकुमारी चांदनी बहन संगठित रूप में दादी प्रकाशमणि जी की तस्वीर पर माल्यार्पण, फुल अर्पण एवं दीप प्रज्वलन कर के शुभारंभ किया। स्थानीय सेवा केंद्र से राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी आस्था बहनजी ने डॉक्टर प्रकाशमणि दादी जी की विशेषताएं बताते हुए कहीं दादी का स्वभाव बहुत ही मधुर ,सहनशील और सहकारिता था। दादी अपना समय ईश्वरिय सेवाओं में व्यतीत करती और अध्यात्म संगोष्ठियों में भाग लेने, व्याख्यान देने ,राजयोग सेवा केंद्र खोलने और यहां तक कि मधुबन में आने वाले के लिए भोजन तैयार करने में मदद करने जैसी यज्ञ की सभी सेवाएं करती थी। सभी को एक मां, एक मार्गदर्शक और एक प्रिय मित्र के रूप में दादी से प्यार रहता था ।हालांकि दादी की खासियत थी कि वह सारे ब्राह्मण परिवार को अपना मान करके पालना करती थी ।कोई भी अजनबी नहीं है हम सभी एक पिता के बच्चे वह हमेशा कहती थी। निर्माणभाव की धनि थी। उन्होंने कहा दीप शीला डॉक्टर प्रकाशमणि जी प्रेम और स्नेह का प्रतिमूर्ति थी। उनकी आंख में सदैव प्रेम और खुशी की झलक दिखाई देता था। ब्रह्माकुमारी जी संस्थान की सेवाओं को 78 देशों में फैलाने की निमित बनी। उनके प्रशासन में डर और अहंकार नहीं था, बलकि प्रेम और स्नेह था। लाखों ब्रह्मावत्स के लिए उनका जीवन आदर्श के रूप में रहा ।कभी किसी से कोई गलती होता था ,तो वह बहुत प्यार से इन्हें शान्ति पूर्वक उनको समझाती थी और टोली खिलाती थी। आत्मिक दृष्टि दे उसको आगे बढ़ाती थी, ऐसे बहू प्रतिभा की धनी डॉक्टर दादी प्रकाशमणि जी सभी के जीवन के लिए मार्गदर्शक बना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ ब्यबसायिक रागिणी देवी जी ने अपने उदबोधन देते हुए कहा कि ज्ञान की कमी के कारण वर्तमान समय मानव के अंदर काम ,क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार, नफरत आदि राक्षसी प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है ।जिसका कारण समाज में दिन-प्रतिदिन अब अपराध बढ़ते ही जा रहे हैं। उन्होंने बताया अगर हमने अपने भारतकी पुरानी सभ्यता ,संस्कार, परंपराएं पूर्व जनों की संस्कृति, सत्संग के माध्यम से फैलाई नहीं तो इस समाज में चलना ,रहना, बैठना, उठना जीना बड़ा कठिन महसूस होगा ।उन्होंने जीवन में सत्संग का महत्व बताते हुए कहा कि सत्संग के द्वारा प्राप्त ज्ञान ही हमारी असली संपत्ति है ।सत्संग के माध्यम द्वारा प्राप्त शक्तियां, सद्गुण, विवेक द्वारा हम अपने कर्मों में सुधार ला सकते हैं ।उन्होंने बताया कि सत्संग द्वारा प्राप्त शक्तियां, सद्गुण की कमाई को ना तो चोर लूटता है, ना ही आग जल आती है, नहीं पानी डुबाता है ।यह तो हमारी साथ जाने वाली असली संपत्ति है ।इसका प्राप्त करने से ही जन्म जन्मांतर हम महान बन सकते हैं ।ऐसे कमाई को प्राप्त करने के लिए भी हम अपना समय देना चाहिए। सत्संग से प्राप्त ज्ञान द्वारा ही हम अपने जीवन को सकारात्मक बनाकर तनाव मुक्ति जीवन जी सकते हैं। ब्रम्हाकुमारी यों के द्वारा दिए गए ज्ञान और क्रियाकलापों को सराहना भी किया।उक्त कार्यक्रम का संचालन ब्रह्माकुमार किशोर भाई जी ने किया ।मौके पर व्यबसायिक रागिनी देवी ,फूल कुमारि,अवध नारायण मेहता, अधिवक्ता रामचंद्र जयसवाल, सतीश कुमार, इंस्पेक्टर भूपेन्द्र प्रताप सिंह,रेणू देवी ,सारधा देवी,इंद्रदेव चौधरी, सतयनारायण भाई, बेचू भाई, सावित्री देवी, अशोक कुमार,शकुंतला देवी, किशोर भाई ,अर्जुन भाई,विरेंद्र भाई ,चाँदनी बहन, मुद्रिका बहन इत्यादि सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे।

## बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित अध्यापक नियुक्ति परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में हुई संपन्न



**सरोज कुमार/ दैनिक शुभ भास्कर ,किसनपुर,सुपौल ।** जिले में उच्च विद्यालय किशनपुर में बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित अध्यापक नियुक्ति परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। वहीं स्कूल के एचएम डॉ राजीव कुमार ने कहा कि इस परीक्षा केंद्र पर कुल 672 परीक्षार्थियों में 28 परीक्षार्थी अनुपस्थित और 644 परीक्षार्थी उपस्थित हुए। कदाचारमुक्त परिक्षा को लेकर सभी कमरों में सीसीटीवी कैमरा और जैमर लगाया गया था। प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 10 बजे से 12 बजे के बीच आयोजित हुआ ,परंतु परीक्षार्थियों को सुबह 7.30 से बजे तक ही प्रवेश की दी गई । कहां कि सभी परीक्षार्थियों के लिए बायोमैट्रिक अटेंडेंस और वोडियोग्राफी की भी व्यवस्था किया गया था। सघन जांच के बाद ही परीक्षार्थियों को वर्ग कक्ष में प्रवेश की अनुमति दी गई। कुल 40 वीक्षको ने मिलकर वीक्षण कार्य को संपन्न किया। वहीं केंद्र पर स्टेटिक दंडाधिकारी के रूप में सीओ प्रिंस राज और प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी पिपरा मणिकांत कुमार को तैनात किया गया था। वहीं जोनल दंडाधिकारी के रूप में सहायक निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय सुपौल अनुराग कुमार तथा पुलिस अवर निरीक्षक हंसराज मुकुल को पुलिस बल के साथ तैनात किया गया था। परीक्षा के सफल संचालन के लिए जिला प्रशासन की टीम भी लगातार नज़र रख रही थी।बता दें कि मौसम ने अपना मिजाज बदल लिया था और झमाझम बारिश के बीच भी परीक्षार्थियों ने केंद्र पर समय से पहुंचे।

**परेशानी** बारिश होने पर घर आंगन में पानी जमा हो जाता है,खेत जलमग्न हो जाते हैं

# कलभट का मुंह बंद किए जाने से गांव में फैला पानी, सड़क भी टूटा




**अमरेश कुमार/ दैनिक शुभ भास्कर, पिपरा ,सुपौल ।** जिले में पिपरा प्रखंड के दुबियाही पंचायत अंतर्गत फसिया टोले में ग्रामीण सड़क में बने कलभट का मुंह बंद किए जाने से पानी का निकासी बंद हो गया है। आलम यह है कि आसपास के इलाके का पानी जो कलभट के मध्यम से निकासी हो रही थी अब फसीया टोले में लोगों के घर तक पहुंच गई है। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश होने पर घर आंगन में पानी जमा हो जाता है,खेत जलमग्न हो जाते हैं,सड़क के ऊपर से पानी का निकासी होने लगता है। सबसे बड़ी बात है की इसके चलते ग्रामीण सड़क टूट गई है।दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि छै माह पहले बनी सड़क इसके चलते टूट गई है। जल्द ही इस दिशा में पहल नहीं की गई तो सड़क पूर्णतः टूट जाएगी और ग्रामीणों का आवाजाही भी प्रभावित हो जाएगा।स्थानीय लोगों का आरोप है की एक दो लोगों द्वारा अपने स्वार्थ के लिए कलभट का मुंह बंद कर दिया गया है। जिसका खामियाजा पूरे गांव वालों को भुगतना पड़ रहा है। इस बात को लेकर दर्जनों ग्रामीणों ने हस्ताक्षरित आवेदन जिला पदाधिकारी को देकर इस पर अविलंब पहल करने की मांग की है।स्थानीय लोगों ने पानी की निकासी के लिए पुल निर्माण करने की भी मांग की है।

# उद्योग विभाग की ,की गई समीक्षात्मक बैठक





**ब्यूरो/ दैनिक शुभ भास्कर,सुपौल ।** जिले में श्री कौशल कुमार (भा०प्र० से०), जिला पदाधिकारी, सुपौल की अध्यक्षता में उद्योग विभाग की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, सुपौल, उद्योग विस्तार पदाधिकारी, जिला उद्योग केन्द्र सुपौल, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, सुपौल, जिला समन्वयक, पंजाब नेशनल बैंक सुपौल, जिला समन्वयक, भारतीय स्टेट बैंक सुपौल, जिला समन्वयक, बैंक ऑफ इंडिया सुपौल, जिला समन्वयक, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, सुपौल के प्रतिनिधि, जिला समन्वयक, उ०बि०ग्रा० बैंक सुपौल के प्रतिनिधि, जिला समन्यवक युनियन बैंक सुपौल, जिला समन्वयक, यूको बैंक सुपौल, जिला समन्वयक, बैंक ऑफ बड़ौदा सुपौल, जिला समन्वयक, केनरा बैंक सुपौल, जिला समन्वयक, बंधन बैंक सुपौल, जिला समन्वयक, एच०डी०एफ०सी० बैंक सुपौल, जिला समन्वयक, आई०सी०आई०सी०आई० बैंक सुपौल एवं संबंधित जिला संसाधन सेवी (DRP) उपस्थित हुए। जिला पदाधिकारी द्वारा बैठक में उपस्थित सभी बैंक के जिला समन्वयकों का स्वागत करते हुए बैठक के उद्देश्य से अवगत कराया गया। बैठक की मुख्य बिंदु निम्नवत हैः-

» **प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम :** प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में जिला को पूर्व में प्राप्त कुल भौतिक लक्ष्य - 259 के विरुद्ध संबंधित बँक को ऋण की स्वीकृति हेतु प्रेषित कुल - 440 आवेदन को जिला में स्थापित सभी बैंक के जिला समन्वयकों को जिला उद्योग केन्द्र, सुपौल के कर्मियों द्वारा बैंकवार प्रतिवेदन उपलब्ध कराया गया। साथ ही महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, सुपौल द्वारा बताया गया कि जिला को पुनः उक्त योजना में कुल 304 लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसे जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक ब्रांचवार लक्ष्य निर्धारित करते हुए प्रतिवेदन उपलब्ध करायेंगे। जिला पदाधिकारी, सुपौल द्वारा बैंक को उपलब्ध कराये गये बँकवार भौतिक लक्ष्य एवं बैंक को प्रेषित किये गये आवेदनों की समीक्षा के क्रम में पाया गया कि कुल 440 आवेदन संबंधित बैंक शाखा को ऋण की स्वीकृति हेतु अग्रसारित किया गया है, जिसमें मात्र 81 लाभुकों का ऋण स्वीकृत हुआ है। उक्त स्थिति पर जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा खेद व्यक्त करते हुए सभी बैंक के जिला समन्वयकों को निदेशित किया गया कि बैंक में प्राप्त आवेदन की समीक्षा करते हुए एक सप्ताह के अन्दर ऋण की स्वीकृति की दिशा में अग्रेत्तर कार्रवाई करेंगे। साथ ही सभी बैंक के जिला समन्वयकों को यह भी निदेश दिया गया कि अपने-अपने स्तर से (प्रत्येक बैंक शाखावार) आवेदन Generate करते हुए ऋण की स्वीकृति एवं भुगतान सुनिश्चित करायेंगे। जिला पदाधिकारी, सुपौल द्वारा बैठक में उपस्थित उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक, सुपौल के प्रतिनिधि को लक्ष्य के अनुरूप कम ऋण आवेदन की स्वीकृति पर नराजगी प्रकट करते हुए संबंधित जिला समन्यक के विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई करने हेतु जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, सुपौल को निदेशित किया गया। इसी क्रम में लक्ष्य के विरूद्ध कम ऋण आवेदन की स्वीकृति पर भारतीय स्टेट बैंक के जिला समन्वयक को चेतावनी देते हुए निदेशित किया गया कि अयोग्य ऋण आवेदन को अस्वीकृत करते हुए शेष ऋण आवेदन को शीघ्र ऋण स्वीकृत करने हेतु आदेशित किया गया।

**प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना :** प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 में जिला को पूर्व में प्राप्त भौतिक लक्ष्य 175 के विरुद्ध संबंधित बैंक को ऋण की स्वीकृति हेतु प्रेषित कुल - 410 आवेदन को जिला में स्थापित सभी बैंक के जिला समन्वयकों को जिला उद्योग केन्द्र, सुपौल के कर्मियों द्वारा बैंकवार प्रतिवेदन उपलब्ध कराया गया। साथ ही महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, सुपौल द्वारा बताया गया कि जिला को पुनः उक्त योजना में कुल 205 लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसे जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक बांचवार लक्ष्य निर्धारित करते हुए प्रतिवेदन उपलब्ध करायेंगे।

## ख़ास ख़बर

### खेत में लगे सिंचाई मशीन को चोरों ने चुराया

**कोचस (रोहतास)**। कहीं ना कहीं हो रही चोरी की घटनाओं से काफी लोग परेशान है जिसमें अभी तक सबसे ज्यादा परेशानियों का सामना कोचस प्रखंड के किसानों को झेलनी पड़ रही है। जिसको लेकर किसानो मे काफी आक्रोश है। वही प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कटियारा गांव से गुरुवार की रात अज्ञात चोरो के द्वारा समरसेबुल की चोरी कर ली गई। बताया जाता है कि कटियारा गांव के रामाशंकर सिंह अपने खेत पर पटवन के लिए समरसेबुल लगाये थे। वही देर रात अज्ञात चोरो ने समरसेबुल की चोरी कर ली। सुबह में किसान रामाशंकर सिंह जब खेत पर पहुंचे तो समरसेबुल गायब पाये। जिसमे वह झुब्ध रह गये। विदित हो कि चोरो के द्वारा समरसेबुल की चोरी कटियारा गांव में दुसरी घटना है। समरसेबुल चोरी से किसान दहशत में है।

### चंद्रयान-3 के सफल लैंडिंग पर लोगों ने इसरो को दी बधाई

**संझौली(रोहतास)**। बुधवार को चन्द्रयान -3 की सफलता पूर्वक लैंडिंग होते ही संझौली प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न राजनीतिक पार्टी के सदस्य, समाजसेवियों व जनप्रतिनिधियों द्वारा अलग-अलग तरह से अपने भारतीय वैज्ञानिकों पर गर्व करते हुए खुशी का इजहार करते हुए भारत माता की जय व वंदे मातरम की नारे लगाये। वही भारतीय वैज्ञानिकों इसरो की टीम को बहुत बहुत बधाई दी गई। चंद्रमा के दक्षिणी सतह पर चंद्रयान- 3 के साफ्ट लैंडिंग, लैंडर विक्रम व प्रज्ञान रोवर के वजह से भारत यह उपलब्धि हासिल कर लिया। वही जिप उपाध्यक्ष वंदना राज ने बताया कि लैंडर विक्रम व प्रज्ञान रोवर चांद की सतह, वायुमंडल, रसायन, भूकंप, खनीज संपदा संबंधित चीजों पर वैज्ञानिक शोध व रिसर्च करेगें। इस दौरान सभी लोगों ने एक दूसरे को चंद्रयान- 3 के सफलता पर मिठाई खिलाकर बधाई दी।

### डेहरी साइबर थाने में सब इंस्पेक्टर हुए पदस्थापित

**डेहरी (रोहतास)**। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार ने डेहरी नगर थाना में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर निखिल राय का स्थानांतरण कर दिया है। उन्हें साइबर थाना में जिम्मेदारी दी गई है। एसपी ने बताया कि साइबर थाना में कार्यरत एसआई माधुरी कुमारी के छुट्टी पर चले जाने के कारण पद रिक्त था जहां एसआई को पदस्थापित किया गया है।

### आवसीय मकान बचाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में की अपील

**डेहरी आन सोन (रोहतास)**। डालमियानगर आवसीय परिसरों को खाली कराने का आदेश उच्च न्यायालय पटना ने स्थानीय प्रशासन को दिया है। बताते चले की डालमियानगर आवासीय परिसर की कुल संख्या 1471 है। जाय। पटना उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में साफ तौर पर कहा है कि डालमियानगर आवासीय परिसर को खाली करना है पटना उच्च न्यायालय के आदेश आते हैं स्थानीय प्रशासन ने डालमियानगर क्षेत्र में चौकसी बढ़ा दी है बताया जाता है कि डालमियानगर आवासीय क्वाटर ने लोगों ने स्टे लगाने के लिए सुप्रीम कोर्ट के लिए रुख किया। सुप्रीम कोर्ट में मेंटनेंस फाइल किया है। जिसका नंबर 18003/2023 हो गया है। स्थानीय प्रशासन ने कमर कस ली है कि किसी भी हालत क्वाटर खाली कराकर ही दम लेंगे देखना यह है कि क्या प्रशासन क्वाटर खाली करा पायेगी।

### अश्लील वीडियो वायरल करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**नौहट्टा (रोहतास)**। थाना क्षेत्र के बंजारी से संजीत कुमार को झारखंड पुलिस अश्लील वीडियो वायरल करने के आरोप मे गिरफ्तार कर झारखंड ले गयी। बताया जाता है कि पलामू जिला के सीसई थाना के एक युवती का अश्लील वीडियो रोहतास थाना के बंजारी गांव का संजीत अश्लील वीडीयो वायरल किया था। मामले को लेकर युवती के परिजन ने सीसई थाना मे एफआईआर दर्ज करायी थी। झारखंड पुलिस गुरूवार को रोहतास थाना पहुंची। एसआई शिव कुमार मंडल के सहयोग से उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

### सहस्त्रबाहु नारी शक्ति संगठन ने सैनिकों को राखी भेजी



**सुनील कुमार मिश्रा /दैनिक शुभ भास्कर/ राजस्थान /उदयपुर**। सहस्त्रबाहु नारी शक्ति संगठन उदयपुर ने सीमा पर तैनात वीर जवानों को रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष्य में पवित्र रक्षा सूत्र और शुभकामना संदेश सेक्टर , उदयपुर स्थित पोस्ट ऑफिस से भिजवाई। अध्यक्ष नम्रता चौधरी ने बताया कि सीमा पर तैनात हमारे वीर सैनिक सदैव सच्चे भाइयों की तरह हम सब की रक्षा के लिए तत्पर रहते हैं और हम सभी संगठन की बहने उन्हें यह बताना चाहती हैं कि हम भी बहनों की तरह उनसे स्नेह करते हैं व उनकी रक्षा के लिए प्रार्थना करते है।

### महारैली जयपुर में हजारों की तादाद में सम्मिलित हुए नर्सेज



**उदयपुर**। राजस्थान नर्सेज संयुक्त संघर्ष समिति की प्रदेश व्यापी आंदोलन के तहत 25अगस्त को जयपुर में महारैली निकाली गई। सम्भागीय अध्यक्ष नरेश पूर्बिया ने बताया कि उदयपुर से शहर जिलाध्यक्ष पवन कुमार दानाध्यक्ष व ग्रामीण जिलाध्यक्ष कुंदन मेनारिया के नेतृत्व महारैली में सम्मिलित हुए।पुरे राजस्थान के गांव गांव ढाणी ढाणी से नर्सेज सम्मिलित हुए। नर्सेज विगत 18जुलाई से लगातार धरना प्रदर्शन कर अपना विरोध दर्ज कराया है। कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत आमेटा व संरक्षक रमेश मीणा ने बताया कि नर्सेज की वेतन विसंगति, समय पर डीपीसी करने, सिनियर नर्सिंग ऑफिसर व राजपत्रित अधिकारी का दर्जा दिया , ठेका प्रथा बंद की जाए, नर्सिंग स्टूडेंट्स का स्टाइपेंड बढ़ाया जाए, नर्सिंग ट्यूटर का पदनाम परिवर्तन किया जाएं, जयपुर में नर्सेज का निदेशालय खोला जाए।

# डुमरांव विधायक ने विद्यालय का किया निरीक्षण



**केसठ (बक्सर)**। डुमरांव विधायक अजित कुमार सिंह ने नावानगर प्रखण्ड के प्लस टू उच्च विद्यालय,सोनवर्षा एवं केसठ प्रखण्ड के उच्च विद्यालय, रघुनाथपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में उपस्थित छात्र-छात्राओं तथा शिक्षकों से विद्यालय के संचालन,विकास एवं अन्य समस्या संबंधी विषयों को गंभीरता पूर्वक सुना व विचार किया गया। यह दुःखद है कि सोनवर्षा उच्च विद्यालय में नामांकित साढ़े छः सौ विद्यार्थियों में से आधे से भी कम उपस्थित थे। यह और भी दुखद है कि आधे विद्यार्थियों को भी बैठने के लिए विद्यालय में बेंच-डेस्क नहीं है और विद्यार्थी दरी या बोरा बिछा कर पढ़ने को मजबूर हैं। इन सरकारी विद्यालयों में समाज के आर्थिक रूप से कमजोर तबके के लोगों के बच्चें पढ़तें हैं। एक षड़यंत्र के तहत सरकारी विद्यालयों को बर्बाद कर दिया है। ताकि प्राइवेट स्कूलों को लाभ मिले। स्कूल में स्वीकृत पद के अनुसार शिक्षक पदास्थापित नहीं हैं। विद्यालय के कई भवन के कमरे क्षतिग्रस्त हैं। साफ-सफाई का बिल्कुल भी ध्यान नहीं रखा गया है। उच्च विद्यालय रघुनाथपुर के शिक्षकों एवं छात्राओं ने विधायक से शिकायत की विद्यालय की चहारदीवारी नहीं होने के कारण गांव के कुछ असामाजिक तत्व विद्यालय के संचालन में बाधा उत्त्पन्न करतें हैं। विद्यालय के आने-जाने एवं मध्याह्न के समय शिक्षकों एवं छात्राओं को परेशान करतें हैं। इनके अभिभावकों से बार-बार शिकायत के बाद भी कोई सुधार नहीं हो रहा है। विधायक ने ऐसे तत्वों से सख्ती से निपटने हेतु पुलिस प्रशासन को निर्देश दिया है। विधायक ने कहा कि हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौती है सरकारी विद्यालयों में आम छात्रों व उनके अभिभावकों के विश्वास को वापस हासिल करना। हमें ऐसी व्यवस्था बनानी होगी कि सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चें अपने को हीन ना समझे। यह सर्वविदित है कि विद्यालयों में सक्षम शिक्षक उपलब्ध हैं और वे इसे अपना कर्तव्य समझकर छात्रों और अभिभावकों का विश्वास हासिल कर सकतें हैं। आपसबों के सहयोग एवं अपनी कोशिशों से इसे जल्द ही हम ठीक कर सकेंगे । छात्र-छात्राओं के बैठने के लिए हम जल्द ही उचित मात्रा में बेंच-डेस्क उपलब्ध कराएँगे । इसके अलावा पेयजल तथा शौचालय की भी समुचित व्यवस्था की जाएगी। साथ ही साथ विधालय को साफ-सुथरा रखने, पठन-पाठन का उचित माहौल बनाने, छात्रों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया गया। छात्रों की उपस्थिति को बढ़ाने के लिए जल्द ही माता-पिता-शिक्षक मीटिंग आयोजित करने का निर्देश दिया गया है। सभी अभिभावकों व माता-पिता से आग्रह है कि विद्यालय द्वारा सूचना मिलने पर विधालय में आवश्यक रूप से उपस्थित रहें। निरीक्षण के दौरान विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों के साथ-साथ भाकपा माले के केसठ प्रखण्ड प्रभारी ललन प्रसाद, मंगल महेश, सुरेश सिंह, रवि शंकर, राजू, दीप नारायण दुबे भूलन सहित अन्य लोग उपस्थित रहें।

### अंचल कार्यालय पर शोकसभा आयोजित

**संझौली(रोहतास)**। प्रखंड मुख्यालय पर अंचल कार्यालय में शुक्रवार को राजस्व कर्मचारी बिजय सिन्हा के आकस्मिक निधन हो जाने के कारण शोक सभा आयोजित की गई। अंचल के कर्मियों ने जानकारी देते हुए कहा कि उनका तबियत 9 अगस्त से खराब चल रहा था। जो शुक्रवार को जमुहार अस्पताल में इलाज के दौरान अंतिम सांसे ली। दिग्वांत आत्मा की शांति के लिए शोक सभा आयोजयित कर शोक व्यक्त किया गया। मौके पर अमेठी मुखिया चंद्रहंस कुमार, प्रखंड लिपिक राय जी, अंचल लिपिक अरुण कुमार शर्मा, राजस्व कर्मचारी हरेंद्र कुमार, लिपिक बब्लू कुमार, अमीन विकास कुमार, कार्यपालक सहायक दीपक कुमार, अमरेश कुमार, प्रखंड समन्यवक (स्वच्छता) किरण कुमारी, को ऑर्डिनेटर रीमा कुमारी, सहित प्रखंड व अंचल के सभी कर्मियों ने दिग्वांत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रख ईश्वर से कामना करते हुए शोक ब्यक्त की।

# भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा 'मेरा देश मेरा माटी' कार्यक्रम का आयोजन



**नासरीगंज (रोहतास)**। स्थानीय नगर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा नासरीगंज नगर में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में चलाये जा रहे कार्यक्रम "मेरा माटी मेरा देश" के अंतर्गत आजादी के अमृत महोत्सव को ले वीरों को वंदन और माटी को नमन कार्यक्रम को नगर अध्यक्ष लाल बाबू शाह के नेतृत्व में आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर के हरिहरगंज निवासी स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय बाला चौधरी व स्वर्गीय जयराम साह के तैल चित्र पर माल्यार्पण किया गया एवं उनके घर की माटी को नमन करते हुए अमृत कलश में रख भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने द्विप प्रज्वलित कर पंच प्रण लिया तथा स्वतंत्रता सेनानियों के उत्तराधिकारियों को अंगवस्त्र दे सम्मानित किया। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री विजय सिंह ने कहा कि "मेरी माटी मेरा देश" कार्यक्रम का 9 अगस्त से शुभारंभ किया गया था, जिसके अंतर्गत आजादी के अमृत महोत्सव को ले शहीद और स्वतंत्रता सेनानी के घर की माटी को नमन और वीरों को वंदन करते हुए अमृत कलश में माटी ले कलश को पंचायत,मंडल ,जिला और प्रदेश होते हुए दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा पूरे भारत से अमृत कलश की माटी को नमन और वीरों को वंदन कर 75 सौ वृक्षारोपण किया जायेगा। मौके पर प्रमोद कुशवाहा,अमित कुशवाहा, कनकधीर उपाध्याय, ललन पंडित, रौशन कुमार सिंह, अनिल सुमन, संजय गुप्ता, संतोष कुमार आर्य, सुनील चौधरी, जय नंदन राम, अनिल यादव, संतोष रौनियार ,श्रीनाथ कुमार, मुन्ना गुप्ता, पंकज कुमार, पप्पू कुमार, आशुतोष शर्मा ,अमित कुमार शर्मा, नगीना चौधरी समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# महावीर इंटरनेशनल की रीजन कोन्फ्रेंस



**दैनिक शुभ भास्कर/ राकेश जैन/ राजस्थान/ उदयपुर**। महावीर इंटरनेशनल की रीजन कोन्फ्रेंस ऐशर्वया रिजॉर्ट मे दीप प्रज्वलन ,प्रार्थना एवं अतिथि सत्कार सम्मान द्वारा आयोजित की गयी | रीजन कोन्फ्रेंस मे उदयपुर सहित राजसमंद और डुंगरपुर-बांसवाडा के लगभग 200 प्रतिनिध्यों द्वारा भाग लिया गया | मुख्य अतिथि के रूप मे अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर अनिल जैन उपस्थित थे | पूर्व अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर राज लोढ़ा और अंतर्राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष वीर सुधीर जैन विशेष अतिथि के रूप मे आमंत्रित थे | प्रथम सत्र मे राजसमंद ,उदयपुर और डुंगरपुर-बांसवाड़ा के ज़ोन चैयरमेन द्वारा अपने अपने क्षेत्र का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया | पावर पॉइंट द्वारा इंटरनेशनल अध्यक्ष द्वारा सभ ज़ोन के अध्यक्ष ,सचिव और कोषाध्यक्ष के अधिकार ,कर्तव्य और दायित्व बताए गए | सभी को बहुत ही सरल तरीके से उनके कार्यों को बताया गया | अंतर्राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष वीर सुधीर जैन द्वारा कोषाध्यक्ष के अधिकार और दायित्व बताए गए | रीजन के उपाध्यक्ष वीर गौतम राठोड द्वारा पूरे ज़ोन की गतिविधियों को विस्तृत रूप मे पावर पॉइंट के द्वारा बताया गया | वीर गौतम राठोड द्वारा बताया गया की महावीर इंटरनेशनल एक गैर सांप्रदायिक समाज सेवी संगटन है जिसमे हर जाति सम्प्रदाय के व्यक्ति बिना किसी भेद भाव के जुड़ सकते है जिसका आदर्श " सबको प्यार –सबकी सेवा" और ध्येय " जियो और जीने दो "पर आधारित है | द्वितीय सत्र मे महावीर इंटरनेशनल के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर अनिल जैन द्वारा डिप्टी डाइरेक्टर के अधिकार ,दायित्व आदि के बारे मे पावर पॉइंट द्वारा विवेचना की गयी | अपने अध्यक्षीय भाषण मे वीर अनिल जैन ने महावीर इंटरनेशनल के मुख्य सेवा कार्यों के बारे मे बताया जिसमे विशेष रूप से पर्यावरण ,चिकित्सा ,महिला स्वावलंबन ,शिक्षा कौशल विकास ,रोको थेलेसिमिया,गरिमा प्रोजेक्ट आदि पर विशेष बल दिया | पूर्व अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर राज लोढ़ा द्वारा अपने अनुभव को बताया और महावीर इंटरनेशनल को अधिक ऊंचाई पर ले जाने पर बल दिया | वीर गगन तलेसरा द्वारा आगामी महावीर इंटरनेशनल का युवा सरगम 2023 गायन एवं वादन प्रतियोगिता के आयोजन के बारे मे विस्तृत जानकारी दी गयी | दोनों सत्र के बीच बीच मे मधुर संगीत का लयबद्ध आयोजन किया गया | रीजनल कॉन्फ्रेंस मे वीर बी एल खमेसरा , वीर आर के चतुर ,गवेर्निंग बॉडी के सदस्य अन्य डेप्युटी डाइरेक्टर भी उपस्थित थे।

### जिले के पांच स्थानों पर मुकेश साहनी करेंगे सभा




**दैनिक शुभ भास्कर, सुभाष चंद्र झा, सहरसा**। भले ही लोकसभा चुनाव में देरी हो लेकिन सभी राजनीतिक दलों के द्वारा सांगठनिक स्तर से लेकर और जोर-जोर से तैयारी की जा रही है। उसी कड़ी में विकासशील इंसान पार्टी वीआईपी सुप्रीमो मुकेश साहनी द्वारा हर घर निषाद आरक्षण संकल्प अभियान के तहत पूरे बिहार का दौरा किया जा रहा है। उसी क्रम में आज सुपर मार्केट स्थित कला भवन में कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम प्रभारी सह प्रधान महासचिव भोगी साहनी तथा जिलाध्यक्ष रेशमा शर्मा ने बताया कि विगत 25 जुलाई से 3 नवंबर तक रथ यात्रा के माध्यम से पार्टी सुप्रीमो द्वारा पूरे बिहार का दौरा किया जा रहा है।जिले में भी कुल पांच जगह पर उनका कार्यक्रम निर्धारित है।उन्होंने बताया कि कलाभवन के बाद गौरहो चौक, खजूरी,सिमरी बख्तियारपुर तथा सलखुआ में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।जिसकी सभी आवश्यक तैयारी पूरी कर ली गई है। वही सभा स्थल को सजा धजा कर तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि मुख्य रूप से पार्टी के द्वारा आरक्षण नहीं तो गठबंधन नहीं वही गठबंधन नहीं तो वोट नहीं का नारा बुलंद किया गया है। जिसके तहत हर घर संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। इस मौके पर रंजीत दास तांती,डॉ चंदन कुमार, ब्रह्मदेव मुखिया, महेंद्र मुखिया, मिथिलेश विजय, गोपाल बिंद, सामंत कुमार रिंकू, दिनेश मुखिया,सकलदेव मुखिया, राजा राम मुखिया, जय कुमार चौधरी,मिथिलेश कुमार चौधरी सहित अन्य मौजूद थे।

### बीमार बेटे के चक्कर में अंधविश्वास की शिकार हुई महिला



**ब्यूरो शाहाबाद-रवि प्रकाशदैनिक शुभ भास्कर/ बक्सर(शाहाबाद)**। जिला के मुरार थाना क्षेत्र अंतर्गत कोन्ही गांव में अंधविश्वास एक महिला को बहुत ही भारी पड़ गया। तंत्र-मंत्र का जानकार होने का दावा कर रहे। पहुंचे एक बहुरूपिये के द्वारा उसके बीमार बेटे की तबीयत ठीक करने का भरोसा दिलाकर लाखों रुपपों के गहनों की चोरी कर ली गई । महिला को जब इस बात का पता चला तो उसके पैरों के नीचे से जमीन खिसक गई। रोते-बिलखते हुए उसने अपने साथ हुई घटना की जानकारी घर के अन्य सदस्यों को दी। जिसके बाद स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई।फिलहाल पुलिस पीड़ित के द्वारा बताए गए हुलिए के आधार पर ठग की पहचान कर उसे गिरफ्तार करने की कोशिश कर रही है।घटक के संदर्भ में मिली जानकारी के मुताबिक मुरार थाना क्षेत्र के कोन्ही गांव निवासी पिंटू यादव की पत्नी रितु ठगी का शिकार हुई है। उनके लाखों रुपये मूल्य के गहनो के चोरी कर लिए गए हैं। अपने साथ हुई घटना के बारे में बताते हुए रितु ने कहा कि बाइक पर सवार होकर एक युवक आया और उसने आते ही यह बताया कि तुम्हारे बेटे की तबीयत खराब है।सावन मास खत्म होते-होते उसकी मौत हो जाएगी। उसने कहा कि वह तंत्र-मंत्र का जानकार है और अपनी इसी शक्ति से वह भविष्य देख पा रहा है। यह सुनने के बाद रितु घबरा गई और ऐसा होने से रोकने का उपाय पूछा. तब युवक ने कहा कि यदि वह एक छोटी से पूजा करती है तो उस पर आ रही विपत्ति टल जाएगी। पूजा पाठ करने के नाम पर घर में दाखिल हो अलमीरा में रखें गहने को लेकर फरार हो गया। घटना के बाद महिला रोते बिलखते थाने पहुंची तथा घटना की जानकारी दी। वही पुलिस मामला दर्ज कर तहकीकात में जुट गई है।

### शिव प्राण प्रतिष्ठा रुद्र महायज्ञ भक्तिमय माहौल में संपन्न हुई



**नोखा (रोहतास)**। शिव मंदिर निर्माण एवं प्राण प्रतिष्ठा रुद्र महायज्ञ का समापन शुक्रवार की दोपहर में हुआ। इस अवसर पर मंत्रोच्चार यज्ञ में हजारों लोगों ने आचार्य पंडित कृष्णकांत तिवारी के सानिध्य में भाग लेते हुए हवन पूजन किया। मौके पर उन्होंने कहा कि जिस क्षेत्र में यज्ञ पूजन होती है वहां पर महामारी की प्रकोप कोशो दूर रहती है। साथ ही साथ उस गांव में सुख समृद्धि सहित स्नेह की अटूट डोर विद्यमान होती है। वही हवन पूजन मंत्रोचारण के साथ पूरा माहौल अंतिम दिन भक्तिमय हो गया था। जो कि नोखा नहर डॉग पर कलश स्थापना लेकर के भगवान के नारे लेते हुए जलभरी सह शोभा यात्रा में शामिल होकर के यज्ञ स्थल पहुंचे थे। इस महायज्ञ से शिव मंदिर निर्माण एवं प्राण प्रतिष्ठा की गई ।रूद्र महायज्ञ का आयोजन ग्रामीणों द्वारा किया गया। इस मौके पर सोनू कुमार, विशाल कुमार ,विकास कुमार, श्रीभगवान सिह, मुन्ना पांडे सहित ग्रामीणों द्वारा आयोजन किया गया। शुक्रवार को समापन पर प्रसाद का वितरण लंगर में किया गया। जहां पर के बाहर सेब आए हुए साधु पंडितों ने भगवान शिव का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर गोपालपुर गांव के अलावा गंगाहर, कुशही, तराढ़ गाव सहित कई गांव के लोग उपस्थित होकर के प्रसाद ग्रहण किया और जीवन को सफल बनाया। मौके पर प्रसाद ग्रहण करने वालो की भीड़ उमड़ी ।

**प्रशिक्षण** यह प्रशिक्षण 3 दिन तक सांस्कृतिक एवं प्रशिक्षण केंद्र ,हवाला खुर्द मे चला

# राज्य स्तरीय प्रशिक्षकों द्वारा दिया एनसीडी कार्यक्रम का प्रशिक्षण



**विशाखा व्यास/ दैनिक शुभ भास्कर/राजस्थान /उदयपुर**। जिले के समस्त राजकीय चिकित्सा संस्थानों के हेल्थ केयर वर्कर ने भाग लिया वर्कशॉप में उदयपुर जिले में गैर संचारी रोग जैसे ब्लड प्रेशर, डायबीटिज और कैंसर जैसी बीमारियों के लिए, 30 एवं उससे अधिक आयु वर्ग के सभी लोगो की स्क्रीनिंग एवं उपचार के सम्बन्ध में राज्य स्तरीय प्रशिक्षकों की टीम द्वारा जिले के समस्त राजकीय चिकित्सा संस्थानों के हेल्थ केयर वर्कर को प्रशिक्षण दिया गया. यह प्रशिक्षण अलग अलग बेच के माध्यम से 3 दिन तक सांस्कृतिक एवं प्रशिक्षण केंद्र ,हवाला खुर्द मे चला. सीएमचओ डॉ शंकर एच बामनिया ने बताया कि प्रशिक्षण की गुणवत्ता प्रभावित ना हो इसलिए इस प्रशिक्षण के लिए राज्य कार्यक्रम अधिकारी अरुण वशिष्ठ, डब्लूएचओ के चिकित्सक डॉ जतिन ठक्कर और डॉ पियूष गुप्ता एवं टाटा ट्रस्ट प्रतिनिधि को आमंत्रित कर एनसीडी कार्यक्रम की बारीकी से बिंदुवार चर्चा की गयी ! एनसीडी कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ प्रणव भावसार ने बताया कि प्रशिक्षण में मुख्यतः गैर संचारी रोग की स्क्रीनिंग, पहचान, उपचार, फॉलोअप एवं नियंत्रण के बारे में बताया गया ! डब्लूएचओ के अधिकारियो के अनुसार राज्य में 2025 तक 55 लाख संभावित लोगो का हाइपरटेंशन और डायबिटीज का उपचार सुनिश्चित किया जाना है। इस दौरान मौजूद चिकित्सक, नर्सिंग ऑफिसर और सीएचओ को एनसीडी सॉफ्टवेयर स्टैंडर्ड ट्रीटमेंट प्रोटोकॉल एवं रिकॉर्ड कीपिंग का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शंकर एच बामनिया एवं डॉ कांतिलाल पलात ,उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ गजानंद गुप्ता, समस्त बीसीएमओ सहित आला अधिकारी मौजूद रहे !

# हजरत शाहजंलाल पीर साहिब की 348वां उर्स धूमधाम से मनी



**सासाराम (रोहतास)**। हजरत शाहजंलाल पीर साहिब की 348वां सालाना उर्स के तीन दिनों का कार्यक्रम बड़े ही भव्य समारोह के साथ संपन्न हुआ। जिसमें बाहर से आए हुए कलाकारों ने कव्वाली के साथ इस समारोह और भी ज्यादा शानदार बना दिया इस समारोह में शहर सासाराम की सौहार्द भरी मिठास के भी रंग देखने को मिला हजरत शाहजंलाल पीर साहब एवं संत चाचा फग्गूमल साहब की लसानी दोस्ती को लोगों ने याद करके इसे बहुत सराहा। जहां हजरत शाहजंलाल पीर की दरगाह पर बेहतरीन ढंग से सजावट की गई थी। वहीं उनके अजीज दोस्त निशानी ऐतिहासिक गुरुद्वारा चाचा फग्गूमल साहिब को भी उसी ढंग से सजाया संवारा गया था। मौके पर पहुंचे सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के जत्थेदार सर्वजीत सिंघ खालसा एडवोकेट ने कहा कि हम ने सैकड़ों वर्ष पुरानी दोस्ती के पैगाम को बहुत ही संजोग सवार के रखे हैं। जब-जब उर्स का महीना आता है सिख समुदाय के लोगों में गुरु पर्व जैसा माहौल बनने लगता है कि हमलोग भी चलकर के चाचा फग्गूमल साहिब जी के अजीज दोस्त सहजलाल पीर साहब जी के यहां नमन करना है वही शहर की खुशहाली के लिए दुआ भी मांगनी है। मौके पर गए सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के जनरल सेक्रेटरी सरदार सुमेर सिंघ कैशियर सरदार चरणजीत सिंघ मीत कैंसियर सरदार मोहित सिंघ ज्योति कौर अनिता कौर मनदीप कौर ज्ञानी राजवीर सिंघ को उर्स कमेटी के लोगों ने माला और चादर देकर सम्मानित किया। वहीं राजनीतिक दल की हस्तियों में राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश की युवा नेता शिवंत कुशवाहा मकसूद आलम जी राष्ट्रीय कांग्रेस के जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह अधिवक्ता उपाध्यक्ष डॉ जावेद आलम साहब जी सपा के प्रदेश के मदन मोहन श्रीवास्तव ने भी अपनी-अपनी हाजिरी आकर भारी एवं अमन चैन की दुआ हजरत साहब की दरगाह पर मांगी। साथ ही साथ अतिथि को माला और चादर देकर कमेटी ने स्वागत सत्कार किया कमेटी के सदर समीर खान इलियास खान निजाम खान जी सिराज खान जी फिरोज खान सरवर आलम जहीर खान मो. खान रशीद मंसूरी चांद अवसर वार्ड आयुक्त डॉ शहजाद खालिद खान जैनुल खान जहीर खान मोहम्मद खान हसनैन आलम समेत सैकड़ो नौजवान तीन दिनों किस जिले कार्यक्रम को बड़ा ही भव्य एवं शानदार बनाने में दिन-रात एक कर दिया था। वही मो० निजाम खान कार्यक्रम का संचालन करते आए हुए मेहमानों की स्वागत किया। मौके पर हजारों की संख्या में हर सम्प्रदाय के लोग दिन-रात अपनी अपनी हाजिरी भरने के लिए दरगाह पर जा रहे थे।

# ख़ास ख़बर

## दो पिकप पर लदे 12 पशु के साथ पांच पशु तस्कर हनुमान घाट से भगवानपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार



**भभुआ कैमुर, शुभ भास्कर।** जानकारी थानाध्यक्ष भगवानपुर अनिल प्रशाद ने देते हुए बताया की गुप्त सुचना मिला की अधौरा की ओर से भगवानपुर की ओर दो पिकप मे पशु ले कर जा रहे है । इसकी सुचना पाते हीं भगवानपुर पुलिस हनुमान घाट के पास पहुंची तो देखा की दो पिकप आ रही है जब पिकप को रोककर चेक किया तो दोनों पिकप मे टोटल 12 पशु बरामद किये गये तथा पांच पशु तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार पशु तस्करो मे भोला उर्फ गुलशन यादव पिता अमरनाथ यादव ग्राम मलेवर थाना नौगड, त्रिदेव यादव पिता ओमप्रकाश यादव उर्फ़ बुल्लू यादव ग्राम कर्माबांध थाना नौगड जिला चंदौली, मो सैफ पिता मो शदीक ग्राम शुरूत तकिया थाना राप्टगंज जिला सोनभद्र, विकास यादव पिता बुटन यादव ग्राम झरिया थाना चैनपुर, मुलायम सिंह पिता कपिलमुनी सिंह ग्राम बिदूरी थाना अधौरा जिला कैमूर बताया । सभी को भगवानपुर थाना लाया गया उसके बाद समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भगवानपुर मे मेडिकल जांच कराकर जेल भेजा गया

## भरगामा में चिकित्सक की लापरवाही से मरीज की हुई मौत



**शुभ भास्कर संवाददाता/भरगामा। अररिया।** जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भरगामा में कार्यरत चिकित्सक के मनमानी के कारण कथित रुप से भरगामा प्रखंड क्षेत्र के भरगामा पंचायत के वार्ड संख्या 05 निवासी शंभू विश्वास उम्र 45 वर्ष की मौत ईलाज के दौरान हो गया। शंभू विश्वास के मौत के बाद परिजन एवं ग्रामीणों ने घंटो प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भरगामा में बबाल काटा। जबकि अस्पताल में कार्यरत चिकित्सक सहित कर्मी अस्पताल से फरार हो गया। घटना 25 अगस्त शुक्रवार की है। परिजनों के मुताबिक भरगामा प्रखंड के भरगामा पंचायत के वार्ड संख्या 05 निवासी शंभू मंडल अहले सुबह गाय दुहने के लिए बैठा। इसी क्रम में उन्हें चक्कर आने लगा। और अनियंत्रित होकर गिर गया। परिजनों ने जब देखा तो उन्हें उठाकर बैठाया। परिजनों ने लगातार भरगामा अस्पताल में एम्बुलेंस मंगवाने को लेकर फोन किया। मगर फोन रिसीव करने वाला कोई नहीं था। परिजनों का आरोप है इसी क्रम में भरगामा स्वास्थ्य विभाग की चार चक्का वाहन गुजर रही थी। हमलोगों के द्वारा रोकने पर नहीं रोका गया। अस्पताल से ऐंबुलेंस नहीं पहुंचने पर आनन-फानन में ऑटो से मरीज को अस्पताल लाया गया। अस्पताल में एक भी चिकित्सक मौजूद नहीं था। अस्पताल के कर्मी को कहने के बाद कर्मी द्वारा शंभू विश्वास का जांच किया गया। परिजनों के मुताबिक जांचोपरांत पता चला की शंभू विश्वास जिंदा है। परिजनों का कहना है शंभू विश्वास को ऑक्सीजन की आवश्यकता थी। चिकित्सक नहीं रहने के कारण शंभू विश्वास को ऑक्सीजन नहीं लगाया जा सका। जिसके कारण शंभू विश्वास का मौके पर अस्पताल में ही मौत हो गया। परिजनों सहित वार्ड सदस्य मुरलीधर साह उर्फ मुन्ना साह,अच्छेलाल विश्वास,मनोज विश्वास कैलू,मंडल इन्द्र जीत उर्फ अजीत विश्वास आदि का कहना है भरगामा अस्पताल के कर्मचारियों एवं डॉक्टरों के मनमानी एवं लापरवाही के चलते शंभू विश्वास का मौत हुआ है। उपरोक्त लोगों ने डीएम से भरगामा अस्पताल में कार्यरत लापरवाही एवं मनमानी करने वाले डॉक्टर पर उचित कार्रवाई करने का गुहार लगाया है। वहीं डीएम इनायत खां ने बताया कि मामले में सिविल सर्जन से रिपोर्ट मांगा गया है रिपोर्ट आने के बाद दोषी डॉक्टर पर उचित कार्यवाही किया जायेगा।

## विशेष अभियान के तहत जैतपुर कला इंजिनियरिंग कालेज के सामने से एक शराबी गिरफ्तार

**कैमुर भगवानपुर, शुभ भास्कर।** जानकारी थानाध्यक्ष भगवानपुर अनिल प्रसाद ने देते हुए बताया की भगवानपुर पुलिस विशेष अभियान के तहत जा रही थी की ग्राम जैतपुर कला इंजिनियरिंग कालेज के सामने सड़क पर एक शराबी शराब के नशे मे घुत था उसे पकड़ कर भगवानपुर थाना लाया गया उससे पूछताछ करने पर पता चला की ग्राम तेनुआ निवासी वीरेंद्र सिंह का पुत्र चंदन सिंह बताया । समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भगवानपुर मे मेडिकल जांच कराकर जेल भेजा गया।

# गंदे शब्दों के उल्लेख की वजह से दो पक्षों में भारी तनाव







**कैमूर(बिहार)।** जिला अंतर्गत मोहनियां परसथुआं राष्ट्रीय राजमार्ग 30 मुजान गेट पर समाज के दुश्मनों के द्वारा सनातन धर्म के आराध्य व सनातन धर्म अनुयायियों के प्रति गंदे शब्दों के उल्लेख की वजह से, दो पक्षों में भारी तनाव दोनों पक्षों की ओर से लगभग आधा दर्जन लोग घायल, प्रशासन के सक्रियता के उपरांत स्थिति नियंत्रित। आपको बताते चले की जिला के मोहनियां थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहनियां आरा पथ मुजान गेट पर, विगत दिनों समाज के दुश्मनों द्वारा सनातन धर्म अनुयायियों के साथ सनातन धर्म के आराध्य भगवान श्री राम, मां काली इत्यादि आराधों के प्रति बहुत ही गंदे भाषाओं का लिखित उल्लेख किया गया था। सैकड़ों ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार जिसे देख सनातन धर्म के अनुयायियों द्वारा आक्रोश व्यक्त किया गया। जिसके उपरांत सनातन धर्म के अनुयायियों द्वारा स्थल पर पहुंचकर लिखित गंदे उल्लेख को पेंट कर मिटाया गया, साथ ही गेट के ऊपरी भाग पर सनातन धर्म का झंडा लगा दिया गया। जिसके विरुद्ध ईसाई धर्मावलंबियों (भीम आर्मी) के समर्थकों द्वारा भारी संख्या में एक जूट हो दूसरे पक्ष पर हमला कर दिया गया। जिसमें की दोनों पक्ष की ओर से लगभग आधा दर्जन लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंच मोहनियां थाना प्रशासन द्वारा स्थिति को नियंत्रित किया गया। इसके बावजूद गुरुवार को ईसाई धर्मावलंबीयों (भीम आर्मी) के द्वारा मुजान गांव पहुंचकर सनातन धर्म के विरुद्ध नारेबाजी किया गया, जिससे कि दोनों पक्षों में तनाव की स्थिति बनी हुई है। हिंदी नव वर्ष के बाद से यह देखा जाए तो जिला में यह कोई पहला मामला नहीं है, वर्तमान जिला पदाधिकारी सावन कुमार के कार्यभार संभालने के बाद से सनातन धर्म द्रोही सक्रिय हो गए हैं। कैमूर जिला में ऐसा कभी इतिहास नहीं रहा है कि 5 महीने के अंतराल में लगातार चौथी बार सनातन धर्म द्रोहियों द्वारा इस तरह का कुकृत्य किया गया हो।

# वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस को मिली सफलता हथियार के साथ दो गिरफ्तार



**छातापुर।सुपौल।** छातापुर थाना क्षेत्र के डहरिया पंचायत स्थित रानीपट्टी वितरणी नहर पर पुलिस प्रशासन द्वारा किए जा रहे वाहन जांच के दौरान दोपहिया वाहन सवार दो सगे भाई के पास से एक देशी कट्टा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। जानकारी अनुसार गुरुवार को संध्या गश्ती के दौरान छातापुर पुलिस वाहन जांच के लिए उक्त दोनों युवकों को रोका गया था। जांच के क्रम में युवकों के पास से एक देशी कट्टा व एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। जिसके बाद दोनो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार दोनों युवक सत्यनारायण सरदार और जयनारायण सरदार पिता बहुरी सरदार सा० टेंगराहा वार्ड संख्या 8 थाना कुमारखंड जिला मधेपुरा के निवासी है। जिसको लेकर युवकों को दोपहिया वाहन सहित पुलिस प्रशासन द्वारा छातापुर थाना लाया गया। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए छातापुर थानाध्यक्ष राम इकबाल पासवान ने बताया की गिरफ्तार दोनों युवकों पर आर्म्स एक्ट तथा आपराधिक घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से क्षेत्र में आगमन करने से जुड़ी केस दर्जकर शुक्रवार को न्यायिक हेतु सुपौल जेल भेज दिया गया है। पूछताछ में युवकों ने बताया है कि बकरी चोरी करने हेतु वो लोग पहली बार इधर आए थे। श्री पासवान ने बताया कि लोगों का कहना है कि उक्त दोनों युवकों को इससे पूर्व भी इस इलाके में देखा गया है। जिसको लेकर पुलिस को भी वाहन छिनतई की घटना में इनकी संलिप्ता होने का शक है। बहरहाल पुलिस विभिन्न बिंदुओं पर बारीकी से दोनो गिरफ्तार युवकों से पूछताछ किया है।

## अखलासपुर बिंद नगर धर्म कांटा के पास पिकअप की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता भभुआं।** (कैमूर) भभुआं अखलासपुर बिंद नगर धर्म कांटा के पास पिकअप की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई मृतक व्यक्ति भभुआ थाना क्षेत्र के अखलासपुर बिन्द नगर गांव निवासी बालेश्वर बिन्द का 40 वर्षिय पुत्र राम अवतार बिन्द उर्फ बिंदू बिंद है जानकारी के अनुसार मृतक व्यक्ति पिकअप की चपेट में आने से गंभीर रुप से घायल हो गया था जिसे सदर अस्पताल भभुआं में चिकित्सकों के द्वारा प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया गया था जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई वही सूचना के बाद भभुआ थाने की पुलिस ने पहुंचकर शव का पंचनामा कर भभुआ के सदर अस्पताल में अंतः परीक्षण कराया उसके बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया है।

# पतरिया गांव में बिजली बिल के बकायदार कंज्यूमरों का काटा गया कनेक्शन





**भभुआ कैमुर, शुभ भास्कर।** बिजली विभाग ने उन सभी बिजली बकायदारों को बिजली से दूर करते हुए उनका कनेक्शन ही पोल से काटकर हटा दिया बताते चलें कि बिजली विभाग के अधिकारियों ने बताया कि कई महीना से जिनका लाइन पुल से काटा गया है उनको कई महीना से चेतावनी दी जा रही थी कि वह बिजली का भुगतान समय से कर दें नहीं तो उनका बिजली काट दिया जाएगा उसी के मद्दे नजर प्रखंड क्षेत्र के मोकरम पंचायत के पतरिया गांव में बिजली बिल के बकायदार कंज्यूमरों का काटा गया कनेक्शन वहीं भगवानपुर जेई सत्येंद्र कुमार ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 35 कंज्यूमरों का कनेक्शन काटकर पोल से हटा दिया गया है। भगवानपुर जेई ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि एक टीम का गठन किया गया जहां मेरे निगरानी में रहते हुए आदित्य कुमार मनोज पटेल अखिलेश कुमार रजक मिस्त्री रविंद्र कुमार जय कुमार सभी लोग पहुंचकर पतरिहा गांव पहुंचकर बिजली बिल बकायेदारों का कनेक्शन काट दिया गया वहीं कुछ लोग कनेक्सन कटते देख कुछ लोगों ने अपना बिल वही तत्काल जमा करते हुए अपने कनेक्शन को बच्चा लिए बकायेदारों में बाकी पैसा जो की द्वारिका शाह का23000 राजेश्वर बिंद 35009 रुपया रंजू देवी 10862 रुपया सुरेंद्र दुबे 44538 रुपया लक्ष्मीना कुंवर 23201 देवबंद दुबे 40861 ऐसे लोगो तकरीबन 35 लोगों का कनेक्शन काटा गया और वही बताया गया कि अब जो भी चोरी से बिजली जलायेगे उसके ऊपर बिजली विभाग की बहुत बड़ी कार्रवाई किया जाएगा

## विद्यालय में मीड डे मीड में चूहे की शौच मिलने से बच्चे नाराज, फेंके थाली



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता रामनगर।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुड़ेरा में मिड डे मिल में चूहों का शौच मिलने से स्कूली बच्चे काफी नाराज़ हो गये है। खाने में गंदगी देख स्कूल के बच्चे काफी नाराज हो गए और अपना खाना फेंक कर विरोध प्रदर्शन जताया।थाली का भोजन फेंकने का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है और एक बार फिर मिड डे मिल के तहत बच्चों को खिलाए जाने वाले तथाकथित पौष्टिक भोजन पर सवाल उठने लगे हैं। इस संबंध में विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनोद कौशल ने बताया कि मैं बच्चों का स्मार्ट क्लास ले रहा था, उसी दौरान नौवीं क्लास के छात्र छात्राओं ने भोजन की थाली लाकर दिखाया और बताया कि इसमें चूहों का शौच है।मैंने भी उनकी थाली में रैट पिट्स देखा और समझा बुझाकर वापस भेज दिया, लेकिन बच्चों ने थाली ले जाकर बाहर फेंक दी। जिसका वीडियो किसी ने वायरल कर दिया है।इस सीलसिले में जब प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी नंद किशोर सिंह से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि वायरल वीडियो की जानकारी उन्हें भी मिली है।इस वीडियो की जांच कराकर आगे की कार्रवाई की जाएगी, जो भी दोषी होंगे उन पर सख्त कार्रवाई होगी।

## चंद्रयान-3 मिशन के जरिए देश ने रचा इतिहास, रितु जयसवाल



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बगहा।** चंद्रयान-3 मिशन के जरिए भारत ने इतिहास रच दिया है। उक्त बातें भाजपा नेता रितु जयसवाल ने कही। उन्होंने कहा कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के चंद्रयान-3 मिशन का लैंडर मॉड्यूल सफलता पूर्वक चंद्रमा की सतह पर पहुंच गया है। लैंडर विक्रम और रोवर प्रज्ञान से युक्त लैंडर मॉड्यूल ने बुधवार की शाम छह बजकर चार मिनट पर चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग की ओर इतिहास रच दिया है।आपको बत्ता दें कि अंतरिक्ष की दुनिया में इतिहास रच दिया हैं।चंद्रयान-3 के सफल लैंडिंग के साथ ही इंडिया दुनिया का चौथा देश बन गया। इस मिशन से पूरे भारत में खुशी की लहर मनाई जा रही है। इसी बीच चंद्रयान-3 की सफलता पर जश्न मनाते हुए शुभकामनाएं दी हैं।

## करहवाना निवासी सेवा निवृत शिक्षक आनंद गोपाल साह के निधन पर शोक

**छातापुर।सुपौल।** छातापुर प्रखंड मुख्यालय स्थित सुरपत सिंह उच्च प्लस टू विद्यालय के पूर्व प्रध्यापक व लक्ष्मीपुर खूंटी पंचायत स्थित करहवाना गांव निवासी सेवा निवृत शिक्षक आनंद गोपाल साह का निधन शुक्रवार अहले सुबह (4 बजे के लगभग) हो गया है। वे 95 वर्ष के थे। दिवंगत सेवा निवृत शिक्षक श्री साह इन दिनों अस्वस्थ थे और कुछ दिनों से वे आईजीआईएमएस पटना में इलाजरत थे। जहां शुक्रवार प्रातः चार बजे उन्होने अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर मिलते ही परिवारजन शोकाकुल हो गए और छातापुर प्रखंड क्षेत्र में शोक की लहर दौर गई। घटना की जानकारी होने पर बड़ी संख्या के क्षेत्रीय लोग, शिक्षा विद उनके घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त किया। पटना से पार्थिव शरीर लाये जाने के बाद अपराह्न काल दिवंगत सेवा निवृत शिक्षक श्री साह के करहवाना स्थित नीजि आवास के समीप बगीचे मे शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। शवयात्रा में जनप्रतिनिधि, गणमान्य समेत बड़ी संख्या मे स्थानीय लोग शामिल हुए। दिवंगत श्री साह गोपाल बाबु के नाम से जाने जाते थे। मृदुभाषी सरल व सहज व्यक्तित्व के कारण लोगो के बीच उनका बड़ा आदर भाव रहता था। वे साल 1997 में छातापुर के सूरपत सिंह उच्च विद्यालय छातापुर से सेवानिवृत्त हुए थे। सेवानिवृत्ति के बाद वे घर पर रहकर समाजिक दायित्व का निर्वहन कर रहे थे। वे अपने शैक्षणिक कार्य काल में जहां शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ रख बच्चों को बेहतर शिक्षा देकर उन्हें ताराशने का कार्य करते थे। वे सामाजिक सद कार्य में भी काफी रुचि रखते थे। उनके शिक्षक अवधि की चर्चा करते हुए उनके छात्रों ने बताया की वे बच्चों को कैसे उच्च शिक्षा पाकर बेहतर भविष्य बनाए इसको लेकर सक्रिय बने रहते थे। रिटायर टीचर दिवंगत श्री साह अपने पीछे तीन पुत्र व दो पुत्रियों का भरा पूरा परिवार छोड़ गये हैं। शोकाकुल परिजनों में ज्येष्ठ पुत्र डा. संजय कुमार गुप्ता, मझले पुत्र अधिवक्ता सह व्यवसाई सतीश गुप्ता तथा सबसे छोटे पुत्र बैंक पीओ सत्येंद्र गुप्ता शामिल हैं। इधर, उनके निधन की खबर पर शोक व्यक्त करने वालों में विधायक प्रतिनिधि केशव कुमार गुड्डू, व्यापार मंडल अध्यक्ष गौरी शंकर भगत, भाजपा नेता चंद देव पासवान चंदू, शुशील कर्ण, सूरज चंद प्रकाश, वरिष्ट पत्रकार निर्मल कुमार सुशील, शालिग्राम पांडेय, पवन हजारी, प्रदीप कुमार, संजय कुमार आदि समेत बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोगों के नाम शामिल है।

परीक्षा | आयोजित परीक्षा के जिले के कई परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण

# प्राथमिक माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय अध्यापक प्रतियोगिता परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न



**कैमुर भभुआ, शुभ भास्कर।** जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने बिहार लोक सेवा आयोग, पटना द्वारा आयोजित प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च विद्यालय में शिक्षकों की नियुक्ति हेतु आयोजित परीक्षा के जिले के कई परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया । शारदा ब्रजराज, चिल्ड्रन गार्डन इत्यादि विद्यालयों का निरीक्षण किया अपने निरीक्षण के क्रम में डीएम-एसपी ने ई-एडमिट कार्ड, बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन और फेशियल रिकग्निशन, सीटिंग प्लान, फ्रिक्सिंग स्थल, सीसीटीवी कैमरा, जैमर, वीडियोग्राफी, साफ-सफाई के साथ -साथ प्रतिनियुक्त अधिकारियों एवं कर्मियों की उपस्थिति आदि की उपस्थिति का भी जायजा लिया। आज जिले के कुल-11 परीक्षा केन्द्रों पर दो पालियों में स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त परीक्षा संचालित हुई। गौरतलब हो कि बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय अध्यापक प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन जिला मुख्यालय के कुल-11 परीक्षा केन्द्रों पर आज 25 अगस्त को समाप्त हो गया है। जिलाधिकारी ने प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियो को बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा दिये गये दिशा-निर्देशों का अशरक्षः अनुपालन करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि हर हाल में शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त परीक्षा का संचालन किया जाय। उन्होंने कहा कि कदाचार में लिप्त एवं सह्ययोग करने वाले को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाय। उनके विरूद्ध नियमानुकूल कार्रवाई की जाय। उपरोक्त केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संचालित हुई एवं सभी *प्रतिनियुक्त जोनल/ स्टैटिक दंडाधिकारी/ पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल अपने कर्तव्य पर उपस्थित पाए गए। आज बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित प्राथमिक माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय अध्यापक प्रतियोगिता परीक्षा 2023 जिले के 11 परीक्षा केन्द्रो पर शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। इस दौरान प्रथम पाली में कुल 6314 परिक्षार्थियों के विरूद्ध 3278 परीक्षार्थी उपस्थित रहे और 3036 अनुपस्थित। इसी प्रकार द्वितीय पाली की परीक्षा में 6028 परीक्षार्थियों के विरुद्ध 4497 परीक्षार्थी उपस्थित रहे एवं 1531 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस परीक्षा के लिए भभुआ अनुमण्डल में 09 तथा मोहनियां में 02 कुल 11 केंद्र बनाये गये थे।

# लड़की की मौत, परिजयों ने लगाया दुष्कर्म का आरोप









**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता भभुआं।** (कैमूर) भभुआं चैनपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की लड़की की मौत संदेहास्पद स्थिति में हो गई जहां परिजनों ने उत्तर प्रदेश के मुगलसराय के रहने वाले लड़के पर जबरदस्ती दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है, लड़की की मां ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश के मुगलसराय के रहने वाले लड़के ने घर में आकर मेरी लड़की के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया है जिसके वजह से उसकी तबीयत बिगड़ गई जिसे इलाज के लिए सदर अस्पताल भभुआ में भर्ती कराया है। वही लड़की का इलाज के दौरान मौत हो गई वहीं पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। जब चैनपुर थाना अध्यक्ष से इस मामले की जानकारी लिया गया तो जानकारी देते हुए बताया कि लड़की का लड़के के साथ लगभग तीन चार साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था और लड़की की तबीयत खराब रहती थी इस वजह से लड़की की शादी नहीं हो पा रही थी लड़का कल लड़की से मिलने उसके घर गया हुआ था जहां गांव वालों ने देख लिया बाद में गांव वालों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया लड़का पुलिस हिरासत में है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामले का खुलासा हो पाएगा।

## ख़ास ख़बर

### खुला बोर वेल बना मौत का कुआं



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सुधाकर पाण्डेय गाजीपुर।** खबर जखनियां के करूई ग्राम सभा से है जहां बिरोहियां में जल निगम ( पानी टंकी ) के लिए किया गया बोरिंग आए दिन मौत को दावत दे रहा है। प्राप्त सूचनानुसार विगत कुछ दिनों पहले संबंधित विभागीय कर्मचारियों द्वारा लगभग 12"से 14" चौड़ा और लगभग 300' से 400' गहरा बोरिंग करके बिना ढके ही आधा अधूरा काम करके छोड़ दिया गया है, जो छुट्टा पशुओं और छोटे बच्चों यहां तक कि एक स्वस्थ आदमी भी बड़े आसानी से उसमे समा जायेगा । खुले बोरवेल को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है । हमारे स्थानीय संवाददाता कृष्णा प्रताप त्रिपाठी से बातचीत के दौरान ग्रामीणों ने इसका जमकर विरोध किया , तथा जल्द से जल्द उचित कार्यवाही करने की विभागीय अधिकारियों से मांग किया । आक्रोशित ग्रामीणों की भीड़ में आदित्य,हैप्पी,टोबो छोटू , मुटूर,हर्ष ,सौरभ,मनोहर व पप्पू तिवारी उपस्थित रहे ।

### जमानियां धरमरपुर पक्का पुल से 15 वर्षीय बालिका ने आत्महत्या करने की कोशिश की



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता मनोज कुमार, गाजीपुर।** जमानियां नगर स्थित जमानियां धरमरपुर पक्का पुल से 15 वर्षीय बालिका ने आत्महत्या करने की कोशिश नाकाम लोगों की तत्परता के कारण बालिका की जान बच गई जानकारी के अनुसार गुड़िया उम्र 15 बर्ष पुत्री राम सुधार निवासी चकिया थाना कोतवाली जमानियां गुरुवार की सुबह 10 बजे पक्का पुल पहुंच कर पुल से छलांग लगाने की कोशिश कि इसी दौरान कुछ स्थानीय लोगों ने नाबालिक लड़की को कुदने से पहले उसको बचा लिया और इस घटना की जानकारी स्थानीय कोतवाली पुलिस को की वहीं सूचना घटना स्थल पर पहुंची जमानियां कोतवाली पुलिस वहीं मौके पर पहुंचकर नाबालिक लड़की को पकड़ कर कोतवाली लाएं जिसके उसके पिता को बुलवा कर घटना के बारे में अवगत कराया गया जिसके बाद पिता को समझना चाहिए था लेकिन थाना कोतवाली में ही लड़की को मारने पीटने लगे इस घटना को देख कर कोतवाली पुलिस ने पिता को समझाया की ये सही नही है। संयोग अच्छा था उस समय पक्का पुल पर टहल रहे लोगों ने फौरन पकड़ लिया और उसकी जान बच गई इस बाबत कोतवाली प्रभारी महेंद्र सिंह ने बताया कि घटना की सूचना पर कोतवाली पुलिस पहुंच कर कोतवाली में लाई गई जिसके बाद पिता को बुला कर लड़की को सुपुर्द किया गया।

### अतिक्रमण मुक्त के बगैर जल निकासी संभव नहीं,प्रखंड विकास पदाधिकारी रघुनंदन आनंद जी



**दैनिक शुभ भास्कर,फिरदौस अहमद, भागलपुर ( बि हा र ) जगदीशपुर।** पंचायत पुरैनी उत्तरी एवं दक्षिणी के खरादी मोहल्ले पुरैनी जल निकासी एवं अतिक्रमण को लेकर दोनों पंचायत के जनप्रतिनिधि जिला परिषद मुखिया सरपंच समिति एवं बिहार राज्य महिला सदस्य राबिया खातून प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री रघुनंदन आनंद जी एवं अंचलाधिकारी श्री सुजीत कुमार जी के साथ साथ गांव की बुद्धिजीवियों द्वारा एक बैठक हुई जिसमें कहा गया कि एक सप्ताह के अन्दर पुरैनी यूको बैंक से होते हुए शमशाद चायवाला के दुकान तक एवं मुख सड़क पंचायत भवन दक्षिणी से होते हुए मध्य विद्यालय पुरैनी तक अभिलंब अतिक्रमण एवं जल निकासी से मुक्ति मिल जाएगी जबकि 22 मोहल्ले का पानी इसी खरादी मोहल्ला होकर गुजरता है हालत इतनी बदतर हो चुकी है हल्की सी बारिश में मोहल्ले के लोगों को जीना मुहाल हो जाता है।ऊपर से क्षतिग्रस्त रोड हर 2 फीट पर 7 फीट गड्ढा और इसी गंदे और सड़े हुए पानी से चलकर अपने घर तक लोगों को आना जाना पड़ रहा है इधर प्रखंड एवं अंचल के पदाधिकारी द्वारा कहा गया है दो चार दिनों में समस्या का समाधान हो जायेगा अतिक्रमणकारियों का नोटिस तैयार हो चुका है सोमवार मंगल से नोटिस मिलना शुरू हो जाएगा नोटिस तमिला मिलने के एक सप्ताह तक प्रशासन इंतजार करेगा अतिक्रमणकारी खुद अपने अतिक्रमण से छुटकारा ले लें नहीं तो चलेगी बुलडोजर। पुरैनी के ग्रामीण जनता को पूरा भरोसा और उम्मीद है कि दोनों पंचायत के जनप्रतिनिधि प्रशासन आजादी के बाद से हो जलजमाव समस्या एवं अतिक्रमण से मुक्ति मिलेगी। दक्षिणी पंचायत के मुखिया शाहबाज साहब उत्तरी मुखिया प्रतिनिधि असीम जफर जिला परिषद हाशिम दिलकश उर्फ गुलजार ग्राम कचहरी सचिव फिरदौस अहमद सरपंच प्रतिनिधि नूर आलम उर्फ बबलू, मेराज उर्फ लालू राजद नेता अकबर अंसारी सामाजिक कार्यकर्ता अब्दुल सलाम, जुल्फिकार चायवाला परवेज चायवाला राशिद उर्फ मिस्टर वार्ड सदस्य मुस्ताक आलमगीर इश्तियाक मुख्तार रिजवान सभी ने एक स्वर में कहा कि यह जलजमाव का समस्या बहुत बड़ी समस्या है अपने साबिक जगह पर नाले का निकासी नहीं होता है जो अतिक्रमणकारियों द्वारा अतिक्रमण कर रखा है तब तक जल निकासी संभव नहीं है अतिक्रमणकारियों द्वारा अपने फायदे के लिए हजारों लोगों को नर्क में धकेल दिया है मासूम बच्चे बुढ़ा बुजुर्ग लोग बीमार हो रहे हैं।

# ग्राम चौपाल में डीएम नाराज, मांगा स्पष्टीकरण



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर।** जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन विकास खण्ड सैदपुर के ग्राम पंचायत मिर्जापुर मे किया गया। चौपाल में जिलाधिकारी ने व्यक्तिगत शौचालय, आवास, हैंड पम्प के संचालन, वृद्धापेंशन, दिव्यांगजन पेंशन, विधवा पेंशन, राशन वितरण के सम्बंध में जानकारी ली एवम प्रत्येक पात्र व्यक्तियों को योजना का लाभ दिलाये जाने का निर्देश दिया। उन्होने बच्चों के टिकाकारण एवम ई कवच पोर्टल पर फीडिंग एवम दवाओं की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होने ग्राम में छूटे पात्र व्यक्तियों के राशन कार्ड बनाये जाने एवं छुटे हुए नामों को बढ़ाने का निर्देश दिया। उन्होंने बी सी सखी से गाव में किये गए कार्यो की जानकारी ली तथा गांव के ऐसे बूढ़े बुजुर्ग जो बैंक तक नही जा सकते, उनकी बैंकिंग सेवा में सहयोग हेतु बी सी सखी को निर्देश देते हुए गॉव में स्वयं सहायता समूहों की संख्या बढ़ाने को कहा। इस ग्राम चौपाल में सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचने का सत्यापन किया गया। ग्राम वासियों को चौपाल में सरकार द्वारा संचालित लाभार्थीपरक योजनाओं की भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर ग्रामीणों की समस्याओं को सुनते हुए पेंशन योजना का लाभ दिलाये जाने के संबंध में निर्देशित किया। उन्होने खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि निराश्रित, विधवा एवं वृद्धावस्था पेंशन के पात्र लाभार्थियों का चयन करते हुए पेंशन का लाभ दिलाया जायें। चौपाल मे प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को अध्यापकों द्वारा दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता/स्तर के संबंध में भी चौपाल के दौरान ग्राम वासियों से जानकारी ली गयी। चौपाल में ग्रामीणो द्वारा ग्राम विकास अधिकारी मीनू देवी के गावॅ में न आने एवं शासकीय कार्य मे लापरवाही की शिकायत की गयी जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्टीकरण देने को कहा। ए0डी0ओ0 पंचायत सैदपुर के कार्य में लापरवाही पाये जाने पर जिलाधिकारी ने स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने चौपाल में ग्रामवासियों की शिकायतो को सुनकर गुणवत्तापूर्ण तत्काल निस्तारण करने का सम्बन्धित अधिकारीयो को निर्देशत किया। चौपाल के उपरान्त जिलाधिकारी ने प्राइमरी विद्यालय मिर्जापुर मे पौधरोपण किया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी, उपजिलाधिकारी सैदपुर, समस्त सम्बन्धित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## किसी भी वाहन पर जाति सूचक शब्द लिखवाकर चलना पड़ेगा महंगा






**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता अंकित दुबे, गाजीपुर शादियाबाद।** अगर आपके किसी भी प्रकार के वाहन पर जाति सूचक शब्द लिखा है, तो इसे तुरंत हटवा लें वरना आपकी गाड़ी का चालान पुलिसकर्मी और आरटीओ द्वारा फोटो खींचकर काट दिया जाएगा। इससे आपको पांच हजार रुपए का झटका लग सकता है। इस संबंध में सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद गाज़ीपुर पुलिस अधीक्षक ओम वीर सिंह ने सभी थाना प्रभारियों और यातायात पुलिस को कार्रवाई का निर्देश दिया है। प्रदेश सरकार ने वाहनों पर जाति सूचक शब्दों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। वाहनों पर जाति और पद का स्टीकर लगे होने पर गाड़ी का चालान काट दिया जाएगा। इसके अलावा वाहन मालिक को भारी चालान भी भरना पड़ सकता है। जाति सूचक शब्द जैसे अगर आपकी गाड़ी पर खान, यादव, क्षत्रिय, पंडित, जाट, राजभर ऐसे कोई भी जाति सूचक शब्द लिखा है तो पुलिस आपके खिलाफ कार्रवाई करेगी। मोटर वाहन एक्ट के मुताबिक, नंबर प्लेट पर अगर नंबर के अलावा कुछ भी लिखा है, तो परिवहन विभाग ऐसे वाहन और वाहन मालिक के खिलाफ कार्रवाई भी कर सकती है। वाहन पर जाति लिखवाकर चलना गलत है। क्योंकि, इससे ऐसा लगता है कि रौब दर्शाया जा रहा है। ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई किया जा रहा है। आप सभी लोग यातायात नियमों का पालन करें।

## चोरी की मोटरसाइकिल के साथ दो गिरफ्तार




**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर।** अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत सैदपुर कोतवाली पुलिस ने दो अभियुक्तों को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस टीम ने थाने पर दर्ज मुकदमे से सम्बन्धित अभियुक्त अमित कुमार पुत्र रामप्रसाद राम निवासीग्राम कनेरी थाना सादात जनपद गाजीपुर तथा कृष्ण कुमार पुत्र दरबारी राम निवासी परसनी थाना सैदपुर जनपद गाजीपुर को बौरवा लोहे की पुलिया थाना सैदपुर जनपद गाजीपुर पर समय 21.15 बजे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम ने अभियुक्त के कब्जे से एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद किया। अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को न्यायालय भेजा गया । गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक हैदर अली मंसूरी, आरक्षीगण राकेश पाल, अक्षय कुमार, अनिकेत कुमार व करुणेश कुमार थाना सैदपुर जनपद गाजीपुर शामिल रहे।

# एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने वाले दो गिरफ्तार



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर।** सदर कोतवाली, पुलिस ने एटीएम/क्रेडिट कार्ड चोरों के गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम ने उनके कब्जे से 52 पीस एटीएम/क्रेडिट कार्ड व अन्य कार्ड, 5000 रुपये नगद तथा एक मोटर साइकिल बरामद किया है। बताते चलें कि अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत सदर कोतवाली पुलिस टीम द्वारा शहर के खोवामण्डी चौराहे पर स्थित हाई-टेक एटीएम के पास से दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से उपरोक्त बरामदगी की। गिरफ्तार अभियुक्तों में प्रभात गुप्ता पुत्र पुनीत गुप्ता निवासी संजय नगर कालोनी पहडिया थाना कैण्ट जनपद वाराणसी तथा ज्ञानेन्द्र सिंह राठौर पुत्र रंजीत सिंह राठौर निवासी सीरगोबर्धन काशीपुरम कालोनी थाना लंका जनपद वाराणसी रहे। इन पर आधा दर्जन अपराधिक मामले विभिन्न जनपदों में दर्ज हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ करने पर बताया कि हम दोनो लोग तथा हमारा एक साथी जिसका नाम दिलीप गुप्ता पुत्र लल्लू गुप्ता निवासी संजय नगर कालोनी पहड़िया थाना कैण्ट जनपद वाराणसी, आपस में मिलकर एटीएम मशीन के बाहर खडे रहते है, जो लोग एटीएम कार्ड से पैसा नही निकाल पाते हैं, या उन्हे एटीएम कम चलाना आता है, तो हम लोग उनकी मदद करने के बहाने उनका एटीएम पिन जानकर, धोखे से उनका एटीएम बदल कर हट जाते हैं। हम तीनों लोग दिनांक 18.अगस्त.2023 को हाई-टेकी एटीएम मशीन से एक व्यक्ति का एटीएम पिन जानकर उसका कार्ड बदलकर दूसरे एटीएम मशीन में जाकर उसके 78000 रूपये निकाल लिये थे तथा गाजीपुर मे ही मार्च 2023 मे रौजा स्थित पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम से एक महिला के कार्ड का पिन जानकर उसका कार्ड बदलकर उसका पैसा हम तीनो लोगो द्वारा निकालकर दोनो कार्ड फेक दिया था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्व नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए उन्हें न्यायालय के सुपुर्द किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक तेज बहादुर सिंह मय हमराह थाना कोतवाली, जनपद गाजीपुर, उपनिरीक्षक देवेन्द्र बहादुर सिंह, चौकी प्रभारी रजदेपुर, थाना कोतवाली, उपनिरीक्षक भूपेन्द्र कुमार निषाद, चौकी प्रभारी रजांगज थाना कोतवाली व मुख्य आरक्षी रामप्रवेश यादव और आरक्षी नागेन्द्र कुमार थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर शामिल रहे।

### मेडिकल कॉलेज में दूरबीन विधि से होगा ऑपरेशन



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर।** शुक्रवार को महर्षि विश्वामित्र स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में Laproscopic सर्जरी (दूरबीन विधि से आपरेशन) डा० दीपिका पाटिल सह आचार्य सर्जरी विभाग एवं समस्त टीम के द्वारा किया गया। इसका उद्घघाटन जिलाधिकारी आर्यका अखौरी द्वारा किया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी एवं प्रधानाचार्य सहित अन्य संकाय सदस्य ओ०टी में मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने ओटी में पहुंच कर ऑपरेशन किए गए मरीज का हालचाल पूछा। जिलाधिकारी को प्रधानाचार्य ने बताया कि Laproscopic मशीन (दूरबीन विधि द्वारा) से Gall Bladder, Appendix, Uterus, Hernia इत्यादि का आपरेशन किया जाएगा। इस मौके पर जिलाधिकारी द्वारा वार्ड, ब्लड बैंक तथा ब्लड कम्पोनेन्ट सप्रेंशन यूनिट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी सन्तोषजनक नजर आई।

### जावेद खान पत्रकार की पत्नी का हृदय गति, रुकने से देहांत





**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सुधाकर पाण्डेय, मोहम्मदाबाद।** गाज़ीपुर जावेद खान पत्रकार की पत्नी का निधन पर शोक मोहम्मदाबाद गाज़ीपुर मोहम्मदाबाद थाना अंतर्गत मुकीं खुर्द निवासी स्वतंत्र पत्रकार जावेद खान की पत्नी श्रीमती राजदा खातून की हृदय गति रुकने से अपने निवास मूकीं,में रात्रि लगभग 3:00 बजे भर में निधन हो गया वे अपने पति दो पुत्र वह दो पुत्री को सहित हरा भरा परिवार को छोड़कर चली गई जिनका उम्र लगभग 56 वर्ष की थी बताया जाता है कि उक्त महिला की शिक्षा दीक्षा कोलकाता में हुई थी पतिदेव पेशा से अधिवक्ता थे लेकिन कुछ वर्ष पहले ही,वो वाकला छोड़कर शम्स मॉडल स्कूल,मुकीं,मे चलते थे पत्नी राजदा खातून उक्त विद्यालय का प्रधानाचार्य रहकर विद्यालय का नाम रोशन करने अगस्त रहती और उनका भावना उपकार बनी रही कहा जाता था कि उक्त महिला राजदा खातून घर बसाने में लक्ष्मी का कार्य करती रही एक दूसरे पर दया की भावना के साथ रहती थी जिनकी चर्चा लोगों के बीच बनी है निधन की खबर सुनकर सभी लोग चकित रहे और शोक में डूबे रहे राजदा खातून के निधन पर अधिवक्ता व पत्रकार समाजसेवी एवं अन्य लोग शोक मनाए उनका अंतिम संस्कार गांव के ही कब्रिस्तान में खाके,सुपुत्र कर दिया गया।

### वाहनों पर सांप्रदायिक एवं जाति सूचक शब्द लिखने को लेकर करंडा थाना पुलिस मुस्तैद





**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कड़ा रुख अपनाते हुए सड़कों पर चलने वाले वाहनों पर जाति सूचक शब्द एवं सांप्रदायिक शब्दों के लिखे होने पर आपत्ति जताते हुए निर्देश दिए हैं कि ऐसे वाहनों पर जिन पर की जाति सूचक शब्द लिखे हो ट्रैफिक पुलिस द्वारा कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सड़कों पर अमूमन वाहनों पर आपको कई जाति के नाम लिखे हुए नजर आ जाएंगे। ऐसे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह निर्देश दिया है कि उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में ऐसे वाहनों पर कार्रवाई की जाय। करंडा थाना क्षेत्र के मनिकपुर कोटे पर उप निरीक्षक सुरेश चंद्र पांडेय व हेड कांस्टेबल कृष्णानंद चौरसिया ने वाहनों को रोककर चेकिंग किया। थाना पुलिस उनका चालान भी काट रही है ।

**खेल** | राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में खेल पखवाड़े का आयोजन

# तीन हजार मीटर दौड़ प्रतियोगिता में अंश कुमार प्रथम स्थान पर



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठीख, गाजीपुर।** राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में खेल पखवाड़े का आयोजन दिनांक 21 अगसत 2023 से 29 अगस्त 2023 तक नेहरू स्पोर्टस स्टेडियम गोराबाजार गाजीपुर में जिला प्रशासन के सहयोग से किया जा रहा है। जिसमें क्रम में आज दिनांक 25-08-2023 को 3000 मीटर रेस बालक/बालिकाओं की एवं 200 मीटर बालिकाओं की एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में लगभग 100 बालक/बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। जिसके तहत 3000 मीटर बालक वर्ग में अंश कुमार यादव प्रथम, प्रकाश प्रजापति द्वितीय, अंकित कुशवाहा तृतीय रहें व 3000 मीटर बालिका वर्ग में नन्दनी राजभर प्रथम, आरती यादव द्वितीय, वर्तिका पाण्डेय तृतीय रही एवं 200 मीटर बालिका वर्ग में रेखा कुमारी प्रथम, कल्पना सिंह द्वितीय, अन्नया तृतीय रही।इस प्रतियोगिता को सर्वदेव सिंह यादव सेवानिवृŸा क्रीड़ाधिकारी, झण्डी दिखाकर प्रारम्भ कराया गया, इस अवसर पर ग्यासुद्दीन अहमद जिला सचिव हॉकी संघ गाजीपुर, दिनेष यादव पूर्व राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी, राधेश्याम सिंह यादव खो-खो कोच, बृजेश कुमार हॉकी कोच, प्रदीप राय भारोŸाोलन कोच, योगेन्द्र सिंह वॉलीबाल कोच, सुश्री अंजनी वर्मा कबड्डी कोच, सावित्री कुशवाहा अध्यापिका कस्तुरबा विद्यालय गाजीपुर उपस्थित थे।दौड़ प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में विनोद कुमार जायसवाल एथलेटिक्स कोच, विजय एथलेटिक्स कोच (खेलो इण्डिया सेन्टर) के द्वारा किया गया।

# गाज़ीपुर मे 18 सूत्रीय मांगों के समर्थन में शिक्षको ने किया बैठक



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता अंकित दुबे, गाजीपुर।** पुरानी पेंशन बहाली,10 लाख का सामूहिक बीमा, राज्य कर्मचारियों की भांति उपार्जित अवकाश, विद्यालयों में प्रधानाध्यापक के पद पर पदोन्नति, सभी शिक्षकों को प्रोन्नति वेतनमान सहित 18 सूत्रीय मांगों के समर्थन में 4 सितम्बर को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय गाजीपुर में होने वाले प्रदर्शन की तैयारी के लिए ब्लॉक कार्यसमिति की आवश्यक बैठक दिनांक 25/08/2023को प्राथमिक विद्यालय मटखन्ना पर ब्लॉक अध्यक्ष दीपक जायसवाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष ने कहा कि बेसिक शिक्षा परिषद के नियन्त्रणाधीन विद्यालयों में 2005 के बाद नियुक्त शिक्षकों को पुरानी पेंशन दी जाएं। राज्य कर्मचारियों की भांति कैशलैस चिकित्सा, प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक विद्यालयों में प्रधानाध्यापक के पद पर पदोन्नति की जाएं एक ही पद पर लगातार 22 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर प्रोन्नत वेतनमान दिया जाए।जब तक सरकार उनकी मांगे पूरी नहीं करती है तब तक यह संघर्ष जारी रहेगा, अध्यापकों के अधिकारों के लिए उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ हमेशा लड़ाई लड़ता रहा है जब तक हमारी 18 सूत्रीय मांगें पूरी नहीं होती तब तक जिला स्तर से प्रदेश स्तर तक संघर्ष जारी रखेगा। उन्होंने पदाधिकारियों से आह्वान किया कि ब्लॉक के प्रत्येक विद्यालय से अधिक से अधिक संख्या में अध्यापक धरना प्रदर्शन में शामिल होकर अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करें। बैठक में पंकज सिंह, शिवकुमार राम, विश्वनाथ प्रताप सिंह,विनोद कुमार पाण्डेय, महेंद्र प्रताप यादव, चन्द्रशेखर सिंह यादव, सन्तोष यादव, रामनारायण सिंह यादव, अवधेश नारायण सिंह यादव, आत्मप्रकाश, घनश्याम प्रसाद, महेंद्र प्रताप सिंह यादव,अजय यादव, वीरेन्द्र कुमार मौर्य,संजय मौर्या, धर्मदेव कुशवाहा,राम सिंह,अनुराग यादव सहित सभी पदाधिकारीगण व संरक्षकगण उपस्थित हुए सभी ने शिक्षक हित में अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष राजनारायण सिंह यादव व संचालन प्रधानाध्यापक जितेन्द्र कुमार यादव व ब्लांक मंत्री रणजीत कुमार ने किया।

# ख़ास ख़बर

## बीएलओ तथा सुपरवाइजर के साथ अंचलाधिकारी सुनीता किस्कु ने की बैठक



**दैनिक शुभ भास्कर,सुष्मिता कुमारी, नाला/जामताड़ा।** मतदाता विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को नाला प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी सुनीता किस्कु ने सभी बीएलओ तथा सुपरवाइजर के साथ बैठक की। इस दौरान विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 के तहत घर- घर सत्यापन कार्यक्रम के तहत सभी बीएलओ तथा सुपरवाइजर को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान मतदाता पर्ची कलेक्शन संबंधि समीक्षा की गई । इस अवसर पर अंचलाधिकारी सुनीता किस्कु ने कैम्प मूड में बीएलओ रेजिस्टर का ऑनलाइन एंट्री करने का निर्देश दिया। इस क्रम में उन्होंने सभी बीएलओ तथा सुपरवाइजर को पारदर्शिता पूर्वक तथा समर्पित होकर निर्वाचन कार्य को संपन्न कराने का निर्देश दिया। इस अवसर पर बैठक में निर्वाचन कार्यालय के कंप्यूटर ऑपरेटर राजेन्द्र कुमार, पर्यवेक्षिका विभा सिन्हा,कंचन कुमारी, हेल्प डेस्क मेनेजर सुनील कुमार मिश्रा, राहुल कुमार, मुकेश कुमार, अविनाश किस्कु, सुपरवाइजर मंगलमय मंडल, रविंद्र सिंह, संजय कुमार, मुनू मुर्मू, शिवली हालदार,शांता दास,चंपा रानी घोष, शेफाली मंडल ,संध्या महतो ,फुलटूसी बाउरी, सुशीला हेम्ब्रम, बनलता घोष, उर्मिला हेम्ब्रम, जलोनी हेम्ब्रम, अष्टमी टुडू, मालतिका टुडू, चायना बाउरी,कल्याणेश्वरी माजी,नीलम कुमारी, में मंडल,जयंती टुडू के अलावे राजस्व कर्मचारी आदि मौजूद थे।

## दिव्यांग जांच सह उपकरण वितरण शिविर 28 अगस्त को बीआरसी भवन दुलाडीह जामताड़ा में



**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा।** शिविर में 3 से 18 वर्ष आयु वर्ग तक के सभी जरुरतमंद दिव्यांग बच्चों को योजना का लाभ मिलेगा। विदित हो कि झारखंड शिक्षा परियोजना के अंतर्गत संचालित समावेशी शिक्षा के तहत 28 अगस्त को दिव्यांग बच्चों का जांच उपकरण वितरण को लेकर बीआरसी भवन दुलाडीह में शिविर आयोजित की जाएगी। इसकी जानकारी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी मिलन कुमार घोष ने दी। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023- 24 का प्रखंड स्तरीय जांच सह सहायक उपकरण को लेकर शिविर लगेगा। शिविर के माध्यम से 3 से 8 साल के आयु वर्ग के दिव्यांग बच्चे जैसे मुखबधिर,नेत्रहीन, शारीरिक दिव्यांग सहित सभी प्रकार के दिव्यांग बच्चों का जांच विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा किया जाएगा। जांच के बाद जरूरतमंद बच्चों के उपकरण के लिए चिन्हित किया जाएगा। साथ ही वित्तीय वर्ष 2022-23 में लगे शिविर के दौरान चिन्हित किए गए जरूरतमंद बच्चों के बीच व्हीलचेयर,सीपी चेयर, ट्राई साइकिल, हियरिंग एड, बैसाखी आदि उपकरण निशुल्क दिया जाएगा। सरकार का उद्देश्य है की सामान्य बच्चों की तरह उन्हें भी नियमित विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले। इसके लिए बच्चों का दिव्यांगता के अनुरूप निशुल्क उपकरण दिया जाना है।

## बीआरसी करमाटांड में सहायक सामग्री व उपकरण वितरण एवं जांच शिविर आयोजित



**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा/करमाटाड़।** झारखण्ड शिक्षा परियोजना,जामताड़ा एवम एलिम्को भुवनेश्वर के संयुक्त तत्वावधान में बीआरसी करमाटांड में शुक्रवार को प्रखण्ड के सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों का सहायक सामग्री तथा उपकरण वितरण एवं जांच शिविर आयोजित किया गया।6 बच्चों को पूर्व में किए गए जांच के अनुसार सहायक सामग्री तथा उपकरण दिए गए।साथ ही 75 नए बच्चों की जांच की गई। जिसमे 45 उपकरण दिए जाने योग्य पाए गए। ये सभी 45 उपकरण एवं सहायक सामग्री एलिम्को भुवनेश्वर द्वारा तैयार कर उपलब्ध करायी जायेगी। एलिम्को भुवनेश्वर से विशेषज्ञ टीम में डॉक्टर दीपक कुमार मंडल,डॉक्टर शशि,पवन सिंह एवं राहुल शर्मा,डॉक्टर जय चंद्र तथा जिला कार्यालय से एपीओ उज्वल मिश्र उपस्थित थे।प्रखण्ड की बीपीओ श्रीमती सावित्री किस्कू,रिसोर्स शिक्षक शशि शेखर, करुणा कुमारी,फिजियोथैरेपिस्ट विवेक विकास चंद्र और विपुल कुमार शिक्षक राजेश कुमार दांगी सहित अन्य की भूमिका शिविर के सफल आयोजन में अहम रही। वही एपीओ उज्वल मिश्र ने बताया कि 26 अगस्त बीआरसी नारायणपुर, 28अगस्त बीआरसी जामताड़ा, 29 अगस्त बीआरसी फतेहपुर, 31 अगस्त बीआरसी नाला, 1 सितंबर बीआरसी कुण्डहित में शिविर आयोजित की जाएगी।

# मनरेगा, पीएम आवास, जेएसएलपीएस एवं जेटीडीएस का समीक्षा बैठक



**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा।** शुक्रवार को उपायुक्त कार्यालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी जामताड़ा शशि भूषण मेहरा की अध्यक्षता में मनरेगा, पीएम आवास, जेएसएलपीएस एवं जेटीडीएस द्वारा संचालित योजनाओं/ कार्यों के प्रगति की अद्यतन प्रतिवेदन का समीक्षा किया गया। मनरेगा के अंतर्गत बिरसा आम बागवानी, दीदी बाड़ी योजना, बिरसा कूप संवर्धन, वीर शहीद पोटो हो खेल मैदान, ग्राम स्तर पर अधिकतम रोजगार उपलब्ध कराने हेतु योजनाओं की समीक्षा की गई। जिसमें उपायुक्त ने जिले के सभी पंचायतों में खेलने के लिए स्थल का चयन कर खेल मैदान विकसित करने हेतु वीर शहीद पोटो हो खेल मैदान का क्रियान्वयन करने का निर्देश दिया एवं कहा कि इसमें कहां पर समस्या आ रही है इसे बताएं ताकि निष्पादन किया जा सके, साथ ही इसका अद्यतन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बिरसा हरित ग्राम योजना, बिरसा आम बागवानी में लक्ष्य की शत-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने, शत- प्रतिशत आधार सीडिंग करने, बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना की स्वीकृति आदि की समीक्षा कर आवश्यक एवं उचित दिशा निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने समीक्षा के दौरान कहा कि आप लोग अपनी जिम्मेवारी को अच्छे से समझें, समाज के लिए कुछ बेहतर प्रयास करें, सरकार के द्वारा आम लोगों के आर्थिक एवं सामाजिक संवर्धन के लिए कई योजनाए चलाई जा रही है, इसका शत प्रतिशत लाभ उन्हें दें। मनरेगा योजना से अधिक से अधिक महिलाओं को जोड़ें और कम से कम 5- 6 योजनाओं का प्रत्येक ग्राम स्तर पर कार्यान्वयन सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने ओनगोइंग योजनाओं की भी समीक्षा की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने बिरसा हरित ग्राम योजना से लोगों को आच्छादित करने, अमृत सरोवर (डोभा/तालाब) के पिंड पर पौधारोपण हेतु निर्देश दिया। इसके अलावा उपायुक्त ने सब्जी की खेती करने तथा डीप इरिगेशन हेतु लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने आगे कहा कि आप लोग अमरूद,एप्पल बेर, ड्रेगन फ्रूट एवं अन्य मौसमी फल जरूर लगाएं। इन फलों का बहुत महत्व है, लोग इससे अपनी आर्थिक स्थिति में भी सुधार हो सकेगा। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को हर हाल में लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु निर्देश दिया। इसके लिए जरूरी कार्य योजना बनाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि योग्य किसानों को केसीसी का लाभ जरूर मिले इसके लिए भी पहल करें। वहीं जेएसएलपीएस के डीपीएम को उपायुक्त ने कहा की कृषि संबंधित कुछ योजना को तैयार करें ताकि सखी दीदियों को इसे जोड़ के उन्हें आवश्यक रोजगार मुहैया कराई जा सके। मिलेट्स, सरसों से तेल उत्पादन, गेहूं से आटा, चावल, सहित अन्य उत्पाद तैयार करें एवं अच्छा मुनाफा अर्जित कर सके। वहीं जेएसएलपीएस के डीपीएम से उपायुक्त ने विभिन्न जानकारियां प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा दिया। इसके अलावा जेएसएलपीएस के एक जिला एक उत्पाद, पलाश ब्रांड, एसएचजी सखी मंडलों आदि से जुड़े कई बिंदुओं पर भी समीक्षा कर उचित दिशा निर्देश दिया। वहीं पीएम आवास योजना में उपायुक्त ने दिए गए लक्ष्य एवं इसके विरुद्ध निर्धारित लक्ष्य की समीक्षा कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि जिन्हें आवास उपलब्ध कराया गया है एवं सभी किस्तों का भुगतान हो गया है। उनका अनिवार्य रूप से समय पर आवास निर्माण कार्य पूरा हो जाए संबंधित पदाधिकारी सुनिश्चित करेंगे।

## सशक्त एसएमसी से ही विद्यालय का संचालन सही हो सकता है- डीईओ गोपालकृष्ण झा



**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा।** शुक्रवार को प्रखण्ड परिसर जामताड़ा में स्थित जिला स्तरीय पुस्तकालय भवन में जिले के कुल 72 सीआरपी बीआरपी का एसएमसी प्रशिक्षक के रूप में प्रशिक्षण कराया गया।प्रशिक्षण एपीओ उज्वल मिश्र तथा सीआरपी राघवेन्द्र नारायण सिंह ने दिया।कार्यक्रम की शुरुआत जिला शिक्षा पदाधिकारी गोपालकृष्ण झा एवं जिला शिक्षा अधीक्षक दीपक राम ने दीप प्रज्वलन कर किया।अपने संबोधन में दीपक राम ने सभी प्रतिभागियों को कहा कि यहां प्रशिक्षण पाने के उपरान्त अपने अपने संकुल के विद्यालयों में समय सीमा के अंदर कैलेंडर बनाकर प्रशिक्षण कराएं।प्रशिक्षण मॉड्यूल का पूरा ध्यान रखते हुए प्रशिक्षण कराना आवश्यक होगा ताकि एसएमसी अपने दायित्वों को समझें और विद्यालय के विकास में अपने दायित्व पर खरा उतारें। डीईओ श्री झा ने कहा कि एक सशक्त एसएमसी से ही विद्यालय का संचालन सही हो सकता है।विद्यालय की कमियों को दूर करना और सरकारी सुविधाओं का सही उपयोग करने के लिए जागरूक एसएमसी की आवश्यकता है।इसलिए इन्हें लगातार प्रशिक्षित करना आवश्यक है। ज्ञात हो की जामताड़ा जिले में 1030 सरकारी विद्यालय हैं। जिनमे एसएमसी गठित है। इन एसएमसी को एक माह के अंदर सभी सीआरपी बीआरपी दो दिवसीय प्रशिक्षण देंगे।

## मंडल कारा के कैदियों एवं कर्मचारियों को खिलाया गया आईडीए का दवा




**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा।** शुक्रवार को आईडीए प्रोग्राम के तहत जामताड़ा जिला के मंडल कारा में मौजूद कैदियों को एवं मंडल कारा में कार्यरत कर्मचारियों को आईडीए का दवा खिलाया गया। दवा खिलाने के पहले मौजूद सभी लोगों को आईडीए के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए एमपीडब्ल्यू मनोज तिवारी के द्वारा यह बताया गया कि आईडीए का प्रोग्राम फाइलेरिया बीमारी को जड़ से मिटाने के लिए चलाया जाता है। यह फाइलेरिया बीमारी मच्छरों के काटने से फैलता है और हमारे आसपास मच्छरों की संख्या पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। विशेष कर बरसात के समय मच्छरों की संख्या काफी ज्यादा बढ़ जाती है क्योंकि घर के अगल-बगल कई स्थानों पर जल जमाव होने लगता है। इसी कारण से आईडीए प्रोग्राम के माध्यम से सभी लोगों को स्वास्थ्य विभाग के द्वारा दवा का सेवन बिलकुल मुफ्त में कराया जाता है ताकि उन्हें फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी से बचाया जा सके। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जामताड़ा के स्वास्थ्य कर्मियों एवं कई पदाधिकारी के द्वारा दवा खिलाने का कार्य किया गया। कुल मिलाकर 115 लोगों को दवा खिलाया गया। स्वास्थ्य कर्मियों के टीम में मौजूद रमेश ठाकुर ( मलेरिया पदाधिकारी धनबाद), मुकेश कुमार (पीसीआई एनजीओ), अरिजीत मंडल, विनोद कुमार, शेखर कुमार, अलता कुमारी, अंजू कुमारी, अलीशा मरांडी एवं डॉ राजदेव सिंह मौजूद थे।

## प्रधानमंत्री अपनी नाक के नीचे हो रहे घोटालों पर चुप्पी कब तोड़ेंगे- हरिमोहन मिश्रा




**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा।** एनडीए सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार पर सीएजी (कैग)रिपोर्ट के खूलासे पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य रूप से कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष हरिमोहन मिश्रा उपस्थित थे। जिला अध्यक्ष हरिमोहन मिश्रा ने कहा कि कैग के रिपोर्ट के अनुसार एनडीए के सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त है। सीएजी ने मोदी सरकार के सात घोटाले का पर्दाफाश किया है। जीस झूठी ईमानदार छवि की गला फाड़ फाड़ कर प्रधानमंत्री दम भरते हैं वह ध्वस्त हो चुकी है। केग ने भारत माला प्रोजेक्ट में फर्जीवाड़े का पोल खोला है। सड़क की लागत में लगभग 100% वृद्धि का खुलासा हुआ है। केक ने टोल नियमों के उल्लंघन का खुलासा करते हुए बताया कि एन एच ए आई ने गलत तरीके से यात्रियों से 132 करोड़ पर वसूले हैं। कैग ने आयुष्मान भारत योजना में हो रही धांधली का भी पर्दाफाश किया है। जिसमें मृत लोगों को जीवित दिखाकर भुगतान किया गया है। कैग ने अयोध्या डेवलपमेंट प्रोजेक्ट में ठेकेदारों को अनुचित लाभ पहुंचाने का घोटाला भी उजागर किया है कैग ने बताया है कि ग्रामीण विकास मंत्रालय ने अपनी पेंशन योजनाओं के दो करोड़ 83 लाख रुपए केंद्र की अन्य योजनाओं के प्रचार में खर्च कर दिया है। सीएजी ने एच ए एल पर विमान इंजन की डिजाइन प्रोडक्शन में खामियां का गंभीर आरोप लगाया है। जिसमें 159 करोड रुपए का नुकसान हुआ है। जिला अध्यक्ष हरिमोहन मिश्रा ने ने कहा कि प्रधानमंत्री अपनी नाक के नीचे हो रहे इन घोटालों पर चुप्पी कब तोड़ेंगे। प्रेस वार्ता के मौके पर मुख्य रूप से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विजय दुबे,अजीत दुबे, नंदकिशोर सिंह, कराली चरण सरखेल, विनोद क्षत्रिय विमल भैया सहित कांग्रेसी नेता उपस्थित थे।

## मधुस्थली विद्यापीठ कैंपस में दो दिवसीय रीजनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/देवघर।** मधुपुर शहर के सलैया ग्राम में स्थित मधुस्थली विद्यापीठ कैम्पस में सी०आई०एस०सी०ई गेम्स एण्ड स्पोर्ट्स-2023 के अन्तर्गत ए०एस०आई०एस०सी० रीजनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप प्रतियोगिता का दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले तीन जोन जमशेदपुर,धनबाद एवं देवघर के खिलाड़ी शामिल हुए| जिस में जमशेदपुर,धनबाद तथा मधुस्थली विद्यापीठ एवं संत फ्रांसिस स्कूल देवघर के जोनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता के विजयी खिलाड़ी थे| चैंपियनशिप प्रतियोगिता में कुल 99 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें जमशेदपुर से 54,धनबाद से 3, संत फ्रांसिस स्कूल देवघर से18 तथा मधुस्थली विद्यापीठ से 24 खिलाड़ी शामिल हुए |कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खेलगांव रांची के सदस्य संजय शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि आरपीएफ मधुपुर के एसआई धर्मेन्द्र प्रसाद एवं श्याम सुंदर उपस्थित थे | टूर्नामेंट के डायरेक्टर गोपाल कुमार तथा मुख्य निर्णायक अमर बाउरी थे |विद्यापीठ के बैंड एवं कलर्स पार्टी के छात्र - छात्राओं के द्वारा मुख्य अतिथियों के साथ अन्य अतिथियों का स्वागत किया गया एवं झंडोत्तोलन, दीप प्रज्वलन, गणेश वंदना नृत्य एवं विद्यापीठ के प्राचार्य बितान विश्वास के स्वागत भाषण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ | मौके पर विद्यापीठ के प्रशासनिक पदाधिकारी ए०थोम्पसन, सिनीयर कोर्डिनेटर राजेश साहनी, मधुस्थली शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान के ओ०एस० डी निलेश कुमार समेत मधुस्थली विद्यापीठ के अध्यापक- शिक्षीकाए एवं शिक्षकेतर कर्मचारी तथा छात्र - छात्राएं उपस्थित थे।

## फुलीन संस्था के द्वारा बाल विवाह पर जिला स्तरीय कार्यशाला का किया आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/देवघर।** शहर के बावन बीघा स्थित पूर्व रेलवे भारत स्काउट स्टेट ट्रेंनिंग पार्क मधुपुर में शुक्रवार को बाल विवाह के विरुद्ध जन-जागरूकता हेतु आशा,रांची के सहयोग से स्वयंसेवी संस्था फूलीन द्वारा गर्ल्स नॉट ब्राइड् के बैनर तले एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मधुपुर वार्ड नम्बर 15 के पुर्व वार्ड पार्षद गुड्डू दुबे, वार्ड नंबर 8 के पुर्व पार्षद शबाना परवीन, के द्वारा संयुक्त रूप से कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम में फुलीन संस्था के प्रतिनिधि सिकंदर आलम द्वारा विशेष कर गर्ल्स नॉट ब्राइड द्वारा चलाए जा रहे बाल विवाह प्रतिषेध कार्यशाला पर विस्तार से चर्चा किया। श्री आलम ने बताया कि बाल विवाह से लड़कियों को जीवन में कई तरह की परेशानियां झेलनी पड़ती है। बाल विवाह लड़कियों को असमय घरेलू जिम्मेदारियों के बोझ से दबा दिया जाता है और लड़कों को डिप्रेशन का शिकार बना देता है। जो समाज के लिए अत्यंत घातक है।अतः इसका रोकथाम आवश्यक है। कार्यक्रम के अतिथि राजेश दुबे उर्फ गुड्डू दुबे ने कहा कि बाल विवाह लड़के लड़कियों के विकास में बाधक है। अतः इस पर रोक लगाया जाना अति आवश्यक है। कार्यक्रम की अतिथि शबाना परवीन ने अपने सम्बोधन में कही कि बाल विवाह शिक्षा और स्वास्थ्य के विकास में सबसे बड़ा बाधक है। अतः हमें आगे बढ़कर जागरूकता फैलाना है और इस पर रोक लगानी है। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए संदर्भ अबूतालिब अंसारी ने बाल विवाह के विभिन्न कानूनी पहलुओं की सविस्तार चर्चा करते हुए प्रतिभागियों को बताया कि बाल-विवाह किशोर-किशोरियों के सर्वांगीण विकास में बाधक है। इस सामाजिक कुरीति की रोकथाम अत्यंत आवश्यक है क्योंकि यह किशोर-किशोरियों के बचपन को खत्म हो जाता है। जिसके कारण लड़कियां एनीमिया का शिकार और लड़के असमय ही पारिवारिक जिम्मेदारी के बोझ तले दब जाते हैं। जिससे उनका अपेक्षित विकास नहीं हो पाता है।उन्होंने बताया कि बाल विवाह एक सामाजिक अभिशाप के साथ-साथ कानूनन जुर्म भी है। उन्होंने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 पर विस्तार पूर्वक प्रस्तुति करते हुए बताया कि बाल विवाह में शामिल होने वाले सभी लोग अपराधी की श्रेणी में आते हैं ।जिनको 2 साल की जेल एवं 100000 जुर्माना अथवा दोनों एक साथ लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह हमारे समाज की बुनियाद को कमजोर कर देता है।इसलिए इसे रोकना हम सब को जरूरी है । कार्यक्रम में आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका,सहिया और जल-सहिया आदि पंचायत हुआ शहरी क्षेत्र के दर्जनों स्टेक होल्डर्स उपस्थित थे।कार्यक्रम को सफल बनाने में शमशेर अली, आयान, गजाला परवीन आदि की भूमिका सराहनीय रही।

## केन्द्रीय समिति सदस्य ने की ग्रामिणों के साथ बैठक



**दैनिक शुभ भास्कर, सुष्मिता कुमारी, नाला/जामताड़ा।** कालीपहाड़ी सामुदायिक भवन परिसर में केन्द्रीय समिति सदस्य सलीम जहांगीर ने ग्रामिणों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने ग्रामिणों की विभिन्न समस्याएं सुनी साथ ही अहम बिन्दुओं पर चर्चा की। इस दौरान दर्जनों लोगों ने झामुमो का दामन थामा। इस अवसर पर केंद्रीय समिति सदस्य ने नए कार्यकर्ताओं का हार्दिक अभिनंदन किया साथ ही पार्टी निर्देशन तथा सिद्धांत के बारे में जानकारी दी एवं संगठन को और मजबूत बनाने तथा विस्तार करने के लिए कहा। मौके पर शेख मुस्ताक, शेख मोबिन अख्तर, शेख जैनुल,तोहीन साधु, कार्तिक मंडल, उत्तम मंडल, मानव मंडल, बबली मंडल, अरूप साधु, पिंकु साधु सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

अच्छी खबर — जामताड़ा जिले से हॉकी जैसा खेल का खिलाड़ियों को उभरना हम सभी के लिए चैलेंज

# जामताड़ा जिला के हॉकी खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में होंगे शामिल



**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा।** हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी के जन्म जयंती एवं राष्ट्रीय खेल दिवस के शुभ अवसर पर 26 से 29 अगस्त तक रांची के जयपाल सिंह मुंडा हॉकी स्टेडियम मोरहाबादी में आयोजित सीनियर राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में हॉकी जामताड़ा के पुरुष एवं महिला वर्ग से दोनों ही टीम प्रथम बार जामताड़ा जिले का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए हॉकी खिलाड़ियों को जिला खेल पदाधिकारी तूफान कुमार पोद्दार, जिला शिक्षा पदाधिकारी डॉ.गोपाल कृष्ण झा, जिला शिक्षा अधीक्षक दीपक राम एवं हॉकी जामताड़ा के अध्यक्ष हरिओम, सचिव डॉ.भास्कर चांद , उपाध्यक्ष अनूप राय, सेंट जोसेफ स्कूल के प्राचार्य फादर जोसेफ तपन, सेंट जोसेफ स्कूल के खेल शिक्षक दीपक दुबे एवं नितेश सेन ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। हॉकी खिलाड़ियों को जिज्ञासा कोचिंग सेंटर के मार्केटिंग हेड अक्षय चौबे ने दोनों ही टीम को टीशर्ट दिया। मौके पर हॉकी जामताड़ा के सचिव डॉ .भास्कर ने बताया की जामताड़ा जिले से हॉकी जैसा खेल का खिलाड़ियों को उभरना हम सभी के लिए चैलेंज था लेकिन हमारे संगठन निरंतर प्रयास करती रही और विगत 6 महीने से विभिन्न स्कूलों कॉलेजों में हॉकी को शुरूआत किया गया और इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को बेहतर से बेहतर प्रशिक्षण देकर भेजा गया है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हॉकी जामताड़ा कुछ बेहतर कर सके। निश्चित रूप से प्रथम बार हमारे जिले के खिलाड़ी हॉकी के राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। हमें उम्मीद एवं विश्वास है कि आने वाले समय में यहां के खिलाड़ी और उत्सुकता के साथ मेहनत कर के हॉकी खेल को और आगे लेकर जाएंगे।

# सीएजी रिपोर्ट के अनुसार एनडीए सरकार में हो रहे भ्रष्टाचार पर शर्म करें मोदी सरकार



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/देवघर।** शुक्रवार को झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी सचिव शबाना खातून ने अपने निजी आवास पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया जिसमे उन्होंने कहा कि सी०ए० जी० रिपोर्ट के अनुसार एनडीए सरकार में भ्रष्टाचार हो रहा है। इस पर मोदी सरकार को शर्म आनी चाहिए।सीएजी ने पर्दाफाश किया मोदी सरकार के 7 घोटालों का, प्रधानमंत्री मोदी की नाक के नीचे हो रही है धांधली;भारत माला प्रोजेक्ट की बिडिंग प्रक्रिया में फर्जीवाड़े, बनाई की लागत 100% बढ़ गई, द्वारका एक्सप्रेस-वे में भारी धांधली, सड़क बनाने की क़ीमत 18 करोड़ प्रति किलोमीटर से 250 करोड़ रुपये प्रति किलोमीटर पहुँच गईं। आयुष्मान भारत में मृत लोगों को जीवित दिखा कर भुगतान और एक ही नंबर से 7.5 लाख लाभार्थियों के जुड़े होने का फर्जीवाड़ा,अयोध्या डेवेलपमेंट प्रोजेक्ट में ठेकेदारों के गल्ले में अनुचित लाभ पहुंचाने का घोटाला; • टोल नियमों का उल्लंघन, एन ए एच आई ने गलत तरीके से यात्रियों से 132 करोड़ रुपये वसूले। एच ए एल पर विमान इंजन की डिजाइन प्रोडक्शन में खामियों का गंभीर आरोप जिससे 159 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने वृद्ध, विकलांग और विधवा पेंशन योजनाओं का पैसा अन्य योजनाओं के प्रचार में खर्च कर दिया; एक देश विरोधी संस्था है सीएजी, जो सरकार के सारे खर्चे का ऑडिट करती है। यह संस्था प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ़ साज़िश रच रही है और उनकी नाक के नीचे हो रहे एक दो या तीन नहीं, 7 घोटालों को बेनकाब कर रही है। शबाना खातून ने प्रेस वार्ता के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री से सीधे सवाल कियाः-1. क्या प्रधानमंत्री अपनी नाक के नीचे हो रहे इन घोटालों पर चुप्पी तोड़ेंगे? 2. क्या प्रधानमंत्री अपनी सीधी निगरानी में हो रहे हैं भारतमाला प्रोजेक्ट में धाँधली पर कार्रवाई करेंगे? 3.क्या प्रधानमंत्री केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री के ख़िलाफ़ कार्रवाई करेंगे?4.क्या प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत में हो रहे फर्जीवाडे पर कुछ करेंगे, क्या वो पता करेंगे कि आख़िर लाभार्थियों का पैसा कहाँ जा रहा है? 5.क्या प्रधानमंत्री ये पता करने की कोशिश करेंगे कि ग्रामीण विकास मंत्रालय विकलांग, वृद्ध और विधवा पेंशन का बजट दूसरी योजनाओं के प्रचार पर खर्चा क्यों कर रहा है।6.क्या प्रधानमंत्री यह पता करने की कोशिश करेंगे कि अयोध्या में पहले ज़मीन की धाँधली और अब डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के नाम पर घोटाले के लिए ज़िम्मेदार कौन है, आख़िर कौन ठेकेदारों को अनुचित लाभ पहुँचा रहा है? मौके पर कांग्रेस के मीडिया प्रभारी गोल्डी खान,अनिल राव,अमर शर्मा,राजा, मो० सैफ़, परवेज़ अंसारी, रॉकी, कैलाश रजक आदि मौजूद थे।

## ख़ास ख़बर

### दिन भर होती रही बारिश सड़कों पर लगा पानी

**मैरवा सिवान संवाददाता** । सिवान जिले के मैरवा मैं थोड़ी सी बारिश से पूरा शहर के मुख्य सड़क पर बारिश का पानी लग जाने से नगर पंचायत का पोल खुल गया । जिसे लेकर कई प्रकार के चर्चे हो रहे हैं। बताते चलें कि मैरवा पूर्वी ढाला के पास पानी लगने से आने जाने वाले राहगीरों को लगातार गिरते हुए देखा जा रहा है। बताया जा रहा है कि वहां बरसों से पानी लगा हुआ है। रेलवे का पूर्वी ढाला आधा किलोमीटर दूर करके नया रेलवे का ढाला बना दिया गया । लेकिन सड़क का मरम्मत का कार्य नहीं हो पाया। जहां गड्ढा होने के कारण बारिश के दिनों में पानी लग जाता है तथा आने जाने वाले राहगीर अपना गाड़ी लेकर अक्सर गिरते हुए नजर आ रहे हैं। जिसको लेकर लोगों में आक्रोश का माहौल व्याप्त हो चला है। वहीं शुक्रवार को दिनभर बारिश होने के वजह से वे सारे गड्ढे भर गए हैं तथा नगर पंचायत मैरवा का पोल खुल गया है।

### महिला ने ट्रेन में बच्चों को दिया जन्म

**सिवान संवाददाता** । सिवान जिला मुख्यालय के रेलवे स्टेशन पर एक महिला ने ट्रेन में ही बच्चे को जन्म दे दिया। जो चर्चा का विषय बना हुआ है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बीती रात्रि अप अवध असम ट्रेन में एक महिला ने बच्चों को जन्म दे दिया। जिसको आनन फानन में उतार कर सिवान सदर अस्पताल भर्ती कराया गया । बाद में पूछने पर बताया गया कि महिला को मुजफ्फरपुर जाना था। वहीं महिला के पेट में दर्द हो रहा था। बाद ने समय के पूर्व ही ट्रेन में बच्चों को जन्म दे दिया है।

### झमाझम बारिश से किसानों में खुशी की लहर

**बड़हरिया/सिवान/ संवाददाता**। बड़हरिया प्रखंड के किसानों में झमाझम बारिश खुशी की लहर दौड़ गई है।वहीं कई किसानों ने बताया कि इंद्रदेव पूरे सावन में नाराज चल रहे थे।अब उनकी नाराजगी लग रहा है कि खत्म हो गया है और बारिश की फुहार से किसानो की झुलस रही फसलों में जान आ गई है वही किसान सुमित कुमार ने बताया कि कई बीघा धान तथा मक्के की फसल पानी नहीं होने से झुलस रहे थे।अब पानी होने के बाद आज खेतों में हरियाली हो गई है।

### सभी प्रखंड अधीन विद्यालयों का रोज हो निरीक्षण- जिला शिक्षा पदाधिकारी

**सिवान संवाददाता** । जिला शिक्षा पदाधिकारी मिथिलेश कुमार ने सभी प्रखंडों के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को पत्र निकालकर आदेश दिया है कि 26 अगस्त 23 से रोज सभी विद्यालयों का निरीक्षण अनिवार्य है ।इस संबंध में सिवान जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय के पत्रक 2795 निकाल कर यह निर्देशित किया गया है कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा 50 से 60% विद्यालयों के निरीक्षण पर नाराजगी व्यक्त किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शिक्षा विभाग के मुख्य अपर सचिव केके पाठक के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा यह निर्देशित किया गया है कि रोजाना शत प्रतिशत विद्यालयों का निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए। जिसको लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी मिथिलेश कुमार ने पत्र निकाल कर सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को सख्त निर्देश दिया है कि 26 अगस्त 2023 से सभी प्रखंड के शत प्रतिशत विद्यालयों का निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए। अन्यथा कार्रवाई की जाएगी।

### मैरवा में बिजली के आंख मिचौली से लोग परेशान

**मैरवा सिवान** । संवाददाता जिले के सबसे बड़े व्यावसायिक प्रखंड मैरवा में बिजली विभाग के आंख मिचौली कार्यक्रम से लोग परेशान हो चुके हैं। बताया जाता है कि दिन भर में एक से दो घंटे ही बिजली रहती है ।जिससे लोग तरह-तरह की चर्चा करते हुए नजर आ रहे हैं। बताते चलें कि बिजली का बिल समय से आ जाता है। वहीं बिजली दिन-दिन भर गायब रहने के कारण लोगों में आक्रोश व्याप्त हो चला है। जिसको लेकर मैरवा बाजार के व्यवसाईयों के द्वारा कई बार बिजली विभाग को लिखित रूप में इसकी शिकायत की गई । उसके बावजूद भी लगातार बिजली गुल रह रही है । जिसको लेकर लोगों में नाराजगी व्याप्त है। बताते चलें कि शुक्रवार को सुबह से ही बिजली नदारत थी ।जो लगभग 2:00 बजे दिन में झलक दिखलाई है। जिसको लेकर लोग परेशान नजर आए दूसरी तरफ गुठनी रोड में बभनौली फीडर का हाल अत्यंत ही दयनीय बताया गया। जहां दिन भर लोग परेशान दिखे । वहीं शाम को भी बिजली के नहीं रहने से लोगों में कई प्रकार के चर्चे हो रहे हैं ।बभनौली फीडर की अगर बात करें तो विजय कुमार राय ने नामक उपभोक्ता ने बताया कि दिनभर बिजली गायब रहती है। वहीं बिजली विभाग के अफसर को फोन करने पर कोई फोन नहीं उठाता है।

### नहीं बदली गई सिवान में रक्षाबंधन की छुट्टी

**सिवान संवाददाता** । सिवान जिले के शिक्षा विभाग के अवकाश तालिका में रक्षाबंधन के त्यौहार की छुट्टी आगामी 30 अगस्त को दी गई है। वहीं इस वर्ष भद्रा नक्षत्र के कारण रक्षाबंधन का त्योहार 31 अगस्त को मनाया जाएगा। जिसको लेकर बिहार के विभिन्न जिलों में शिक्षक संघ के मांग पर यह छुट्टी 31 अगस्त को बदल कर कर दी गई है। लेकिन लगातार सिवान शिक्षक संघ के मांग के बाद भी सिवान शिक्षा विभाग ने अब तक इस पर विचार नहीं किया है तथा अवकाश तालिका में गलत तिथि को बदलने के संबंध में शिक्षक संघ द्वारा किया गया आग्रह पूर्ण रूप से नकारा साबित हो रहा है। बताते चलें कि बगल के जिले गोपालगंज तथा सारण जिले में जिला शिक्षा पदाधिकारी अपने-अपने पत्र को निकाल कर तथा रक्षाबंधन के त्यौहार को देखते हुए इस छुट्टी को 30 अगस्त से बदलाव कर 31 अगस्त 2023 घोषित करने का एलान कर चुके हैं। जबकि सिवान में जिला शिक्षा पदाधिकारी मौन धारण किए हुए हैं।

# विभाग की बड़ी लापरवाही 20 दिनों से बोरवेल को खुला छोड़ चले गए

**दैनिक शुभ भास्कर , संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय जखनियां गाजीपुर**। दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के भीखमपुर सब्जी मंडी के पास जल निगम विभाग द्वारा बोरवेल की खुदाई कर दी गई। लेकिन 20 दिनों से बोरवेल को इस तरह खुला छोड़ दिया गया है। जिससे लोगों को हमेशा भय बना रहता है।पूर्व में गैर प्रांत में देखा गया हैं खुले बोरवेल में गिरने से कितने की मौत हो चुकी है।लेकिन गाजीपुर जल निगम विभाग कितना लापरवाह है को बोरवेल खुला छोड़ दिया।ग्रामीणों ने बताया कि सब्जी मंडी के पास जल निगम का हैंड पंप है 10 मीटर की दूरी पर बोरवेल खोदी गई है तथा 50 मीटर की दूरी पर प्राथमिक



पाठशाला है ।आए दिन बच्चों तथा जानवर का आना जाना हमेशा रहता है। ग्रामीणों को हमेशा भय बना रहता है कि कोई बोरवेल में गिर जाएगा तो क्या होगा ।इसकी सूचना उच्च अधिकारियों को भी ग्रामीणों ने दिया लेकिन कोई सुनवाई नहीं की। जेई ,ठेकेदार ने खुदाई तो करवा दी पाइप भी वहीं पर रखकर छोड़ दिया। इस सिलसिले में एसडीएम जखनिया, खंड विकास अधिकारी से फोन किया गया तो उनका फोन रिसीव नहीं हुआ ।जब डीएम आर्यका आखोरी का फोन किया गया तो उनके संबंधित अधिकारियों ने इस मामले को नोट किया और संबंधित विभाग को अवगत कराया।इस मौके पर नन्हे तिवारी,मनोहर दुबे,टुनटुन उपाध्याय,आदित्य,तेज बहादुर तिवारी,शशांक द्विवेदी,विनीत तिवारी आदि लोगो ने बताया की बोरवेल को खुला छोड़ना खतरे से खाली नही है।

## सिवान में बीपीएससी शिक्षक भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्

**सिवान संवाददाता**। सिवान जिला मुख्यालय में दूसरे और अंतिम दिन शुक्रवार को शांतिपूर्ण ढंग से बीपीएससी शिक्षक भर्ती प्रतियोगिता परीक्षा के संपन्न हो जाने की सूचना प्राप्त हुई । जिसमें एक परीक्षार्थी के निष्कासित होने की भी जानकारी दी गई। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार दिनांक - 25/08/2023 प्रथम पाली मे आवांटित परीक्षार्थी की संख्या - 16880 बतायी जाती है। जिसमें कुल उपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या - 12838 बताई जा रही है। वहीं कूल अनुपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या- 4042 बताई जाती है। इस संबंध में बताया जा रहा है कि शक के आधार पर एक शिक्षक अभ्यर्थी को निष्कासित किया गया। शुक्रवार को शांतिपूर्वक प्रथम पाली के परीक्षा संपन्न होने की जानकारी दी गई । वहीं शुक्रवार को दिनांक - 25/08/2023 द्वितीय पाली की परीक्षा में आवांटित परीक्षार्थी की संख्या - 16770 बतायी जाती है। जिसमें उपस्थित अभ्यर्थियों की संख्या- 12150 और अनुपस्थित अभ्यर्थियों की संख्या- 4620 बताई जाती है। जिसमें एक भी निष्कासित नहीं किए गए। बताते चलें कि गुरुवार को डॉन बॉस्को नामक छपरा रोड स्थित केंद्र पर बायोमेट्रिक सिस्टम को लेकर शिक्षक अभ्यर्थियों द्वारा जमकर बवाल किया गया था। जहां सिवान अनुमंडल पदाधिकारी रामबाबू बैठा समय तमाम दलबल पहुंचकर हंगामा को कंट्रोल किया था। जबकि शुक्रवार को शांतिपूर्वक संपन्न संपन्न परीक्षा संपन्न होने की बात सामने आई।

## प्रखंड में बेखौफ चल रहा है खाद पदार्थों में मिलावट का खेल

**गुठनी**। प्रखंड में खाद्य पदार्थों में मिलावट का खेल लगातार जारी है. खाद्य सुरक्षा और स्थानीय प्रशासन इस मामले में लगातार अनदेखी कर रहा है. जिससे मिलावटखोरों के हौसले सातवें आसमान पर है. प्रखंड से लेकर ग्रामीण इलाकों तक मिलावटखोरों का गैंग सक्रिय है. जिस पर विभागीय अधिकारी नकेल कसने में पूरी तरह असफल साबित हो रहे हैं. वही इन खाद्य पदार्थों में मिलावट की वजह से आम आदमी के जीवन को भी खतरा है. बावजूद प्रखंड में खाद्य सुरक्षा और स्थानीय प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं करना अपने आप में एक बड़ा प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है. प्रखंड के मुख्य बाजारों में पटेल चौक, गुठनी बाजार, तेंनुआ मोड़, गुठनी चौराहा, सेलौर बाजार, बलुआ बाजार, जतौर, धनौती, निमतल्ला चौक, शामिल है. खाद्य सुरक्षा विभाग ने आज तक नहीं किया जांच प्रखंड में खाद्य पदार्थों में मिलावट की सूचना के बावजूद भी विभाग द्वारा आज तक कोई जांच नहीं किया गया. जिससे मिलावटखोरी अपने चरम पर है. ग्रामीणों का कहना है कि विभागीय कार्रवाई नहीं होने से सभी खाद्य पदार्थों का गहनता से जांच नहीं हो पाता है. जिससे आए दिन लोग कई तरह की बीमारियों से जूझते फिरते हैं.

# बिहार संपर्क पलटने से बची

**सिवान संवाददाता** । सिवान गोरखपुर रेल खंड पर शुक्रवार को बरौनी के तरफ जा रही बिहार संपर्क क्रांति ट्रेन के पटरी से तेज आवाज से रगड़ कर एकाएक रुकने की खबर से सनसनी का माहौल व्याप्त हो गया। जिसको लेकर बताया जा रहा है कि बिहार संपर्क क्रांति पलटने से बाल बाल बच्ची है। घटना को लेकर क्षेत्र में अफरा तफरी का माहौल व्याप्त हो चला है। प्रत्यक्ष दर्शियों की माने तो घटना गोरखपुर कैंट रेलवे स्टेशन की बताई जा रही है ।जहां बिहार संपर्क क्रांति सुबह-सुबह गोरखपुर जंक्शन ट्रेन से खुली थी तथा सिवान के तरफ आ रही थी। वही किसी कारण से गाड़ी पटरी से उतरते उतरते बच गई। तेज आवाज होने पर लोग दौड़ पड़े। गाड़ी खड़ी हो गई।जिसको लेकर अफरा तफरी का माहौल बन गया। बताया जा रहा है कि बिहार संपर्क क्रांति पलटने से बाल बाल बच गई। जिससे बहुत बड़ा हादसा होते होते बच गया। जिसे लेकर तेज आवाज होने के कारण सैकड़ो लोगों के मौके पर उपस्थित होने की सूचना दी जा रही है। वही बाद




में गोरखपुर कैंट रेलवे स्टेशन पर गाड़ी को रोक कर पुनः ठीक कर रवाना किया गया।

### बंद घर का दरवाजा तोड़कर लाखों की चोरी

**हुसैनगंज, एक संवाददाता**। थाना क्षेत्र के खानपुर खैरांटी गांव में बुधवार की रात को चोरों ने एक बंद घर को निशान बनाया जब घर के सभी लोग किसी काम से रिश्तेदार के यहां गए थे। इसी बीच चोरों ने घर का दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया और घर में रखे गहने उड़ा दिए। इस संबंध में मकान मालिक पीड़ित महिला ने आवेदन देकर बताया कि बुधवार को शाम में अपने रिश्तेदार के यहां माहपुर मिलने गया थे। दो दिन शुक्रवार को उनकी बेटी माहपुर से घर वापस आई तो उसने मां को घर में चोरी होने की सूचना दी। घर पहुंचने के बाद पीड़िता ने देखा की घर में रखे सभी गहने चोरी हो गए हैं जिनकी कीमत लाखों में है।

### भागलपुर के डॉ. सुमन और अर्जुन साह बने बिहार जदयू के राजनैतिक सलाहकार समिति के सदस्य

**भागलपुर से कन्हैया खंडेलवाल की रिपोर्ट** । बिहार प्रदेश जदयू के लोकप्रिय नेता सह भागलपुर जिला जदयू के पुर्व जिलाध्यक्ष आदरणीय श्री अर्जुन साह जी एवं लोकप्रिय महिला नेत्री पुर्व प्रदेश महासचिव आदरणीय डॉ सुमन यादव जी को बिहार प्रदेश जदयू के राजनीतिक सलाहकार समिति के सदस्य मनोनीत होने पर भागलपुर महानगर जदयू के महासचिव दुर्गेश साह ने बधाई एवं शुभकामनाऐ दिया है।श्री दुर्गेश साह ने बधाई देते हुए कहा कि इन दोनों के संगठन में मनोनयन से संगठन को मजबूती प्रदान मिलेंगी। दोनों नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारियों को प्रदेश संगठन में मनोनीत करने हेतु पार्टी के संरक्षक सह बिहार सरकार के माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद आदरणीय श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह जी एवं बिहार प्रदेश जदयू के माननीय प्रदेश अध्यक्ष श्री उमेश सिंह कुशवाहा जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने पुराने समर्पित कार्यकर्ताओं को प्रदेश संगठन में शामिल कर भागलपुर जिला जदयू के समस्त समर्पित कार्यकर्ताओं का सम्मान किया है। बधाई देने वालों में भागलपुर लोकसभा सांसद श्री अजय मंडल,पुर्व राज्यसभा सांसद कहकशां परवीन जी, बिहार प्रदेश जदयू महासचिव श्री विभूति गोस्वामी, युवा जदयू के राष्ट्रीय सचिव राकेश ओझा,महानगर जिलाध्यक्ष डॉ राजदीप कुमार राजा, जिला महासचिव डॉ कुमार नीरव, रूबी देवी, कन्हैया खंडेलवाल, विनिता देवी, शालिनी साह, मुन्नी गोस्वामी, विक्रम कुणाल सहित सैंकड़ों कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने बधाई एवं शुभकामनाऐ दिया, यह जानकारी जदयू के महासचिव भागलपुर से दुर्गेश साह ने दिया है।

## शिक्षक को पितृशोक

**सिवान संवाददाता** । शुक्रवार को सिवान जिले के एक व्यवहार कुशल शिक्षक के पिता की मौत हो ने की खबर आई है। बताते चलें कि इस वावत बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के शिक्षक नेता मओ0 असगर अली ने बताया कि मखदूम सराय उर्दू विधालय सिवान सदर के वरिष्ठ शिक्षक मुजफ्फर हुसैन के पिता की मौत शुक्रवार को हो गई है। जिसको लेकर शिक्षक संघ के लोगों के द्वारा लगातार शोक संवेदना व्यक्त की जा रही है।

### सिवान से परीक्षा देकर लौट गये बसों में भरकर परीक्षार्थी

**सिवान संवाददाता** । सिवान जिले के विभिन्न सड़कों पर शुक्रवार को बसो जीप एवं तीन पहिया टेंपो समेत विभिन्न गाड़ियों में ठुंस ठुस कर परीक्षार्थियों को परीक्षा देकर जाते हुए देखा गया । जो लालु यादव के राज का दर्शन करते हुए नजर आया। बताते चलें कि लाखों की संख्या में दिल्ली गुजरात मुंबई बनारस गाजीपुर मऊ बलिया समेत विभिन्न राज्यों से सिवान में परीक्षा देने आए। परीक्षार्थियों के करण पिछले दो दिनों से लगातार जाम का संबंध था। वहीं रेलवे स्टेशन सिवान समेत तमाम सभी धर्मशाला एवं चौक चौराहा भर गया था ।बताते चलें कि कई समाजसेवी भी इन परीक्षार्थियों को अपने-अपने घरों में समाज सेवा करने के नाम पर रखकर अपनी ख्याति बटोरने में लगे हुए थे। वहीं शुक्रवार को देर संध्या सारे परीक्षार्थी अपना अपना परीक्षा देकर बसो ट्रैकों जीप एवं अन्य गाड़ियों में लटककर व भर भर कर जाते हुए देखे गए। जबकि यातायात पुलिस एवं अन्य पुलिस प्रशासन मुख्य दर्शक बनी रही । जिस बात की चर्चा लगातार हो रही है।

### अराजक तत्वों ने काली माता की चौरी को तोड़ हुए फरार , जांच में जुटी पुलिस

**दैनिक शुभ भास्कर , संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय , जखनियां गाजीपुर**। दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के रामपुर पतारी गांव में स्थित बहलोलपुर पुलिस चौकी से सौ मीटर के दूरी पर स्थित काली माता के चौरी को अराजक तत्वों ने बीती रात ईट से तोड़ पदिए।सुबह श्रद्धालु पूजा करने गए तो पता चला।प्रधान प्रतिनिधि परशुराम मौर्य ने पुलिस को सूचना दी। मालूम हो कि काली माता का मंदिर काफी पुरानी है। रोज सुबह श्रद्धालुओं के भीड़ पूजा पाठ के लिए लगती है। सावन माह में महिला श्रद्धालुओं के भीड़ भी काली माता का पूजन अर्चन में जुटी थी ।आज सुबह 8:00 बजे महिला श्रद्धालुओं ने काली माता का पूजा करने के लिए पहुंचे देखकर आवाक रह गए ।काली माता की चौरी बीती रात अराजक तत्वों द्वारा तोड़ दी गई थी और वहीं पर तीन ईट और टुकड़िया मिली। धीरे-धीरे ग्रामीणों की संख्या बढ़ गई तत्काल इसकी सूचना ग्राम प्रधान ने बहलोलपुर चौकी प्रभारी को दिए ।मौके पर चौकी प्रभारी जयदीप ने पहुंचकर लोगों को समझा बुझाकर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि परशुराम मौर्य ने चौरी का निर्माण कराया। इस संबंध में दुल्लहपुर थाना अध्यक्ष अशोक मिश्रा ने बताया कि इस संदर्भ में अभी जानकारी नहीं हुई है अभी इसमें जांच पड़ताल करता हू। सबसे मजे की बात है कि बहलोलपुर चौकी काली माता के मंदिर से 100 मीटर की दूरी पर स्थापित है फिर भी अराजक तत्वों ने काली माता के चौरी क्षतिग्रस्त किया।

**दौरा** — जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन में बढ़ चढ़ के हिस्सा लेने की अपील

# मुखिया संघ के जिलाध्यक्ष ने कोईलवर प्रखंड का किया दौरा

**आरा (भोजपुर)**। जिला मुखिया संघ बिहार के आह्वान पर राजव्यापी हड़ताल 16 अगस्त से 31 अगस्त तक चल रहा है। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशानुसार एक दिवसीय धरना का आयोजन बिहार के हर जिला मुख्यालय पर 29 अगस्त को धरना देना है। इसको सफल बनाने के लिए भोजपुर जिला मुखिया संघ के अध्यक्ष श्री हरेन्द्र प्रसाद यादव ने कोईलवर प्रखंड का दौरा किया।दौरा के दौरान कोईलवर प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष श्री बिनय प्रताप सिंह ने कोईलवर के मुखिया गण के साथ बैठक अपने अध्यक्षता में की।जिसमे जिला मुखिया संघ के अध्यक्ष हरेन्द्र प्रसाद यादव ने धरना को लेकर मुखिया गण से विस्तृत चर्चा की और जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन में बढ़ चढ़ के हिस्सा लेने की अपील की। जिसमें शामिल जिला अध्यक्ष श्री हरेन्द्र प्रसाद यादव , कुलहड़िया मुखिया विनय प्रताप सिंह मुखिया संघ अध्यक्ष कोईलवर,घनडीहा-मुखिया कारू सिंह उर्फ धीरेन्द्र प्रताप सिंह, दौलतपुर-मुखिया प्रतिनिधि शम्भू सिंह,गिधा-मुखिया अरविन्द कुमार चौधरी, चंदा-मुखिया शिवशंकर, बीरमपुर-मुखिया प्रतिनिधि निरंजन प्रसाद, कायमनगर- मुखिया प्रतिनिधि रंजीत कुमार,गोपालपुर – मुखिया प्रतिनिधि भूपेंद्र प्रसाद सिंह, नरबीरपुर- मुखिया धनजय कुमार चौहान,खेसरहिया- मुखिया सुनील कुमार पाल, मथुरापुर-मुखिया



प्रतिनिधि सत्यजीत कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, सक्कड़ी-मुखिया प्रतिनिधि संतोष यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## लहेजी में राजद पार्टी की मजबूती को ले कर हुई बैठक

**हसनपुरा (सीवान)** । प्रखंड लहेजी निवासी व मुखिया रीता देवी व राजद जिला महासचिव जयप्रकाश यादव के आवास पर शुक्रवार को राजद कार्यकर्ताओं की बैठक की गयी। बैठक के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद व राजद प्रदेश उपाध्यक्ष वृषिण पटेल थे। जिला महासचिव श्री यादव ने अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष श्री पटेल ने कहा कि लोक सभा चुनाव आने वाला है। सीवान की हालत खस्ता है। उन्होंने कहा कि प्रमंडल की रिव्यू में देखा गया कि सीवान की संगठन बहुत खराब है। संगठन की हालात देखकर एक नया प्रयोग करने का विचार किया गया है। जिले, प्रखंड व बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करना होगा। सीवान को कैसे आसमान के बुलंदियों तक पहुंचाया जाय यह निर्णय लेना है। हमलोग जन सहयोग से लोक सभा का चुनाव जितेग़ें। सभी बूथों पर बूथ कमिटी बनाया जाएगा। हर बूथ पर 15 सदस्य होगें, जिसे अध्यक्ष व उपाध्यक्ष शामिल होगें।मौके पर जिलाध्यक्ष विपिन कुशवाहा, राजद जिला सचिव संजय यादव,



अवधेश चौहान, राजन राम, अजय सम्राट, ओसिहर यादव, वशीष्ठ यादव, दीपक यादव, ललन यादव, नेता मुजफ्फर इमाम, रविन्द्र प्रभाकर, उमेश भारती, हबीबुलाह अंसारी, ज्ञास्त नवाज खान महासचिव, अमित यादव, ई रमेश यादव, अतुल राम, अरुण यादव, पंकज शर्मा, रियासत नवाज खान, अखिलेश यादव,राजा खान सुशील यादव, छोटे खान आदि उपस्थित थे।

## ख़ास ख़बर

### बिहार पंचायत नगर प्रारंभिक शिक्षक संघ की बैठक

दरभंगा (मो.जीलानी अंसारी)। कुशेश्वरस्थान प्रखण्ड अंतर्गत



बिहार पंचायत नगर प्रारंभिक शिक्षक संघ की बैठक विगत गुरुवार को प्राथमिक विद्यालय गोरामडीह-सहोरबा में संघ के पूर्वी प्रखंड अध्यक्ष सूर्य नारायण पासवान उर्फ सूरज सक्सेना की अध्यक्षता में हुई। जिसमें शिक्षक नियोजन को लेकर हो रहे बीपीएससी की परीक्षा में भाग लेने वाले शिक्षकों के सफलता की कामना किया ताकि नियोजित शिक्षकों पर अयोग्यता का धब्बा नही लगे। साथ ही संघ के सभी संगठनों के अध्यक्षों से आग्रह किया कि जो नियोजित शिक्षक बीपीएससी की परीक्षा में शामिल नहीं हुए, उन्हें भी राज्य कर्मी का दर्जा मिले। इसके लिए संघर्षरत रहने का अपील किया। मौके पर मोहम्मद खालिद, अजित कुमार पासवान, मोहम्मद जाबिर, मिथुन कुमार, शम्भू कुमार चौधरी, हरिनाथ ठाकुर, मोहम्मद कलीमुल्ला,अभय कुमार भारती सहित कई शिक्षक उपस्थित थे।

### सृष्टि सौम्या को दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में अवार्ड से नवाजा गया



**फारबिसगंज**। प्रखण्ड क्षेत्र के हरिपुर पंचायत निवासी प्रफुल्ल कुमार दास की पुत्री सृष्टि सौम्या को समरसता इंटरनेशनल एवं इंडो नेपाल समरसता ऑर्गेनाइजेशन के संयुक्त तत्वाधान में दिल्ली में अवार्ड से नवाजा गया। भारत रत्न देश के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के जयंती के अवसर पर समाजिक सांस्कृतिक क्षेत्र में अभिरुचि रखने वाले में से अररिया जिला से सृष्टि सौम्या को दिल्ली में अवार्ड से नवाजा गया। बताते चले कि सृष्टि सौम्या फारबिसगंज शहर के पाई वर्ल्ड स्कूल के आठवीं कक्षा का छात्रा है। गायिकी के क्षेत्र में उन्होंने इससे पूर्व भी कई तरह का अवार्ड प्राप्त कर चुकी है। वही सृष्टि सौम्या के बारे में उनके पिता प्रफुल्ल कुमार दास ने बताया कि सृष्टि सौम्या नर्सरी से गायिकी के क्षेत्र में अभिरुचि रखती थी। इसलिए उन्हें शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए शास्त्रीय ज्ञान के लिए कोचिंग भी कराया गया। उन्होंने बताया कि दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में कला, संस्कृति, समाजसेवी व साहित्य के क्षेत्र में पूरे देश भर के 51 लोगों राजीव गांधी समरसता सम्मान से सम्मानित किया गया। अररिया जिले के सृष्टि सौम्या के नाम आने से पूरे जिलावासियों में खुशी का माहौल है।

### फारबिसगंज केजे 64 का प्लेट बैरियर बूम टूटकर गिरा,एक महिला घायल,मचा अफरातफरी



**फारबिसगंज**। फारबिसगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पास लगा रेलवे समपार संख्या केजे 64 का प्लेट बैरियर बूम गुरुवार के दोपहर बाद अचानक टूटकर लटक गया।जिससे मौके पर ही अफरातफरी मच गई।वहीं अचानक प्लेट बैरियर बूम के टूटने से उसके जद में बगल से गुजर रही एक महिला आ गई।जिससे महिला घायल हो गई।जिसके बाद मौके पर मौजूद लोगों ने उसे फारबिसगंज अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया।अचानक प्लेट बैरियर बूम के टूटने के कारण वहां जाम को स्थिति बन गई।काफी देर तक वाहन जाम में फंसे रहे और लोगों के आवाजाही में दिक्कतों का सामना करना पड़ा।हालांकि उस वक्त ट्रेन की आवाजाही नहीं थी,बावजूद इसके हाल ही में लगे प्लेट बैरियर बूम के टूटने से उसके गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़े होने लगे हैं।सूचना के बाद रेलवे के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचकर उसे दुरुस्त करने में लगा है।वहीं ट्रेनों के परिचालन पर भी आंशिक असर पड़ने की बात कही जा रही है।

# झील में तब्दील हुआ फारबिसगंज का मुख्य बाजार, घरों में घुसा पानी

**फारबिसगंज**। फारबिसगंज में दो दिनों से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के कारण अररिया मुख्यालय सहित जिले के अधिकांश शहर पानी से लबालब भर गया है।सबसे खराब हालत जिले के सबसे महत्वपूर्ण व्यवसायिक शहर फारबिसगंज का है।जहां मुख्य बाजार में ठेगुना भर पानी का जमाव है।जिसके कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।लगातार मूसलाधार बारिश के कारण फारबिसगंज शहर का मुख्य बाजार सदर रोड झील में तब्दील हो गया है।फारबिसगंज के पोस्ट ऑफिस चौक से लेके पटेल चौक तक का मुख्य बाजार वाला इलाक सदर रोड पूरी तरह से जलमग्न है।जिसके कारण बाजार की अधिकांश दुकानें बंद रही।वहीं कई दुकानों और प्रतिष्ठानों के साथ अगल बगल के घरों में वर्षा वाला नाले का गंदा पानी प्रवेश कर गया है।जिसके कारण सदर रोड के दर्जनों दुकानदारों को काफी क्षति भी उठानी पड़ी है।जल निकासी की



सुगम व्यवस्था नहीं होने और नाले की सफाई समुचित रूप से नहीं होने के कारण नाला का पानी सड़क पर पसर गया।जल जमाव के कारण सड़क और नाले में कोई अंतर नहीं रह गया और जल जमाव के कारण पूरे शहर में झील में तब्दील रहा।जल जमाव के कारण जरूरी कामकाजों से बाहर निकलने वाले लोगों को काफी परेशानियां उठानी पड़ी।वही चार पहिया वाहन से घरों से निकलने वालों को भी काफी मुश्किलातों का सामना करना पड़ा।गाड़ी के अंदर पानी घुस जाने और गाड़ी के बॉडी को भी काफी नुकसान उठाना पड़ा।सदर रोड के अगल बगल रहने वाले लोगों का आक्रोश नगर परिषद प्रशासन के साथ निर्वाचित प्रतिनिधियों पर भी रही।सबों ने आक्रोश व्यक्त किया।दरअसल बरसात से पहले नगर परिषद प्रशासन ने जल निकासी के साथ इस बार जल जमाव नहीं होने को लेकर लंबे लंबे दावे किए थे।लेकिन बरसात के मोटे बूंदों के साथ उनके दावों की हकीकत हवा हवाई हो गई।जबकि सदर रोड में पोस्ट ऑफिस चौक से लेकर ज्योति सिनेमा मोड़ सब्जी पट्टी तक नाले का निर्माण कार्य भी कराया गया।बावजूद इसके लोगों की दुश्वारियां कम होने का नाम नहीं ले रही।न केवल फारबिसगंज का सदर रोड बल्कि छुआपट्टी,दीनदयाल चौक, गोढ़ीयारी चौक,बंगाली टोला,प्रोफेसर कॉलोनी में भी जल जमाव से नारकीय स्थिति बनी हुई है। लगातार मूसलाधार बारिश और सड़क पर जल जमाव के कारण स्कूल जाने वाले बच्चों और विभिन्न सरकारी और निजी फर्म में काम करने वाले कामगारों को निर्धारित स्थान तक पहुंचने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।इसके अतिरिक्त शहर में सात स्थानों पर बिहार लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित अध्यापक प्रतियोगिता परीक्षा के सात केंद्रों तक पहुंचने के लिए दूर दराज जिलों से आए परीक्षार्थियों को भारी मुश्किलातों का सामना करना पड़ा।कुल मिलाकर झील में तब्दील फारबिसगंज शहर अपने रहनुमाओं के कारण पानी पानी हो गया।

## बाबा सोमेश्वर नाथ धाम के भूमिगत शिवलिंग पर जलाभिषेक के लिए पहलेजा घाट से जलबोझी कर पहूंचा भक्त



**मोतिहारी25अगस्त अशोक वर्मा/ कफील एकबाल**। पहलेजा घाट से गागर में जल भरकर पैदल यात्रा करके अरेराज सोमेश्वर नाथ "की नगरी में वैशाली जिला के भगवान पूर निवासी हेमन्त शर्मा पहुंचे । शिव भक्त श्री शर्मा पहलेजा घाट से जल भरकर पैदल चलकर अरेराज पहूंचे ।लगभग 105 किलोमीटर की यात्रा उन्होंने तय की । गौरतलब है कि जब तक बिहार और झारखंड संयुक्त था तब तक बाबा बैधनाथ धाम का मंदिर बिहार का सबसे प्राचीन मंदिर माना जाता था लेकिन झारखंड अलग राज्य हो जाने के बाद बाबा बैजनाथ धाम का मंदिर झारखंड में चला गया जिसके चलते बिहार का सबसे प्राचीन मंदिर अरेराज का सोमेश्वर नाथ मंदिर हो गया। इस मंदिर की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां धरातल से 10 फीट नीचे प्राचीन शिवलिंग है। ऐसी मान्यता है कि विवाहोपरांत जनकपुर से मां सीता के मर्यादा पुरुषोत्तम राजा रामचंद्र जब अयोध्या लौट रहे थे तब उन्होंने मां सीता के साथ अरेराज के इस मंदिर में पूजा अर्चना की थी ।इस मंदिर की गरिमा और प्रसिद्धि पूरे देश में है । यहां सालो भर मेला का नजारा रहता है खास करके सावन भादो का संपूर्ण माह ,अनंत चतुर्दशी एवं शिवरात्रि मे यहां जलाभिषेक के लिए भक्तों के सर्वाधिक भीड़ उमडती है।

## भाजपा ने इसरो और पूरी टीम को चंद्रयान 3 की सफल लैंडिंग के लिए शुभकामनाएं दी



**दैनिक शुभ भास्कर, प्रेम रंजन झा,देवघर** । भारतीय जनता पार्टी देवघर जिला में जिला उपाध्यक्ष राकेश नरोने के नेतृत्व में होटल मधुबाला के सभागार में चंद्रयान 3 की सफल लैंडिंग के लिए इसरो के सभी वैज्ञानिकों को भारतीय जनता पार्टी की तरफ से बहुत-बहुत बधाई हार्दिक शुभकामनाएं इस सफल लैंडिंग के अवसर पर पार्टी के कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी आज भारत पूरे दुनिया में फिर एक बार विश्व गुरु बना इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित जिला प्रभारी बबलू भगत जिला उपाध्यक्ष राकेश नरोने जिला महामंत्री अधीर चंद्र भैया पंकज सिंह भदोरिया सचिन सुल्तानिया रूपा केसरी मिथिलेश सिंनहा विजया सिंह मीणा झा संध्या कुमारी निरंजन सिंह धनंजय तिवारी बजरंगी शाह अमनदीप गोलू रंजीत कुमार अट्टा कुमार आदि कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी

सहरसा मेडिकल कॉलेज अस्पताल के लिए चिन्हित किया गया जमीन

# सत्तर कटैया प्रखंड के अगवानपुर गौरबगढ में बनेगा मेडिकल कॉलेज

**दैनिक शुभ भास्कर, सुभाष चंद्र झा, सहरसा**। जिले मे मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के निर्माण हेतु सत्तर कटैया के अंचलाधिकारी के साथ हीं एम्स निर्माण संघर्ष समिति के अध्यक्ष विनोद कुमार झा संरक्षक प्रवीण आनंद सहित अंचल अमीन मुरली कुमार राजस्व कर्मचारी दिलीप कुमार सहायक अमीन गांगो यादव सौरभ कुमार,सुभाष यादव आदि के द्वारा सत्तर कटैया अवस्थित मौजा अगवानपुर एवं गौरवगढा की भूमि को चिह्नित किया गया।यह भूमि एम्स



सहरसा के भूमि से अलग है।इस भूमि पर मेडिकल कॉलेज बनने से सभी ओर के लोगों को लाभ मिलेगा । विदित हो कि एम्स सहरसा की चिह्नित भूमि पर माननीय सर्वोच्च न्यायालय में विशेष अनुमति याचिका डायरी संख्या 32389/2023 से वाद दायर कर सहरसा में एम्स निर्माण की मांग किया है।सहरसा के स्वास्थ्य समस्या में सर्वप्रथम सरकारी मेडिकल कॉलेज का निर्माण होना खुशी की बात है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय से या सरकार के निर्णय से एम्स सहरसा में बनता है तो कोशी का कायाकल्प हो जाएगा।इसके लिए एम्स निर्माण संघर्ष समिति एवं आम आवाम की ओर से मुख्यमंत्री को बहुत बहुत धन्यवाद प्रेषित किया गया साथ ही सहरसा में एम्स अस्पताल की यथाशीघ्र घोषणा भी करनें की मांग की है।

## सब्जी खरीदने के दौरान अज्ञात बदमाशों ने बाइक की डिक्की तोड़कर उसमें रखे तैंतीस हजार रुपए उड़ाने में सफल



**फारबिसगंज**। सब्जी खरीदने के दौरान अज्ञात बदमाशों ने बाइक की डिक्की तोड़कर उसमें रखे तैंतीस हजार रुपए उड़ाने में सफल रहे। उक्त घटना शहर के मार्केटिंग यार्ड परिसर की बताई गई है। जहां जिले के बरदाहा थाना क्षेत्र के ढेंगरी निवासी शमशाद आलम पिता फारुख आलम ने फारबिसगंज थाना में घटना की जानकारी देते हुए आवेदन दिया है। पीड़ित पेशे से राजमिस्त्री बताया जाता है। आवेदन में उन्होंने कहा है कि गुरूवार के अपराह्न करीब एक बजे वह अपनी पत्नी के साथ फारबिसगंज सदर रोड स्थित पंजाब नेशनल बैंक आया था। जहां उनकी पत्नी के नाम से तैंतीस हजार समूह लोन पास हुआ था। इसी मद की राशि की निकासी के बाद बाइक की डिक्की में रूपए रख कर मार्केटिंग यार्ड सब्जी खरीदने चला गया। सब्जी खरीदने के बाद जब वह अपनी बाइक की ओर देखा तो हतप्रभ रह गए। देखा कि बाइक कि डिक्की टूटा हुआ है और उसमें रखे रुपए झोला सहित गायब है। जिसके बाद पीड़ित ने आसपास लोगों से पुछताछ किया मगर सफ़लता नहीं मिली। उन्होंने डिक्की से तैंतीस हजार रूपए के अलावा पति पत्नी का आधार कार्ड, बैंक पासबुक, दोनों का पैनकार्ड की भी चोरी कर लिए जाने की बात कही। पीड़ित ने बैंक से रूपए निकासी के दौरान ही किसी अज्ञात बदमाशों के द्वारा रेकी कर घटना को अंजाम दिए जाने की आशंका जताई। मामले की पुष्टि करते हुए थानाध्यक्ष आफताब अहमद ने आवेदन के आलोक में जांच शुरू करने तथा संबंधित स्थान पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जाने की बात कही।

### झोला में रखा बम ब्लास्ट में दो घायल



**फारबिसगंज**। फारबिसगंज थाना क्षेत्र के किरकिचिया पुप्पी टोला एबीसी नहर के पास शुक्रवार को झाड़ी में छिपाकर झोला में रखा बम फटने से दो लोग बुरी तरह से घायल हो गए।घायल अवस्था में दोनों को फारबिसगंज अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया,जहां प्राथमिक चिकित्सा के बाद नाजुक स्थिति को देखते हुए समुचित चिकित्सीय सुविधा को लेकर हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।घायलों में किरकिचिया पंचायत के कटहरा वार्ड नंबर एक का रहने वाला 45 वर्षीय रवि ऋषिदेव पिता परसादी ऋषिदेव और ढोलबज्जा वार्ड नंबर एक का 30 वर्षीय मनोज ऋषिदेव पिता कृत्यानंद ऋषिदेव है।दोनों को नाजुक हालत देखते हुए रेफर कर दिया गया है।घटना की सूचना पर फारबिसगंज एसडीपीओ खुशरू सिराज,थानाध्यक्ष आफताब अहमद, एसआई रौनक सिंह,अमर कुमार पुलिस बलों के साथ अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचकर पीड़ितों से घटना की जानकारी ली। घटना को लेकर घायल रवि ऋषिदेव और मनोज ऋषिदेव ने बताया कि दोनों शौच के लिए नहर की ओर गए थे।वहां पहुंचने के बाद झाड़ी में प्लास्टिक के झोला में रखा समान देखा।इसी क्रम में पैर से ठोकर लग जाने के बाद वह तेज आवाज के साथ ब्लास्ट कर गया।जिसमे दोनों घायल हो गए।बम के ब्लास्ट होने से जहां रवि की आंख और शरीर में कुछ स्थानों से खून निकलने लगा वहीं मनोज के दोनों पैर जख्मी हो गया है।फारबिसगंज अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज कर रहे चिकित्सक डॉ मनोज कुमार ने बताया कि दोनों गंभीर रूप से घायल है।प्राथमिक इलाज के बाद दोनों को समुचित इलाज को लेकर रेफर किया गया है।उन्होंने भी बम ब्लास्ट होने से घायल होने की बात कही।सूचना के बाद मौके पर फारबिसगंज एसडीपीओ खुशरू सिराज,थानाध्यक्ष आफताब अहमद, एसआई रौनक सिंह,अमर कुमार पुलिस बलों के साथ अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचे और घायल पीड़ित युवकों से घटना को लेकर जानकारी लेने के बाद मामले की तफ्तीश में जुट गए। मौके पर फारबिसगंज एसडीपीओ खुशरू सिराज ने कहा कि दो के घायल होने की सूचना मिली है।बेहतर इलाज के लिए घायल को रेफर किया गया है।मामले की जांच की जा रही है।कैसे झाड़ी तक संदिग्ध वस्तु पहुंचा।साथ ही उन्होंने कहा कि किस तरह का विस्फोटक है,उसका भी पता लगाया जा रहा है।पुलिस के कई बिंदुओं पर जांच करने की बात उन्होंने कही।

### बड़े धूमधाम से मनाया गया उर्स



**मोतिहारी, कफील एकबाल**। शहर के जानपुल स्थित पीरे तरीकत कुतबे मोतिहारी शाह खेताब अली तेगी मोजीबी रहमतुलाह अलैह का उर्ष बड़े ही धूम-धाम से मनाया गया। जिसकी सरतरती पीरे तरीकत शब्बीर अहमद तेगी मुजफ्फरपुर ने की। जिस सदारत हजरत मौलाना असरारूल हक तेगी खेताबी ने की। वही जलसे की कयादत अल्लामा व मौलाना हज़रत रेजाउल्लाह नकशबंदी ने की...जलसे की नेकबत कौशर रज़ा नूरी ने की...वही जलसे की हिमायत मासूम रजा मिस्बाही एवं जलसे में खुशुसी खेतबत हज़रत मौलाना मोहम्मद रज़ा अमजदी की हुई...वही शायरे इस्लाम दीवानये मखदूमे शिमना जनाब शोहराब रज़ा क़ादरी की बहुत ही बेहतरी शायरी हुई...वही अपने शायरी में कहा कि फलक पे जन्नत हुसैन की है, जमी पे काबा हुसैन का है...जिससे जलसे में सुनने आये लोगों ने नारे तकबीर व नारे रेसालत का पुरजोर नारा लगाये...वही अल्लामा व मौलाना हज़रत रेजाउल्लाह नकशबंदी ने पीरे तरीकत कुतबे मोतिहारी शाह खेताब अली तेगी मोजीबी रहमतुलाह अलैह के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ये मोतिहारी के कुतुब है...उनके जिंदगी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इनकी जिंदगी अपने जीवन मे उतारे, जिससे आपको अच्छी सिख मिलेगी...वही शायरे इस्लाम जमशेद साहिल बरेलवी, मौलाना अतिउल्लाह साहब, मौलाना अजहर शम्सी सहित सभी लोगो की नातखानी व तकरीर हुई।

श्रद्धांजलि मंडल मसीहा आरक्षण के जनक बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री श्रद्धेय बी पी मण्डल जी की जयंती

# वंचित व पिछड़े समाज के हक को उसी समाज के ताकतवर लोगों ने हड़प लिया : किशोर कुमार

**दैनिक शुभ भास्कर, सुभाष चंद्र झा, सहरसा**। मंडल मसीहा आरक्षण के जनक बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री श्रद्धेय बी पी मण्डल जी की जयंती पर शुक्रवार को बैजनाथपुर में आयोजित समारोह में नव निर्माण मंच के संस्थापक पूर्व विधायक किशोर कुमार शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।वही उनका स्मरण करते हुए कहा कि समाज के वंचितों एवं पिछड़ो को उनका उचित हक दिलाने में श्री बी.पी मंडल जी का अभूतपूर्व योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा। उन्होंने कहा कि बी.पी. मंडल की अध्यक्षता में लिखी गई रिपोर्ट के आधार पर केंद्र सरकार की नौकरियों में पिछड़े वर्गों को 27 परसेंट आरक्षण मिला। मंडल कमीशन की रिपोर्ट भारत में सामाजिक लोकतंत्र लाने और



52 फीसदी ओबीसी आबादी को राष्ट्र निर्माण में हिस्सेदार बनाने की आजादी के बाद की सबसे बड़ी पहल साबित हुई।जिससे इन वर्गों के लाखों लोगों को नौकरियां मिलीं और शिक्षा संस्थानों में दाखिला मिला। इससे पिछड़े वर्गों की भारतीय लोकतंत्र में आस्था मजबूत हुई और उनके अंदर ये भरोसा पैदा हुआ कि देश के संसाधनों और अवसरों में उनका भी हिस्सा है।उन्होंने कहा की समाजवाद के प्रखर नेता डॉ राममनोहर लोहिया का कहना था कि आरक्षण वंचित समाज को अवसर प्रदान करता है।जिससे समाज में समानता आ सके। लेकिन समाज के जिन वंचित लोगों को आरक्षण का लाभ मिलना चाहिए। आज तक नहीं मिला। वंचित समाज के कुछ समाज लोग जब ताकतवर हुए, तो उनके अंदर भी शोषक वाली प्रवृति आ गई और उन्होंने वंचित समाज का हक़ हड़प लिया। इस वजह से आज जाति और धर्म के हथियार से वे समाज को सिर्फ़ बंटना चाहता है। वैसे लोगों को गरीब वंचित पिछड़ा से कोई सरोकार नहीं है। आज रोजगार की मारामारी है,वो अभी जो बीपीएससी द्वारा आयोजित शिक्षक की परीक्षा के भीड़ को देखकर भय उत्पन्न होता है। गाँव से लेकर शीर्ष तक आकंठ भ्रष्टाचार में डूबा है।

# सरसों लदे ट्रक के हाई वोल्टेज तार के चपेट में आने से खलासी की मौके पर मौत

**फारबिसगंज**। फारबिसगंज प्रखंड क्षेत्र के पिपरा बैजनाथपुर वार्ड संख्या एक में सरसों लदे ट्रक के झूलते हुए हाई वोल्टेज बिजली तार के चपेट में आने से 19 वर्षीय ट्रक के खलासी की मौके ही मौत हो गई।जबकि मौके से ट्रक का चालक फरार हो गया।घटना की जानकारी मिलने के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच उग्र प्रदर्शन कर रहे हैं और बदहाल सड़क के साथ झूलते हुए हाई वोल्टेज बिजली तार के कारण आए दिन हो रहे हादसे को रोकने को लेकर सड़क और बिजली के तार को दुरुस्त करने की मांग कर रहे हैं।सूचना के बाद मौके पर पहुंची जोगबनी थाना पुलिस आक्रोशित उग्र हुए ग्रामीणों को समझाने बुझाने में जुटे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार,कुर्साकांटा के धत्ता चौक से फुलकाहा जा रहे सरसों से लदा ट्रक संख्या बीआर 01जीए - 2825 सड़क में बने गड्ढे और कीचड़ में फंस गया।जिसके बाद ड्राइवर ने खलासी को ऊपर



में लटकते हुए हाई वोल्टेज वाले बिजली तार को देखने के लिए ट्रक के ऊपर भेजा।जैसे ही खलासी ऊपर चढ़ा,वह हाई वोल्टेज बिजली तार के चपेट में आ गया और मौके पर ही मौत हो गई।मृत खलासी जोगबनी के अमौना वार्ड संख्या 21 का रहने वाला सरफराज पिता अली हसन है।घटना के बाद मौके से ट्रक चालक फरार हो गया।हादसे की जानकारी के बाद बड़ी संख्या में पीपरा,बैजनाथपुर सहित अमौना के ग्रामीण जमा हो गए।वहीं जोगबनी थाना से एसआई अभिषेक कुमार के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंची।पुलिस के पहुंचने के बाद स्थानीय ग्रामीण उग्र हो गए और गड्ढे में तब्दील सड़क के साथ झूलते हाई वोल्टेज बिजली तार को दुरुस्त करने की मांग को लेकर प्रदर्शन करने लगे।जोगबनी थाना पुलिस समेत पूर्व मुखिया दीपचंद साह ने उग्र हुए लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अररिया सदर अस्पताल भेजने की तैयारी में जुट गया।घटना देर शाम की है।

## ख़ास ख़बर

### भाजपा नेत्री ने सपरिवार सहित किया रूद्राभिषेक



**शुभ भास्कर संवाददाता बेतिया।** श्रावण मास के इस पावन महिने में मधुबनी ब्लॉक प्रमुख सह महिला मोर्चा भाजपा जिलाध्यक्ष पुलिस जिला बगहा विजया सिंह और भाजपा नेता विजय सिंह चंदेल ने वाल्मिकीनगर लोकसभा व विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मधुबनी प्रखंड स्थित रंगललही में देवाधिदेव महादेव की रुद्राभिषेक किया।उन्होंने रूद्रीपाठ के उच्चारण के बीच विधि-विधान के साथ रूद्राभिषेक किया, और क्षेत्र में सुख-शांति, समृद्धि की कामना की।उन्होंने कहा कि श्रावण मास में भगवान शिव की पूजा-अर्चना का विशेष महत्त्व है। विशेषकर सोमवार व शुक्रवार के दिन और महत्वपूर्ण होता है।

### एक विशेष छापामारी अभियान चलाया



**दैनिक शुभ भास्कर, जिला ब्यूरो चीफ, रूपेश मिश्रा।** पुलिस अधीक्षक महोदय कटिहार के निर्देश पर अवैध शराब के विरुद्ध सदर अनुमंडल क्षेत्र में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी महोदय सदर के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी अभियान चलाया गया था! इसी क्रम में दिनांक-24.08.23 को पुलिस निरीक्षक राघवेंद्र कुमार सिंह थानाध्यक्ष नगर थाना को प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर साकिन-रामपारा रोड मजार के पास से (01)टोटो(ई-रिक्शा) नं0-BR39ER 2045 के चालक मोहम्मद मुबारक उम्र-22वर्ष किताब मोहम्मद यूनुस साकिन-बैगना रामपारा थाना-नगर जिला-कटिहार को Haywards कंपनी का कुल-54केन बियर के साथ कुल-27लीटर विदेशी शराब,फॉर सेल इन वेस्ट बंगाल ऑनली के साथ गिरफ्तार किया गया है! कांड अंकित कर गिरफ्तार अभियुक्त को पूछताछ करते हुए जेल भेज दिया गया है! जबकि इस घटना में संलिप्त एक अन्य आरोपी सुबैद मंडल पिता स्वर्गीय छोटे लाल मंडल साकिन- बेगाना कोरियाटोली वार्ड नंबर-24 थाना-नगर जिला-कटिहार की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है! इस संदर्भ में नगर थाना कांड संख्या-629/23 दिनांक-24.08.23 धारा-30(a) बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम-2018 अंकित कर अनुसंधान किया जा रहा है। इस संदर्भ में बैकवर्ड लिंकेज एवं फारवर्ड लिंकेज कांड अनुसंधान कर स्थापित किया जा रहा है! छापामारी टीमः-S.I मुकेश कुमार, एएसआई इंद्रेश कुमार,टाइगर मोबाइल के जवान राजेश पंडित,मोहम्मद सद्दाम सभी नगर थाना कटिहार!

### कार्रवाईःमोबाइल चोर को लोहशीघणा थाना प्रभारी ने गिरफ्तार कर भेजा जेल





**संवाददाता / हज़ारीबाग सोहैल किरमानी।** हज़ारीबाग लोहशीघणा थाना अंतर्गत चोरी की मोबाइल के साथ पुलिस ने मोबाइल चोर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। लोहशीघणा थाना पुलिस ने शुक्रवार की दोपहर दो बजे चोरी की मोबाइल के साथ एक चोर को गिरफ्तार किया था। चतरा जिला के रंजीत कुमार वर्मा ने लोहशिंगना थाना में मोबाइल चोरी होने की शिकायत किया था। जिसे लोहशीघणा थाना में मामला दर्ज कर लिया। जिसको लेकर पुलिस लगातार छापामारी कर रही थी ।शुक्रवार को दोपहर 2:00 बजे क्षेत्र के मंडेय कला वार्ड नंबर 01/02 के निवासी इस्तखार अहमद उर्फ़ राजा पिता मोख्तार अहमद को चोरी के मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया कर लिया।जिसे पूछताछ के बाद शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### स्कूली विद्यार्थियों ने उपायुक्त को बंधा राखी



**संवाददाता/हज़ारीबाग सोहैल किरमानी।** कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को हजारीबाग स्थित नमन विद्या स्कूल के छात्र-छात्राओं ने उपायुक्त हजारीबाग श्रीमती नैन्सी सहाय को राखी बंधा कर मुँह मीठा किया। इस दौरान उपायुक्त ने उपस्थित छात्र/छात्राओं को रक्षा बंधन की शुभकामनाएं दी। इस दौरान उन्होंने ने कहा कि विद्यार्थी पढ़-लिखकर शिक्षा के क्षेत्र में उन्नति करे एवं सामाजिक बदलाव व विकास का सशक्त माध्यम बने। मौके पर उपस्थित प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी सुलोचना मीना तथा कार्यपालक दण्डाधिकारी अदिति गुप्ता को भी विद्यार्थियों ने राखी बांध कर मुँह मीठा किया।

# कटकमदाग मैदान पहुंचे भाजपा संगठन महामंत्री और प्रदेश महामंत्री



**हजारीबाग।** नमो फुटबॉल टूर्नामिंट-2023 कटकमदाग प्रखंड के पांचवें दिन शुक्रवार को भाजपा संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह और भाजपा प्रदेश महामंत्री सह हजारीबाग जिला संगठन प्रभारी बालमुकुंद सहाय और हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल कटकमदाग मैदान पहुंचे। यहां पहुंचने पर भाजपा संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह और भाजपा प्रदेश महामंत्री सह हजारीबाग जिला संगठन प्रभारी बालमुकुंद सहाय का स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने हजारीबाग- सिमरिया मार्ग पर गाजे- बाजे के साथ अभूतपूर्व स्वागत किया। सड़क से मैदान तक स्थानीय खिलाड़ियों और कला जत्था से जुड़े युवतियों की टोली ने पारंपरिक तरीके से आम्र- पत्र का मुकुट, माला पहनाकर, तिलक-चंदन लगाकर नारे- जयकारे बुलंद करते हुए मैदान में प्रवेश कराया और यहां से मंच तक पहुंचा। जहां नमो फुटबॉल टूर्नामिंट आयोजन समिति की ओर से सभी आगंतुक अतिथियों का फूल माला पहनाकर, पुष्पगुच्छ भेंटकर और अंग- वस्त्र ओढ़ाकर सम्मान व स्वागत किया गया। मौके पर विधायक मनीष जायसवाल ने स्वागत भाषण के दौरान संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह और प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय का हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र में स्वागत करते हुए नमो फुटबॉल टूर्नामिंट के आयोजन के उद्देश्य को रखा। विधायक मनीष जायसवाल ने बताया कि साल 2016 से कटकमदाग के इसी मैदान से शुरू हुआ यह नमो फुटबॉल टूर्नामिंट आज हजारीबाग के करीब 9 प्रखंडों में पहुंच चुका है और वर्तमान वर्ष इसके विस्तार की योजना भी बनी है। उन्होंने इसके आयोजन के लक्ष्य के बाबत बताया कि समाज में खेल भावना को जागृत करना और समाज के युवाओं को भटकने से बचकर उन्हें संगठित, संस्कारित और चरित्रवान बनाए रखना है । बीजेपी झारखंड प्रदेश के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने अपने संबोधन में विधायक मनीष जायसवाल के इस प्रयास की स्वतंत्र कंठ से प्रशंसा की और फुटबॉल खेल को भारत के प्राचीन काल से खेले जाने वाला खेल बताया। उन्होंने कहा की वर्तमान समय में जब युवा पीढ़ी मुख्य धारा से भटककर नशे के चपेट में आ रही है ऐसे समय में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाह्न पर किसी विधायक के द्वारा गांव गांव में खेलों के प्रति जागृति लाने की यह परंपरा सराहनीय है। उन्होंने प्रत्येक अभिभावक से आग्रह किया कि बच्चों को खेल और खेल के मैदान से जोड़ें वहीं खिलाड़ियों से आग्रह करते हुए कहा कि आप खेल के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर संपूर्ण दुनिया में अपने और अपने क्षेत्र के नाम का डंका बजा सकते हैं। बीजेपी झारखंड प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय ने कहा की वर्तमान झारखंड सरकार में खेल के अखाड़े समाप्त होकर गांव गांव भठियां संचालित हो रही है। ऐसे विपरीत समय और परिस्थिति में विधायक मनीष जायसवाल के द्वारा आयोजित नमो फुटबॉल टूर्नामिंट ग्रामीण क्षेत्रों में खेल के प्रति जागरण का कार्य कर रहा है ।उपस्थित लोगों को संबोधित करने के बाद



कर्मवीर सिंह और बालमुकुंद सहाय ने ढेंगुरा और चीची के बीच खेले जाने वाले मैच का किक मारकर और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर शुरुआत कराया। मंच संचालन कटकमदाग भाजपा मंडल अध्यक्ष कविंद्र यादव ने और धन्यवाद ज्ञापन विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार साहू ने किया। उल्लेखनीय है की कटकमदाग प्रखंड में विगत 20 अगस्त को नमो फुटबॉल टूर्नामिंट 2023 का आगाज हुआ जो आगामी 27 अगस्त को समाप्त होगा। इस दौरान अबतक करीब 32 मैच का आयोजन हो चुका है। इस टूर्नामिंट में कटकम दाग प्रखंड क्षेत्र की करीब 50 टीमों ने भाग लिया है जिसमें पुरुष टीमों के साथ महिला टीम में भी शामिल है । मौके पर विशेषरूप से हजारीबाग जिला क्रिकेट संघ के सचिव संजय सिंह, समाजसेवी अनूप अग्रवाल, कटकमदाग विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार साहू, मंडल प्रभारी के.पी.ओझा, कृषि एवं जन वितरण प्रणाली प्रतिनिधि इंद्रनारायण कुशवाहा, विनोद ओझा, कटकमदाग मंडल अध्यक्ष कविंद्र यादव, मंडल उपाध्यक्ष हुलास प्रसाद कुशवाहा, कमल कुमार साहू, उपप्रमुख विमल गुप्ता, कोषाध्यक्ष लखन गोप, किसान मोर्चा अध्यक्ष मिथिलेश यादव, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष मिथिलेश यादव, एससी मोर्चा अध्यक्ष उमेश पासवान, मंडल महामंत्री अरुण कुमार राणा, भाजयूमो जिला महामंत्री आशीष कुमार गुप्ता, कटकमदाग मुखिया प्रतिनिधि सह नमो फुटबॉल टूर्नामिंट अध्यक्ष सुनील गोप, खपरियावाँ मुखिया राजेश गुप्ता ,विनोद ओझा, धूप लाल यादव, सुरेंद्र गुप्ता, सुरेश साव,राजू साहू, धीरज राणा, नवल किशोर प्रसाद,दीपक पंडित,सिद्धार्थ कुमार,रोहन साव,सुनील कुमार, उषा रुंडा,सुधा देवी, कमला देवी,प्रीति देवी, विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।

## दादी जी का मुख्य स्लोगन था निमित्त, निर्माण और निर्मल वाणी





**मोतिहारी 25 अगस्त, अशोक वर्मा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की 38 वर्षों तक अंतरराष्ट्रीय हेड रही दादी प्रकाशमणि की 16वीं पुण्य स्मृति दिवस नगर के पतौरा बीके पाठशाला एवं बनिया पट्टी सेवा केंद्र पर बडे हीं श्रद्धा एवं आत्मिक भाव से मनाई गई ।दोनों सेवा केंद्रो पर योग भट्टी का आयोजन हुआ , दादी जी के निमित्त भोग लगाया गया । पतौरा लाला टोला केंद्र पर सुबह 4:00 बजे से योग भट्टी हुआ उसके बाद दैनिक मुरली क्लास चली फिर दादी जी के निमित्त भोग स्वीकार कराया गया ।उक्त अवसर पर पाठशाला के निमित्त बी के अशोक वर्मा ने दादी जी के सेवा और गुणो पर प्रकाश डाला।उन्होंने कहा कि दादी जी में निरंहकारिता का पाठ पक्का था। उन्होंने कभी भी नकारात्मक सोच नहीं रखा संगठन को एकता के सूत्र में पीरोकर रखा ।उन्हें सभी प्यार से मुन्नी मां कहते थे ।उनके सेवा काल में विदेश मे सेवा विस्तार हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित भाई बहनों ने दादी जी के चित्र पर पुष्प पर्पण किया और उनके आदर्श में चलने की प्रतिज्ञा की। 2:00 बजे दिन से नगर के हेनरी बाजार एवं बनिया पट्टी सेवा केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में बनिया पटटी के नये विशाल सेवाकेंद्र पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 4 घंटे तक चले कार्यक्रम में योग की गहन अनुभूति कराई गई उसके बाद दादी जी को भोग स्वीकार कराया गया। विचार सत्र मे दादी जी के जीवनी पर प्रकाश डाला गया।समारोह मे सेवा केंद्र के भाई-बहनों के अलावा काफी संख्या में अतिथि गण भी पधारे थे। दादी जी के चित्र पर सभी ने पुष्प अर्पण कर उनसे दृष्टि ली। दादी जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए सेवा केंद्र प्रभारी बीके विभा बहन ने कहा कि दादी जी में क्षमाशीलता ,दया और करुणा कूट- कूट कर भरी थी,उनमे योग की अपार शक्ति थी ।उनके पास दुआओं का भरपुर खजाना था। ब्रह्मा बाबा उन्हें कुमारका कहकर पुकारते थे। यज्ञ के अन्य भाई बहने मममा सम्मान उनको मुन्नी मां कहते थे। ।विशाल हृदय की थी दादी प्रकाशमणि जी। उनमे एक बल एक भरोसा था। 14 बरस की उम्र में बाबा की बोर्डिंग स्कूल में शिक्षिका के रूप में बच्चों को पढ़ाती थी।उन्हें विशेष वरदान प्राप्त था, वे ईश्वरीय शक्ति संपन्न थी। संपूर्णता को प्राप्त करते हुए 25 अगस्त 2007 में उन्होंने शरीर छोड़ा। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन संचालन बीके अशोक वर्मा ने किया । बीके अनिता बहन ने कहा कि दादी जी के मुख्य स्लोगन निमित्त, निर्माण और निर्मल वाणी पर विस्तार से प्रकाश डाला । बीके पूनम ने कहा कि दादी प्रकाश मणि जी के कार्यकाल में संस्था का विस्तार विश्व के कई देशों में हुआ। बाबा ने उन्हें सबसे पहले जापान में सेवा की जिममेदारी दी थी।वहां वे लगातार काफी दिनों तक रहकर उन्होंने सेवा की थी। बीके श्वेता बहन ने कहा कि उनके कार्यकाल में माउंट आबू के पांडव भवन में बड़े-बड़े भवनो का निर्माण हुआ जिसके कारण सेवा मे काफी विस्तार हुआ ।शांतिवन में डायमंड हॉल बना। संबोधन के दौरान कई भाई बहनों ने कहा कि दादी की सबसे बड़ी विशेषताएं थी कि वे बेहद की सेवाधारी थी । पूरे यज्ञ और सभी सेवा केदो को अपना समझती थी । योग का विशेष प्रतिकंपन देकर विश्व के सभी सेवा केंद्रो मेउन्होंने शक्ति भरी थी। उन्होंने भारत के ईश्वरीय ज्ञान को पूरे विश्व में फैलाया। 18 जनवरी 1969 मे अव्यक्त होते समय ब्रह्मा बाबा ने अपनी सारी शक्ति दादी प्रकाशमणि जी को दी ,कहा कि भारतीय नारी की संपूर्ण प्रतिमूर्ति थी दादी प्रकाशमणि जी।

### डेढ़ साल बाद भी क्वारेंटिन सेंटरों व कार्यालयों में लगे टेंट का भुगतान लंबित

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता नरकटियागंज।** कोरोनाकाल के समय क्षेत्र में क्वारेंटिन सेंटरों व कार्यालयों में टेंट हाउस का सामग्री देने वाले संचालकों का भुगतान डेढ़ साल बाद भी लंबित है। संचालक अपने भुगतान को लेकर कभी अंचल कार्यालय तो कभी जिला तक दौड़ लगा रहे हैं। लेकिन भुगतान की दिशा में अब तक कोई पहल नहीं हो सकी है। जिसको लेकर संचालकों ने जिला पदाधिकारी को आवेदन देकर भुगतान के दिशा में पहल करने की मांग की है। टेंट संचालक बबलू पांडेय, लवली सिंह,रमेश कुमार, मनोज साह, राज कपूर, आदि ने कहा कि कोरोनाकाल में तत्कालीन अंचलाधिकारी सतेन्द्र कुमार दत्त के आदेश पर क्वारेंटीन सेंटरों व कार्यालयों में लाइट, साउंड सिस्टम, जेनरेटर, टेबल समेत अन्य सामग्री लगाया गया था। कोरोना खत्म होने के बाद भी सामग्रियों का भुगतान नहीं किया गया। जिसके चलते करीब डेढ़ साल बाद भी आज तक भुगतान लंबित है।वही इस संदर्भ में सीओ राहुल कुमार ने बताया कि मेरे कार्यकाल से जुड़ा यह मामला नहीं है। इस संबंध में वरीय पदाधिकारी से मार्गदर्शन लिया जा रहा है उनके मार्गदर्शन के बाद भुगतान की दिशा में पहल की जाएगी।

### शराब के साथ दो यूवक गिरफ्तार, एक बाइक जप्त

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता नरकटियागंज।** शिकारपुर पुलिस ने शराब के साथ दो धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। पुलिस की इस कारवाई में एक बाइक भी जप्त की है। गिरफ्तार धंधेबाजो में नगर के प्रकाशनगर निवासी रंजीत कुमार व भिखना ठोरी निवासी राजीव कुमार के रूप मे हुई है। थानाध्यक्ष रामाश्रय यादव ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि 2 यूवक सहोदरा के तरफ से बाइक पे शराब लेकर नरकटियागंज के तरफ आ रहे है। सूचना के आलोक मे त्वरित कार्रवाई करते हुए सतवरिया चौक पे पुलिस द्वारा बाइक जांच करने के दौरान 50 लीटर चुलाई शराब के साथ दोनों को पकड़ा गया,साथ ही एक बीना नम्बर का बाइक जप्त किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार दोनों युवकों पर बिहार मधनिषेध उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेजा गया है।

### 21वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल गंडक बैराज वाल्मिकीनगर तथा ग्रामीण बच्चों के बीच फुटबॉल मैच का आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता वाल्मीकि नगर गंडक बैराज।** सशस्त्र सीमा बल गुरुवार की शाम कंपनी कमांडर प्रदीप कुमार मंडल 21वीं वाहिनी के नेतृत्व में फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। जिसमे यह मैच शाम 4:00 बजे से नदी घाटी योजना उच्च माध्य विद्यालय के प्रांगण में ग्रामीण बच्चों तथा एसएसबी 21 वी वाहिनी बी कंपनी के बीच खेला गया। जिसमें एसएसबी 21वीं वाहिनी ने फर्स्ट गोल किया तथा वही जवाब में ग्रामीण बच्चों ने भी अपना जलवा दिखाया और एक गोल दाग दिए उसके तुरंत बाद ग्रामीण बच्चों ने एक गोल किये तभी हमारे देश के जवानों ने भी अपना रंग दिखाया और समय के अंत में एक गोल दाग दिए। जिसके कारण फुटबॉल मैच 2 -2 से बराबर रहा।

### जाल के साथ एक शिकारी वाल्मीकि व्याघ्र परियोजना में गिरफ्तार,दो फरार



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बेतिया।** वाल्मीकि व्याघ्र परियोजना के वन प्रमंडल दो के वाल्मीकि नगर वन क्षेत्र स्थित एम कक्ष संख्या 27 से वनकर्मियों ने अपनी गश्ती के दौरान देर शाम गुरूवार को छापेमारी में लगभग 6 किलो शिकारी जाल के साथ एक शिकारी को गिरफ्तार किया है।वहीं अन्य दो शिकारी अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे।घटना की पुष्टि करते हुए कोतराहा वन परिसर के वनपाल सोनू कुमार ने बताया कि पकड़े गए शिकारी के साथ एक प्लास्टिक का जाल बरामद हुआ है। शिकारी वाल्मीकि नगर थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर थारू टोला गांव निवासी है, जिसका नाम बृजबंशी महतो, उम्र लगभग 40 वर्ष, पिता स्वर्गीय बिका महतो है। उन्होंने बताया कि फरार दो शिकारीयो की शिनाख़्त में वन विभाग जुट गई है। पकड़े गए और फरार शिकारियों के विरुद्ध वाइल्डलाइफ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। पकड़े गए शिकारी बृजबंशी महतो को न्यायिक हिरासत में बगहा भेज दिया गया है। बताया कि कार्रवाई टीम में वनरक्षी आजाद कुमार,वनरक्षी शशि रंजन कुमार, होमगार्ड के जवान एवं वनकर्मी शामिल रहे।

### उपायुक्त ने जनता दरबार में दो दर्जन से अधिक मामले आए



**संवाददाता/हजारीबाग सोहेल किरमानी।** उपायुक्त नैंसी सहाय ने शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। साप्ताहिक आयोजित होने वाले जनता दरबार में जिले वासियों की समस्याओं के निवारण के लिए उपायुक्त के समक्ष लगभग दो दर्जन से अधिक मामलो के आवेदन आए। जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के समस्याओं से निष्पादन की आस लिए आए नागरिकों के फरियाद को सुन उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को जांचोपरांत न्याय संगत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त वेश्म में आयोजित जनता दरबार में फरियादियों द्वारा आम गैर मजुरूआ रास्ता में जबरन मकान बनाने के संबंध में, एलपीसी निर्गत करने के संबंध में, पारिवारिक विवाद निपटारा के संबंध में, खतियानी जमीं हड़पने के संबंध में,भू रैयतों का मुआवजा भुगतान करने के संबंध में एवं इस दौरान रोजगार,मनरेगा,भूमि, म्यूटेशन,पेंशन,भूमिअधिग्रहण,आवास, राशन आदि समस्याओं से संबंधित आवेदन आए तथा उन आवेदनों को मार्क कर संबंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन के आदेश दिए।

**कार्यक्रम** सरकार की उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाने की कि गई अपील

## रामनगर के दोन क्षेत्र में जदयू के राज्यव्यापी अभियान के तहत ग्राम संसद सदभाव की बात कार्यक्रम संपन्न



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बगहा।** अनुमंडल अंतर्गत रामनगर प्रखंड के सुदूर ग्रामीण दोन क्षेत्र के बनकटवा एवं नौरगिया पंचयत के रघिया दोन तथा परसौनी पंचायत के बकवा गांव में ग्राम संसद संबाद के माध्यम से लोगो को मुख्यमंत्री के विकास कार्यो को जन जन तक पहुँचाने की अपील जदयू कार्यकर्ताओं से की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत अध्यक्ष विजय साह ने की। संचालन जदयू के प्रखंड अध्यक्ष संजय मिश्रा ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश से आयें विधान सभा प्रभारी राजेश तिवारी व सुरेंद्र बैठा रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथियों ने कहा कि बाबा साहेब डॉ बीआर अंबेडकर और जननायक कर्पूरी ठाकुर की सोच आगे बढाने की दिशा में लगातार सरकार प्रयास कर रही हैं। गरीबों, दलितों, अकलियतों व असहाय लोगों की विकास और स्वालंबन बनाने में अतिकल्याणकारी व महत्वाकांक्षी योजनाओं को सीएम ने संचालित किया है। जिससे सभी लोगों का समुचित विकास हो रहा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड अध्यक्ष संजय मिश्रा ने कहा कि समाज के कमजोर वर्ग के लोगों की समुचित विकास के लिए सुबे की सरकार कृतसंकल्पित है। उन्होंने सरकार की उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाने का आह्वान कार्यकर्ताओं से की। पंचायत अध्यक्ष विजय साह, जदयू के वरीय कार्यकर्ता रंजीत उराव, जीतेन्द्र उरांव , दीपक उरांव ने संयुक्त रुप से कहा कि बिहार के विकास पुरुष मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में 18 वर्षों के शासनकाल में राज्य का सर्वांगीण विकास हुआ है। सरकार ने न्याय के साथ ही विकसित राज्य प्रगतिशील राज्य, युवाओं को रोजगार के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने भाजपा व इसके सहयोगी दलों पर षडयंत्र के तहत धर्म का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया। इस अवसर पर जदयू कार्यकर्ता प्रतापचंद काजी, सत्येन्द्र पासवान, विधार्थी, मनोज उरांव, भीम काजी, आनंद शर्मा समेत दर्जनों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# 75 स्टेशनों से वीर शहीदों की मिट्टी लेकर अवध असम दिल्ली के लिए रवाना



**दैनिक शुभ भास्कर, जिला ब्यूरो चीफ, रूपेश मिश्रा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है कार्यक्रम के.ईस कड़ी में कटिहार में भी अमृत कलश यात्रा कार्यक्रम के दौरान कटिहार रेल मंडल के 75 रेलवे स्टेशनों से वीर सपुतो.की मिट्टी को अमृत कलश में भरकर कल अवध आसाम एक्सप्रेस ट्रेन से दिल्ली भेजा गया ! कटिहार जंक्शन पर रेल डिवीजन के डीआरएम के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में रेल कर्मी महिला पुरुष शामिल हुए! देशभक्ति की जज्बे से उत्प्रोत रेल कर्मियों ने बड़े ही उत्साहपूर्वक रेल मंडल के 75 स्टेशनों से ले गए वीर सपूतों के घर की मिट्टी को अमृत कलश में भरकर अवध आसाम एक्सप्रेस ट्रेन की बोगी में रखा गया! इस दौरान महिलाओं में गजब का उत्साह देखा जा रहा था! सभी एक स्वर में भारत माता की जय घोष करते हुए हाथ में कलश लिए हुए ट्रेन की बोगी की ओर बढ़ रहे थे !अवध आसाम एक्सप्रेस ट्रेन की एक बोगी को फूलों से सजाया गया था जिसमें अमृत कलश को रखा गया!

## खास ख़बर

### सालाना वार्षिक पूजा 27अगस्त को

**सैयदराजा (चंदौली)**। माँ काली माता की वार्षिक निकाली की पूजा 27 अगस्त दिन रविवार को सम्पन्न होगा। जिसमें डाकखाना गली स्थित शिव मंदिर से दर्शनियाँ बाबा का अखाड़ा उठकर पूरा नगर भ्रमण करते हुए स्टेशन रोड स्थित काली जी के मंदिर पर नगर के श्रद्धालुओं की उपस्थिति में नगर में सुख समृद्धि एवं शान्ति के लिए हवन पूजन करने के बाद प्रसाद का वितरण किया जायेगा। जिसकी जानकारी माँ काली पूजा समिति के अध्यक्ष दिलीप अग्रहरि ने दी।

### चोरी की बैटरी तमंचा कारतूस बरामद दो गिरफ्तार

**पीडीडीयू नगर(चंदौली)**। पुलिस अधीक्षक चन्दौली अनिल कुमार के निर्देशानुसार, प्रभारी निरीक्षक मुगलसराय दीन दयाल पाण्डेय के नेतृत्व में मुगलसराय पुलिस टीम द्वारा अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे चेकिंग अभियान के क्रम में थाना मुगलसराय पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर चन्धासी पावर हाउस के पास से 2 चोरों को चोरी की 10 मोटरसाइकिल की बैट्ररी के साथ गिरफ्तार किया जिसमे अंसारी निवासी वाजिद पुर पुराना बाजार भीटी थाना रामनगर जनपद वाराणसी,दुर्गेश वर्मा निवासी लेबर कालोनी रूपचंड़ी थाना जैतपुरा जनपद वाराणसी निवासी बताए जाते हैं जिनके पास से एक देशी तमंचा व एक जिन्दा कारतूस,03 रिंच बरामद हुआ। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया गया कि बैटरी शोरूम के शटर का ताला तोड़कर बैटरी व इन्वर्टर की चोरी किया था।जिनपर पुलिस संबंधित धारा लगाते हुए अग्रिम कार्रवाई करने में जुट गई।

### पैदल गश्त के साथ की जा रही चेकिंग

**पीडीडीयू नगर(चंदौली)**। पुलिस अधीक्षक चन्दौली अनिल कुमार के निर्देशन में चन्दौली जनपद में चाक चौबन्द सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था तथा बालिका/महिला सुरक्षा के दृष्टिगत जनपद के समस्त अधिकारी व प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष/चौकी प्रभारीगण द्वारा पर्याप्त पुलिस बल के साथ सतर्क दृष्टि बनाए रखते हुए सायंकाल पैदल गश्त किया जा रहा है,पैदल गश्त के दौरान प्रमुख मार्गो, चौराहों,बाजारों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों आदि पर संदिग्ध व्यक्ति,वस्तु व वाहनों की गहनता से चेकिंग की जा रही तथा इस दौरान आमजन को आश्वस्त कराया जा रहा है कि चन्दौली पुलिस शांति,सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कटिबद्ध है।

### बेटियों को मुख्यमंत्री ने दिया नियुक्ति पत्र



**चहनियां**। चंदौली चहनियां खण्डवारी देवी इंटर कालेज की छात्राये कुश्ती में राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय मेडल प्राप्त कर पुलिस में भर्ती हुई है । जिन्हें मुख्यमंत्री ने नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया है । शुक्रवार को खण्डवारी देवी इंटर कालेज में मां खण्डवारी ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के संस्थापक चैयरमैन ने मिष्ठान खिलाकर सम्मानीत किया । वही दोनो बेटियों को प्रोत्साहन राशि देकर आशीर्वाद दिया । वाराणसी की रहने वाली मानसी यादव पुत्री महेंद्र यादव व महुअर कला गांव की रहने वाली साधना यादव पुत्री झम्मन यादव दोनो की पढ़ाई चहनियां स्थित खण्डवारी देवी इंटर कालेज से हुई है । दोनो कालेज के तरफ से कुश्ती में राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय चैम्पियन भी है । मानसी यादव चाइना में अंतराष्ट्रीय स्तर पर खेल चुकी है । इसका ट्रेनिंग बुल्गारिया में होगी । साधना ने भी राष्ट्रीय स्तर पर मेडल पा चुकी हैं । राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्तर पर कुश्ती में चैम्पियन दोनो बेटियों को लखनऊ में 23 अगस्त को मुख्यमंत्री ने नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया था । शुक्रवार को गुरुजनों का आशीर्वाद लेने पहुँची दोनो बेटियों को मां खण्डवारी ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के संस्थापक चैयरमैन डा0 राजेन्द्र प्रताप सिंह ने मिठाई खिलाकर व प्रोत्साहन राशि देकर साधुवाद दिया । कहा कि इन्होंने कालेज,परिवार,गांव व जनपद का नाम रौशन किया है । यह गौरव की बात है । इस दौरान प्रधानाचार्य डॉ0 आशुतोष कुमार सिंह,सचिदानन्द सिंह, सुशील पाण्डेय,शिवकुमार सिंह आदि बिद्यालय परिवार के लोग उपस्थित थे ।

### अखिल भारतीय मधेशिया वैसे समाज चंदौली के तत्वाधान में नगर का गठन किया गया



**चंदौली**। अखिल भारतीय मधेशिया वैश्य समाज जनपद चंदौली के तत्वाधान में चंदौली नगर का गठन किया गया तथा जिला पदाधिकारी का विस्तार जिसमें चंदौली नगर का अध्यक्ष पद पर रामप्यारे गुप्ता जी उपाध्यक्ष पद पर सुरेश गुप्ता महामंत्री पद पर विक्की गुप्ता संगठन मंत्री छोटेलाल गुप्ता कोषाध्यक्ष राजू गुप्ता नगर संरक्षण के पद पर बाबूलाल गुप्ता दिनेश मद्धेशिया गोविंद प्रसाद तथा जिला सचिव के पद पर राजेश गुप्ता को सर्व सहमति से चुना गया समाज के लोगों ने बड़े हष के साथ मनाए गए पदाधिकारी का फूल मालाओं से स्वागत किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित जिला उपाध्यक्ष गणेश सर जिला सचिव जगदीश प्रसाद गुप्ता कृष्ण गुप्ता जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय मद्धेशिया वैश्य जनपद चंदौली के आदि लोग मौजूद रहे

# एआरटीओ राम सिंह ने प्राइवेट वाहनों पर चला अभियान, 80 वाहनों का हुआ चालान




**चंदौली** । जिले में भदोही के सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी राम सिंह को चंदौली जिले के सहायक संभागीय परिवहन प्रवर्तन अधिकारी के पद पर अटैच किया गया है । कार्यभार ग्रहण करते ही संभागीय परिवहन अधिकारी द्वारा जनपद के परिवहन को सुचार रूप से संचालित करने के लिए कई अभियान चलाए जा रहे हैं। जिसके अंतर्गत तीन दिवसी प्राइवेट वाहनों को कमर्शियल में प्रयोग करने वाले वाहन स्वामियों के खिलाफ कार्यवाही शुरू कर दी गई है ।जिसमें 80 गाड़ियों का चालान तथा 15 गाड़ियों को सीज करने के साथ ही साथ 12 लाख की राजस्व की भी वसूली की गई है। वही इस आभियान से वाहन मालिकों हलचल मची हुई है बता दें कि चंदौली जिले में सहायक संभागीय परिवहन विभाग में अधिकारियों के न होने के कारण भदोही के सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी राम सिंह को विभागीय कार्यवाहियों को पूर्ण करने के लिए अटैक किया गया है क्योंकि शासन द्वारा तैनात किए गए सर्वेश कुमार गौतम पद ग्रहण न करने के कारण विभागीय कार्य प्रभावित हो रहे थे तो उसको देखते हुए भदोही के सहायक संभागी परिवहन अधिकारी राम सिंह ने चार्ज लेने के बाद जैसा नाम वैसा कार्य करने का काम शुरू कर दिया गया। एआरटीओ राम सिंह द्वारा सबसे पहले तो परिवहन विभाग को दुरुस्त करने के साथ ही साथ सड़क पर प्राइवेट वाहन कमर्शियल में प्रयोग किए जाने के खिलाफ अभियान शुरू किया गया है ।जिसमें यह तीन दिवसीय अभियान संचालित होगा अब तक एआरटीओ विभाग के माध्यम से लाभाग 80 गाड़ियों का चालान तथा 15 गाड़ियों को सीज करने के साथ ही साथ 12 लाख की राजस्व वसूली का कार्य किया गया है।जिससे प्राइवेट गाड़ी मालिकों में हलचल सी मची हुई है । इस संबंध में एआरटीओ राम सिंह ने बताया कि जिले में कमर्शियल गाड़ी के रूप में प्राइवेट गाड़ियों का जो संचालन किया जा रहा है उन गाड़ियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है और ऐसे गाड़ियों को चिन्हित कर उन्हें पर कार्यवाही की जा रही है।जिसमें मेरे द्वारा व पी टी ओ के माध्यम से लगभग 80 गाड़ियों का चालान तथा 12 गाड़ियों को सीज करने की कार्यवाही की गई है ।

### नारायनपुर पंप कैनाल से निकली रजवाहा 45 वर्षीय अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई




**अलीनगर चंदौली** । क्षेत्र के वार्ड नंबर 3 के पास नारायनपुर पंप कैनाल से निकली रजवाहा में शुक्रवार को 45 वर्षीय अज्ञात युवक का उतराया हुआ शव देख स्थानी लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान करने में जुटी है अलीनगर थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 3 नई बस्ती के पास नारायनपुर पंप कैनाल से निकली रजवाहा में 45 वर्षीय अज्ञात युवक का शव शुक्रवार को उतराया हुआ था यह देख स्थानी लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने सबको कब्जे में लेकर आसपास के लोगों से पहचान करने का प्रयास किया इस दौरान काफी भीड़ एकत्रित हो गई थी पहचान नहीं होने पर मचरी में रखवा दिया इस संबंध में पूछे जाने पर थाना अध्यक्ष शेषधर ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है ।

### चंदौली ग्राम चौपाल के क्रम में 2 ग्राम सभा में चौपाल का आयोजन



**सकलडीहा, चंदौली**। सरकार ग्रामीणों को एक ही छत के नीचे कई प्रकार की सुविधा उपलब्ध करना चाहती है। इसी क्रम में चलो चंदौली ग्राम चौपाल के क्रम में ड्योढ़ील ग्राम सभा के पंचायत भवन व बरडीहा ग्राम सभा में खंड विकास अधिकारी की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जहां इस कार्यक्रम के प्रारंभ में मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पण के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम शुभारंभ किया गया। वही कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह के साथ एडीपीआरओ बजरंगी पांडेय द्वारा ग्रामीणों को सरकार द्वारा दी जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई गई। वही इस चौपाल में लगाए गए स्वास्थ्य विभाग, राष्ट्रीय आजीविका मिशन, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के साथ अन्य चौपाल का खंड विकास अधिकारी व एडीपीआरओ द्वारा निरीक्षण किया गया। अपने संबोधन में एडीपीआरो बजरंगी पांडेय ने बताया कि सरकार द्वारा गरीब असहाय लोगों को आवास जैसी योजनाओं का लाभ दिया जाता है। वहीं अगर इन आवास को सुनिश्चित ढंग से नहीं बनाया जाए तो यह कहीं से भी सुंदर देखने को नहीं प्राप्त होंगे। ठीक वैसे ही जैसे हम और आप अगर अच्छे ढंग के वस्त्र न धारण करें और फटे पुराने कपड़े पहने तो कहीं से भी सुंदरता नहीं नजर आएगी।

# सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने बाइक चोर को किया गिरफ्तार

**पीडीडीयू नगर(चंदौली)** । पुलिस अधीक्षक जनपद चन्दौली अनिल कुमार के निर्देशानुसार प्रभारी निरीक्षक मुगलसराय दीन दयाल पाण्डेय के नेतृत्व में मुगलसराय पुलिस टीम द्वारा अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे चेकिंग अभियान के क्रम में थाना मुगलसराय पुलिस को मुखबीर द्वारा सूचना मिली कि दांडी के पास से मोटरसाइकिल चोरी करने वाला चोर जिसकी फुटेज सीसीटीवी में भी रिकार्ड हुई थी वह चंधासी मंडी के पास है।उक्त सूचना पर थाना मुगलसराय पुलिस टीम द्वारा चन्धासी के पास से उसे गिरफ्तार किया गया जिसका नाम जयप्रकाश गौड़ उर्फ मक्खन निवासी ग्राम नींबूपुर थाना अलीनगर जनपद चंदौली बताया जाता है।जिसके पास से बाईक चोरी कर बेचे गए 2000/-रुपया बरामद हुए। जिस पर पुलिस संबंधित धारा लगाते हुए अग्रिम कार्रवाई करने में जुट गई।





### डाकघरों से देश के साथ-साथ विदेशों में भी भाईयों के लिए बहनें भेज रही राखियाँ



**वाराणसी** । विदेशों में भी राखी का क्रेज : डाकघरों द्वारा अमेरिका, ब्रिटेन, सिंगापुर, खाड़ी देशों सहित तमाम देशों में भेजी जा रही राखियाँ । रेशम के धागों ने सोशल मीडिया पर चल रही वर्चुअल राखियों को बौना साबित कर दिया है। वाट्सएप, फेसबुक, स्काइप, टेलीग्राम जैसे बड़े सोशल प्लेटफॉर्म को छोडकर बहनें, भाईयों की कलाइयाँ सजाने के लिए डाक से रंग-बिरंगी राखियाँ भेजना पसंद कर रही हैं । डाक विभाग भी इसके लिए मुस्तैद है और तमाम तैयारियाँ किए हुये है। वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि वाराणसी परिक्षेत्र से अब तक 75 हजार से ज्यादा राखियाँ विभिन्न डाकघरों से देश-विदेश में भेजी गईं। रक्षाबंधन के दिन भी डाक वितरण के विशेष प्रबंध किए गए हैं, ताकि किसी भाई की कलाई सूनी न रहे। राखी का क्रेज देश से बाहर विदेशों में भी खूब है। पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि वाराणसी से विदेशों के लिए भी स्पीड पोस्ट और रजिस्टर्ड डाक द्वारा राखियाँ भेजी जा रही हैं। लगभग 800 राखियाँ वाराणसी के डाकघरों द्वारा विदेशों के लिए बुक की गईं। इनमें ज्यादातर राखियाँ संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्रिटेन, सिंगापुर, संयुक्त अरब अमीरात, जर्मनी, सऊदी अरब, फ्रांस, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, कनाडा, ओमान इत्यादि देशों में भेजी गई हैं। वहीं विदेशों में रह रही बहनें भी वाराणसी में अपने भाईयों को राखी भेज रही हैं, जो डाक विभाग के माध्यम से तुरंत वितरित हो रही हैं। विदेशों में राखियाँ भेजने के लिए बहनें पहले से ही तैयारी करने लगती हैं, ताकि सही समय पर भाईयों को राखी पहुँच जाये और उनकी कलाई सूनी न रहे। पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि डाक विभाग ने राखी डाक की बुकिंग के साथ-साथ स्पेशल सॉर्टिंग और इनके त्वरित वितरण हेतु डाकघरों से लेकर रेलवे मेल सर्विस और नेशनल सॉर्टिंग हब तक में विशेष प्रबंध किये गए हैं। चिट्ठियों के माध्यम से खुशियां बिखेरते रहने वाले डाक विभाग ने रिश्तों के इस त्यौहार को भी एक नया आयाम दिया है।

### रेलवे द्वारा व दलित बस्ती को उजड़ने के लिए नोटिस दिए जाने से लोगों में हड़कंप मच गया



**सकलडीहा चंदौली** । क्षेत्र के संरेसर गांव में लगभग 5 दशक से भूमिहीन गरीब परिवार जोगी झोपड़ी लगातार निवास कर रहा है लेकिन पिछले दोनों रेलवे द्वारा दलित बस्ती को उजड़ने के लिए नोटिस थमा दिए जाने से बस्ती के लोगों में हड़कंप मच गया है इसकी जानकारी होते ही सकलडिया विधायक प्रभु नारायण यादव ने बस्ती में पहुंचकर लोगों को ढांढस बंधाया आश्वासन दिया कि समाजवादी पार्टी आपके साथ खड़ी है किसी को बेघर नहीं होने दिया जाएगा गांव में डोम व दलित बस्ती में लगभग 5 दशक से 300 की आबादी यहां निवास करती है इसमें डोम दलित कहार तेली आदि जाति के लोग रहते हैं यह सभी परिवार भूमिहीन होने की वजह से लंबे समय से यहां झुग्गी झोपड़ी लगातार निवास करता चला आ रहा है यहां तक की लगभग 200 गांव के वोटर भी है लेकिन अचानक रेलवे द्वारा सभी परिवार को एक सप्ताह के अंदर घर खाली करने का नोटिस थमा दिया गया है इसकी जानकारी होते ही बस्ती के लोगों में हड़ताल मच गया इसको लेकर सकलडिया विधायक पद्दू नारायण यादव ने शुक्रवार को बस्ती में पहुंचकर पीड़ित परिवारों को आश्वासन दिया कि समाजवादी पार्टी आप सभी लोगों के साथ खड़ी है एक परिवार भी परिवार को बेघर नहीं होने दिया जाएगा अगर कोई बस्ती को उजाड़ने का प्रयास करता है तो इसका मुंह तोड़ जवाब आप लोगों के साथ हम लोग खड़े होकर देने का काम करेंगे बेदखली का नोटिश इन गरीब भूमि परिवारों के लिए अत्याचार है वैसे भी भाजपा शासन काल में गरीबों को उजाड़ कर अमीरों के महल बनाए जा रहे हैं इस मौके पर किसान नेता केदार यादव पूर्व प्रधान रामविलास यादव जिला सचिव अरविंद यादव बबलू प्रधान प्रतिनिधि भानु प्रकाश यादव राजेंद्र पाल शीतल यादव उदय भान सिंह पिंटू रवि यादव आदि लोग मौजूद रहे

स्कूल | लीडिंग फायर मैन अधिकारी रैथा फायर ब्रिगेड हरेराम यादव द्वारा बताए गए

# अग्नि शमन अधिकारी ने छात्रों को बताए उपाय

**संवाद सूत्र कमालपुर चंदौली** । पुलिस मुख्यालय लखनऊ फायर सर्विस के आला अधिकारी के दिशा निर्देश पर धीना थाना के प्राथमिक विद्यालय रामरूपदासपुर एव गायत्री शिक्षण सस्थान एवती ,एस डी पब्लिक स्कूल जनौली,स्वामी अड़गड़ानंद जी महाराज इंटर कालेज बरहन में छात्रों को आग से बचाव के उपायको लीडिंग फायर मैन अधिकारी रैथा फायर ब्रिगेड हरेराम यादव द्वारा बताए गए। उन्होंने कहा की यह कार्यक्रम कई दिनों तक स्कूल एव बड़े होटलों सहित अन्य जगहों पर लोगो को आग से बचाव के उपाय बताया जाएगा।जिससे लोग जागरूक होकर आग से सुरक्षित हो जाये।इस अवसर पर रामनगीना ,जगमेंद्र यादव ,सत्यदेव ,गोपाल सिंह ,अजय खरवार सहित अन्य उपस्थित रहे।





# अधिवक्ताओं ने दिया हड़ताल में स्टांप वेंडर्स को समर्थन



**सकलडीहा,चंदौली**। हड़ताल रत स्टांप वेंडर्स को सकलडीहा बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने अपना समर्थन दिया। आपको बताने चले की अपने विभिन्न मांगों को लेकर उत्तर प्रदेश के 25 हजार स्टाम्प वेंडर्स शुक्रवार उत्तर प्रदेश के विभिन्न तहसीलों में पूरे दिन हड़ताल पर रहे। वही स्टाम्प वेंडर्स की निम्न मांग में कमीशन को लेकर तथा स्टांप चोरी ,साथ ही सभी वेंडर्स का आईडी कार्ड जल्द जारी हो। ऐसी निम्न मागों को लेकर किए गए आह्वाहन को देखते हुए जनपद चंदौली के समस्त स्टांप वेंडर्स ने हड़ताल पर रहे। इससे जनपद के तहसील सकलडीहा,पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर, चकिया, चंदौली सदर, नौगढ़ तहसील के स्टाम्प वेंडर्स हड़ताल पर रहें। जिससे वादकारियों के साथ रजिस्ट्री कारियो को परेशानियों का सामना करना पड़ा। स्टांप वेंडर्स ने कम कमीशन की मांग के बारे में पूर्व में ही मंत्री रविंद्र जायसवाल से चर्चा की है। इस दौरान तहसील सकलडीहा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक मिश्रा व महामंत्री रामअवध यादव एवं समस्त अधिवक्तागणो ने पूर्ण रूप से समर्थन दिया। इस मौके पर नीरज सेठ ,रविन्द्रनाथ,श्यामसुन्दर,जयप्रकाश, उमेश चौरसिया, राजकुमार यादव रामकरन,पप्पू के साथ समस्त स्टाम्प वेंडर मौजूद रहे।

मुद्रक स्वामी प्रकाशक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा शुभ लाभ प्रिंटर्स मावली उदयपुर स्थानीय संपादक मो0 शरफे आलम बिहार, झारखण्ड मो0- 7764978689 - 8804707324

सह संपादक : उमेश कुमार, 96259 58256 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UP HIN/ 2015/64737, पी आरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।